स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार
3 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 281 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

आलोचनाओं के बाद बीसीसीआई का बड़ा फैसला अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में आकीब नबी को किया शामिल



मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में किया 278 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

## यूपी से माफिया व मच्छर खत्म : योगी

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 278 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने तमकुही राज और पावा नगर की पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह उनका पहला दौरा है। यह स्थान भगवान राम

- सीएम बोले पहले जंगल पार्टी का आतंक था

के पुत्र कुश से जुड़ा हुआ है। यह भूमि भगवान बुद्ध और भगवान महावीर से भी संबंधित है। कुशीनगर ऐसी समृद्ध और गौरवशाली विरासत का साक्षी है।

मुख्यमंत्री ने नौ-दस साल पहले की स्थितियों को याद किया। उन्होंने बताया कि तब पहचान का संकट और बीमारी का संकट था। हर तरह के माफियाओं, जैसे रेत माफिया और खनन माफिया, का आतंक था। जंगल पार्टी का भी



खौफ फैला हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ-दस साल पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी। जंगल पार्टी के आतंक से लोग भयभीत रहते थे। उस समय अराजकता और कानूनहीनता का माहौल था। आज की पीढ़ी, खासकर 25 साल से कम उम्र के लोग, शायद उस डर को नहीं जानते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने माफिया को उत्तर प्रदेश से समाप्त किया है और मच्छरों को भी समाप्त किया है। मच्छर बीमारियां लाते हैं और माफिया बेरोजगारी लाते हैं। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करके आज उत्तर प्रदेश में जब कोई नौकरी निकलती है तो उसमें हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हैं।

### फाजिल नगर अब होगा पावागढ़

सीएम योगी ने इस दौरान बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि फाजिल नगर का नाम अब पावागढ़ होगा।

## केंद्र ने बदले अप्रवासन और विदेशी नागरिक संबंधी नियम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अप्रवासन और विदेशी नागरिक संबंधी नियमों (इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स रूल्स, 2025) में संशोधन करते हुए विदेशी नागरिकों के पंजीकरण संबंधी नियमों में बदलाव किया है। नए प्रावधान के तहत 180 दिन या उससे कम अवधि के वीजा पर भारत आने वाले विदेशी नागरिकों को, अगर वे वीजा अवधि से अधिक समय तक भारत में रहना चाहते हैं, तो 180 दिन की समयसीमा खत्म

- समयसीमा खत्म होने से पहले अनिवार्य होगा पंजीकरण

होने से पहले अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। गृह मंत्रालय की ओर से सोमवार को अधिसूचित किए गए इस संशोधन ने पहले के उस प्रावधान की जगह ली है, जिसके तहत भारत आने के 180 दिन पूरे होने के बाद विदेशी नागरिक समयसीमा खत्म होने के बाद 14 दिनों के भीतर पंजीकरण करा सकते थे। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, नियम 12 में संशोधन करते हुए भारत आगमन के 180 दिन पूरे होने के 14 दिनों के भीतर शब्दों के स्थान पर 180 दिनों की अवधि समाप्त होने से पहले किसी भी समय शब्द जोड़े गए हैं।

नए नियमों में साफ किया गया है कि ऐसे मामलों में पंजीकरण केवल आपात परिस्थितियों में ही मंजूर किया जाएगा। संशोधित नियमों में उन बच्चों को भी आंशिक राहत दी गई है जिनके माता-पिता में से एक या दोनों



विदेशी नागरिक हैं। पहले के नियमों के अनुसार, ऐसे बच्चे के जन्म पर माता-पिता को वीजा सेवाओं, नए वीजा या एग्जिट परमिट जैसी सुविधाओं के लिए 30 दिनों के भीतर ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण अधिकारी को सूचना देनी होती थी। नई अधिसूचना के मुताबिक, अगर माता-पिता में से एक भारतीय नागरिक है और वह बच्चे की भारतीय नागरिकता बनाए रखना चाहता है, तो यह प्रावधान लागू नहीं होगा। हालांकि, अगर बच्चा बाद में भारत में रहते हुए किसी विदेशी देश की नागरिकता प्राप्त कर लेता है, तो माता-पिता में से किसी एक को बच्चे द्वारा विदेशी नागरिकता हासिल करने के 30 दिनों के भीतर इसकी सूचना पंजीकरण अधिकारी को देनी होगी।

## सूरत : दो बसों की टक्कर में सात से अधिक की मौत, कई घालय

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में नेशनल हाईवे 53 पर मंगलवार को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसों में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब एक बेकाबू बस पानी के टैंकर से टकराकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में आ गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकराकर पलट गई। पलटने के बाद बस में आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 7 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। घायल लोगों को बारडोली के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सूरत (ग्रामीण) के इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) प्रेम वीर सिंह ने बताया कि दुर्घटना सूरत जिले के बारडोली तालुका के उवा गांव के पास नेशनल हाईवे 53 पर हुई। दुर्घटना तब हुई जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की एक यात्री बस ने पीछे से एक पानी के टैंकर में टक्कर मार दी। बताया जाता है कि बस के ड्राइवर ने स्टियरिंग से कंट्रोल खो दिया जिससे उसने टैंकर को टक्कर मार दी। अधिकारी ने आगे बताया कि टैंकर में टक्कर मारने के बाद बस डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई। टैंकर में टक्कर मारने के बाद बेकाबू बस लेन पार करते हुए विपरीत दिशा से आ रही महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दूसरी बस से बिल्कुल आमने-सामने टकरा गई।

## ईरान ने रोकी अमेरिका से सीजफायर वार्ता

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता फिलहाल रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते,

- होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की तैयारी
- लेबनान पर हमलों के विरोध में फैसला

तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है। ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से



इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं। इनमें लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में स्थित बाब अल-मंदेब स्ट्रेट भी शामिल है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही आसान बनाए रखने के लिए तैयार है। जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के साथ फोन पर बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान चाहता है कि जहाज बिना किसी परेशानी के अपने रास्ते से गुजर सकें। पजशकियान ने कहा कि मौजूदा दिक्कतों की बड़ी वजह अमेरिका की तरफ से ईरान पर लगाए गए प्रतिबंध हैं। ईरान कोशिश करेगा कि जापान के जहाज आसानी से और सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकें। ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही बातचीत रोक दी है। इसके बाद दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 6 प्रतिशत बढ़कर 97 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वहीं अमेरिकी कच्चा तेल (डब्ल्यूटीआई) लगभग 7.5 प्रतिशत बढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।

दरअसल, बाजार को उम्मीद थी कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो सकता है, जिससे क्षेत्र में तनाव कम होगा। लेकिन बातचीत रुकने की खबर के बाद यह उम्मीद कमजोर पड़ गई। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि कुवैत में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर दागी गई दो ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। सेना ने कहा कि दोनों मिसाइलों को तुरंत इंटरसेप्ट कर लिया गया। इस घटना में किसी भी अमेरिकी सैनिक को नुकसान नहीं पहुंचा। इस बीच ईरान ने अपने रुख का बचाव किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान को उन क्षेत्रीय सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई का अधिकार।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने रंगदारी वसूली और स्थानीय लोगों को धमकाने के आरोप में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन पीएलए के दो कैडरों को सोमवार को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान 49 वर्षीय मैबम अरुण सिंह और 30 वर्षीय थांगजाम सुरंकुमार सिंह के रूप में हुई है। इसके अलावा, केवाईकेएल के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के एक कार्यालय परिसर से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 38 वर्षीय ब्रमाचारिमायुम सना शर्मा उर्फ इबुंगो उर्फ मनिसाना के रूप में हुई है।

## भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात कर अन्नामलाई ने सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत की सियासत एक बार फिर सुर्खियों में है। तमिलनाडु में चुनाव के बाद टीवीके प्रमुख विजय के नेतृत्व में

- अमित शाह से की मुलाकात

नई सरकार बन चुकी है। इसी बीच तमिलनाडु भाजपा के बड़े नेता के अन्नामलाई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा देने के बाद



अन्नामलाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें अपनी बातों से अवगत कराया। राजनीतिक गलियारों में अन्नामलाई के इस्तीफे को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही थी। पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई और पार्टी के बीच कुछ मनभेद की खबरें भी सामने आ रही थीं। सूत्रों के मुताबिक, अन्नामलाई अगले हफ्ते से अपने एक नए राजनीतिक सफर की शुरुआत कर सकते हैं। वे जब चेन्नई से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, तभी से यह तय माना जा रहा था कि वे अपना इस्तीफा साथ लेकर जा रहे हैं।

## सीबीएसई में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल लोखंडे प्रशांत सीताराम नए चेयरमैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। इन अधिकारियों के स्थान पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम सीबीएसई के नए प्रमुख नियुक्त किया गया है। वहीं, सीनियर ब्यूरोक्रैट वरुण भारद्वाज सीबीएसई के नए सचिव होंगे। गृह मंत्रालय के गृह विभाग के तहत अतिरिक्त सचिव के रूप में सेवा दे रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम अब सीबीएसई की कमान संभालेंगे। वहीं, राहुल सिंह को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इस निर्णय को मंजूरी दी है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक वरुण भारद्वाज को सीबीएसई के सचिव (निदेशक स्तर) के पद पर नियुक्त किया गया है।

## सीबीएसई साइट पर बड़ा साइबर हमला

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार

- दो मिनट में आए 15 लाख हिट

कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे।

**2 मिनट में 15 लाख हिट, अनधिकृत एक्सेस की भी कोशिश**

बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए। इसके अलावा 1 लाख से अधिक बार अनधिकृत फाइल एक्सेस करने की कोशिश भी की गई। सीबीएसई ने कहा कि उसकी तकनीकी टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ताकि छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो। सीबीएसई ने बताया कि छात्रों से मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर पोर्टल में कुछ सुधार भी किए गए हैं। इसमें सत्र की समय सीमा बढ़ाना भी शामिल है ताकि छात्र बिना किसी जल्दबाजी के आसानी से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। बोर्ड का कहना है कि प्लेटफॉर्म को अधिक सुविधाजनक और सुचारु बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

## मुंबई : डिब्बावालों का वजूद संकट में

**मुंबई।** जब मुंबई पूरी तरह जागी भी नहीं होती, सफेद टोपी और कुर्ते में कुछ लोग साइकिलों पर ऊंचे-ऊंचे टिफिन के ढेर लेकर रेलवे स्टेशनों पर पहुंच जाते हैं। ट्रेन में चढ़ते हैं, शहर पार करते हैं और फिर पैदल या साइकिल से घर का बना गरम खाना दफ्तरों तक पहुंचाते हैं। ये हैं मुंबई के डिब्बावाले- एक ऐसी व्यवस्था,

- हार्वर्ड ने कभी लॉजिस्टिक्स का मास्टरक्लास बताया था
- प्रिंस चार्ल्स खुद देखने आए थे

जिसे हार्वर्ड बिजनेस स्कूल ने कम लागत के लॉजिस्टिक्स का मास्टरक्लास बताया और जिसे देखने 2003 में तत्कालीन प्रिंस चार्ल्स खुद मुंबई आए थे। लेकिन आज यही डिब्बावाले वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। डिब्बावाला व्यवस्था की शुरुआत 19वीं सदी के आखिर में हुई, जब ब्रिटिश राज के दौरान बॉम्बे (अब मुंबई) तेजी से फैल रहा था। दफ्तर जाने वाले लोगों को घर का खाना चाहिए था।



बीबीसी वर्ल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 1890 में महादेव बाचचे ने 100 कामगारों के साथ इसे व्यवस्थित रूप दिया। धीरे-धीरे यह व्यवस्था इतनी सटीक हो गई कि बिना किसी एप या जीपीएस के रोज हजारों टिफिन सही पते पर पहुंचने लगे। अपने चरम पर 4,500 डिब्बावाले रोज 50,000 से ज्यादा टिफिन पहुंचाते थे। फिर कोरोना आया और सब बदल गया। दफ्तर बंद हुए, वर्क फ्रॉम होम शुरू हुआ और टिफिन की जरूरत अचानक खत्म हो गई। रिपोर्ट में मुंबई टिफिन बॉक्स सप्लायर्स एसोसिएशन के सचिव किरण गवंडे के हवाले से कहा गया है, 'लॉकडाउन के बाद से कई लोग हफ्ते में सिर्फ 2-3 दिन दफ्तर जाते हैं।

### कल केरल पहुंचेगा मानसून

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए हालात अनुकूल बन रहे हैं और 4 जून तक इसके केरल पहुंचने के आसार हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों के 15 से अधिक जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं उत्तर भारत में बारिश से मिली राहत अब खत्म होने वाली है और अगला हफ्ता भीषण गर्मी सताएगी। हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश के भी आसार हैं, लेकिन तापमान में 3-4 डिग्री की बढ़ोतरी देखी जाएगी। यूपी में मौसम का मिजाज बदला रहा। कई जिलों में आंधी और बारिश का सिलसिला चला। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। राजधानी लखनऊ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रही।

### वेदांता समूह पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को वेदांता समूह के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने कई जगहों पर छापेमारी की। कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी ने फेमा उल्लंघन मामले में यह कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया किये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन की जांच का हिस्सा हैं। ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली और मुंबई में वेदांता समूह से जुड़े दो ठिकानों पर तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार, ये तलाशी अभियान, जो अब संपन्न हो चुके हैं, समूह की कंपनियों द्वारा अपनी मूल कंपनी को कथित तौर पर किए गए ब्रांड शुल्क भुगतान से संबंधित हैं।

### इबोला पर भारत की नई एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को इबोला वायरस को लेकर वैश्विक स्तर पर व्याप्त भय के बीच एक नई सलाह जारी की, जिसमें प्रभावित देशों से यात्रा करने वाले या वहां से होकर गुजरने वाले लोगों से खुद को अलग-थलग करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक विस्तृत बयान में स्पष्ट किया कि भारत में इबोला का कोई पुष्ट मामला नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि इबोला प्रभावित देशों की यात्रा करने वाले और कुछ विशेष लक्षण विकसित होने पर लोगों को खुद को आइसोलेट कर लेना चाहिए और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित करना चाहिए। सलाह में कहा गया है कि यदि आपने पिछले 21 दिनों में इबोला प्रभावित देश से यात्रा की है या वहां से होकर गुजरे हैं।

साजिश — एनआईए की जांच में सामने आया नया खुलासा

## पहलगाम आतंकियों के मोबाइल कराची-लाहौर में डिलीवर हुए थे

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नया खुलासा किया

- फोन में बैसरन की जानकारियां थीं
- एनआईए ने चीनी कंपनी से जानकारी हासिल की


है। एनआईए के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से दो मोबाइल रेडमी 9टी (ऑरेंज) और दूसरा रेडमी नोट 12 (ब्लैक) बरामद हुए थे।

एनआईए के मुताबिक दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल चीन की कंपनी जिओमी की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। कराची की कंपनी टेक सिरत ने इन्हें इम्पोर्ट कराकर कराची और लाहौर के पतों पर डिलीवर कराया था। एनआईए ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल के नेविगेशन एप में बैसरन की लोकेशन सेव मिली।




साथ ही बैसरन घाटी के कई स्क्रीनशॉट भी मिले जो 15-16 अप्रैल को लिए गए थे। 22 अप्रैल को अटैक हुआ था। एनआईए ने बताया था कि पहलगाम आतंकी हमले के आरोपी आतंकियों के पास से अमेरिकी कंपनी गो प्रो का कैमरा बरामद हुआ था, जो चीन के रास्ते लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकियों तक पहुंचा था। जांच एजेंसी का मानना है कि इस कैमरे का रास्ता समझने से उन नेटवर्कों का खुलासा हो सकता है, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों तक फंड, उपकरण और दूसरे संसाधन पहुंचाते हैं। यह हाई-टेक कैमरा पिछले साल जुलाई में पहलगाम हमले के बाद दाचीगाम के जंगलों में हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों से बरामद हुआ था।

एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन हमलों की रिकॉर्डिंग और बाद में प्रचार के लिए बॉडी कैमरा और एक्शन कैमरा जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। आतंकियों के पास कैमरा कैसे पहुंचा, इसके लिए एनआईए ने अमेरिकी कंपनी गो प्रो इंक. से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि यह कैमरा चीन में हमारे ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर को भेजा गया था। अब जांच की जा रही है कि चीन से यह कैमरा आतंकियों तक कैसे पहुंचा। अधिकारी गुप्त खरीद नेटवर्क, बिचौलियों और इसमें शामिल लोकल सपोर्ट की जांच कर रहे हैं। एनआईए ने 15 दिसंबर 2025 को पहलगाम अटैक केस में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके डिटेल हाल ही में सामने आई। इसमें खुलासा हुआ है कि कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था।





# टॉपर्स का मुख्यमंत्री योगी ने किया सम्मान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सी.एम.एस. के आई.सी.एस.ई. व आई.एस.सी. बोर्ड के 10 नेशनल टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। आई.सी.एस.ई. कक्षा-10 में वैवस्वत नारायण दुबे 99.80, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल 99.60 तथा अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा व फरहीन खान 99.40 शामिल रहे। वहीं आई.एस.सी. कक्षा-12 में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा व छवि मिश्रा 99.75 को सम्मान मिला। मुख्यमंत्री ने सभी मेधावियों को एक-एक लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और टैबलेट प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश भर के अन्य बोर्ड टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष सी.एम.एस. के 3709 छात्रों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 62 छात्रों ने 99प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर रिकॉर्ड बनाया।

## जनगणना कार्य का डीएम ने लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी ने मंगलवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत हो रहे मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने प्रगणकों को जनगणना संबंधी निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण व प्रभावी ढंग से करने को कहा है।जिलाधिकारी ने नगर निगम जोन-3 (अलीगंज एवं महानगर क्षेत्र) के विभिन्न हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों (एचएलबी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से संवाद किया। डेटा संकलन की प्रक्रिया तथा सामने आ रही व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी ली। इस दौरान गणना से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों व डिजिटल माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जोनल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

# विद्युत आपूर्ति को सामान्य करने के निर्देश

## आंधी तूफान से प्रभावित विद्युत आपूर्ति की अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ। प्रदेश के ऊर्जा निगमों के टेंडर में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा, सुचिता एवं गुणवत्ता को प्रभावी तरीके से लागू करने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने सख्त रुख अख्तियार किया है। प्रदेश के वितरण निगमों के कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी कार्यों एवं सामग्री क्रय के लिए जो टेंडर किए जाते हैं उसमें अधिक से अधिक लोग हिस्सा लें. प्रतिस्पर्धा बढ़द्द और अधिक से अधिक लोगों को काम मिले इसके लिए व्यापक प्रयास किए जाएं. ऐसा करने से काम की क्वालिटी के साथ-साथ समयबद्धता सुनिश्चित हो सकेगी तथा आर्थिक बचत भी होगी, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे ।उन्होंने कहा कि टेंडर की प्रक्रिया एक ही बार में सफल होनी चाहिए बार-बार



टेंडर ना हो यह सुनिश्चित किया जाए. अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि टेंडर प्रक्रिया में अधिक लोग में हिस्सा लें इसके लिए कारपोरेशन ने टेंडर के लिए निर्धारित शर्तों को व्यवहारिक बना दिया है .टेंडर का प्रचार बेहतर हो लोग भागीदारी बढ़ाएंगे । अध्यक्ष ने कहा कि डिस्काम के प्रबंध निदेशक अपने डिस्काम के सभी जिलों का दौरा करके विद्युत आपूर्ति और विद्युत बिल वसूली सहित विद्युत कार्यों में तेजी लाएं । मध्यांचल मुख्यालय पर तैनात सिविल के अधीक्षण अभियंता को टेंडर के विलंब पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए । अध्यक्ष ने डिस्काम के निदेशकों से विद्युत संबंधी कार्यों एवं आपूर्त की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिनका राजस्व पीछे रहा है उनको चिन्हित कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए डॉ आशीष गोयल ने आंधी एवं तूफान के कारण प्रदेश में अनेक स्थानों पर आये विद्युत व्यवधानों को कम से कम समय में ठीककर आपूर्ति बहाल करने के लिये अधिकारियों एवं कार्मिकों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि आप लोगों ने कठिन परिश्रम करके कम से कम समय में आपूर्ति सामान्य की इसके लिए आप सब लोग प्रशंसा के पात्र हैं . लेकिन यदि किसी क्षेत्र में अभी भी समस्या है तो वहां युद्धस्तर पर प्रयास करें। अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहाकि कुछ क्षेत्रों में आंधी एवं पानी से विद्युत मांग कम हुई है। लेकिन अभी आगे गर्मी बढ़ने की संभावना है। इसलिये सभी क्षेत्रों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो इसलिये सभी अधिकारी एवं कार्मिक अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष रूप से सजगता बरतें। उपकेन्द्रों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग की जाये।

## खबर एक नज़र

### रामकथा, नवधा भक्ति और कर्मयोग पर प्रवचन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने नवधा भक्ति, कीर्तन और कर्मयोग पर प्रवचन दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नैमिषारण्य हनुमानगढ़ी के महंत पवन दास, विधायक डा. नीरज बोरा और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित रहे। कथा में सर्वश्री अजीत श्रीवास्तव, आशीष अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, संजीव अग्रवाल, राकेश पाण्डेय, सौरव बन्दोपाध्याय, कनुप्रिया जाजू, बिन्दू बोरा, वत्सल बोरा, सुनील अग्रवाल, डा. अजय गुप्ता सहित अन्य यजमानों ने भी विशेष आरती में सहभागिता की।

### शायर इरफ़ान सिद्दीकी को श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिलसिला अदब का की ओर से यूपी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मशहूर शायर इरफ़ान सिद्दीकी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वासिफ फारूकी ने की, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. मिर्ज़ा शफ़ीक हुसैन शफ़क रहे, जिन्होंने उनकी शायरी को गहराई और रहस्य से भरपूर बताया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री मोहसिन रज़ा, आलोचक वज़ाहत रिज़वी, डॉ. यासिर जमाल, शायरा सलमा हिजाब, सोशल एक्टिविस्ट वसीम हैदर, नय्यर उमर, अब्बास रजा तनवीर आज़मी और इकबाल यूसुफ ने भी इरफ़ान सिद्दीकी की शायरी और व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सिलसिला अदब का की संस्थापक साजिदा सबा ने किया।

### बायोप्लास्टिक पहल की घोषणा, 5 को पर्यावरण कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पारंपरिक प्लास्टिक के विकल्प को बढ़ावा देने के लिए बलरामपुर चीनी मिल्स,लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड के सहयोग से 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस पर बायोयुग ग्रीन कमांड 2026 कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नीति निर्माता, उद्योग जगत और रक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ सस्टेनेबल सामग्री और बायोप्लास्टिक के भविष्य पर चर्चा करेंगे। दो उच्च स्तरीय पैनल सत्रों में उत्तर प्रदेश में बायोप्लास्टिक वैल्यू चेन और रक्षा क्षेत्र में इसके उपयोग पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### नेतृत्व विकास पर व्यापक चर्चा

**स्वतंत्र भारत निलमथा ।** वार्षिक प्रिंसिपल्स मीट 2026 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 50 से अधिक शहरों के 60 से अधिक स्कूल लीडर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में नेतृत्व विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता, एनईपी 2020, तकनीक और एआई के उपयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान जयपुरिया क्लासरूम एज और छात्र नेतृत्व पहल जागृति का शुभारंभ भी किया गया। डायरेक्टर कनक गुप्ता ने बदलते समय में तकनीक और नवाचार के महत्व पर जोर दिया, जबकि वीपी-एकेडमिक्स अरिजीत घोष ने शिक्षकों के विकास आधारित मूल्यांकन प्रणाली की जानकारी दी।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में उत्तर प्रदेश के एक्साइज कमिश्नर डॉ. आदर्श सिंह द्वारा नई रोड सेफ्टी लैब का उद्घाटन किया गया, जो एबी इनबेव इंडिया, भारतकेयर्स और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की संयुक्त पहल है और सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देगी।

### सफलता के लिए किया प्रेरित

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में लखनऊ रीजन के 50 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शीर्ष छात्रों में राणा शत्रुजीत एआईआर 782, गौरिका माही एआईआर 1819 और शौर्य जायसवाल एआईआर 2550 सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हैं। इस सफलता के साथ ये छात्र अब देश के विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों आईआईटी में प्रवेश के लिए पात्र हो गए हैं। एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने छात्रों को बधाई देते हुए इसे उनकी अनुशासित मेहनत का परिणाम बताया।

# लविवि : मधुमेह प्रबंधन पर कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एवं ऑल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत योग सभागार में मधुमेह प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कोआर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि मानसिक तनाव, अनियमित आहार-विहार तथा निष्क्रिय जीवनशैली शरीर की समस्थिति को प्रभावित करते है। मधुमेह और तनाव के गहरे संबंध को समझाते हुए बताया कि लंबे समय तक रहने वाला तनाव, कोर्टिसोल एवं अन्य तनाव हार्मोनों के स्तर को बढ़ाकर ब्लड ग्लूकोस नियंत्रण को प्रभावित करता है। नियमित योगाभ्यास मांसपेशियों में ग्लूकोज़ ग्रहण क्षमता को बढ़ाकर रक्त शर्करा नियंत्रण में सहायक हो सकता है। साथ ही बताया कि इंसुलिन प्रतिरोध और कोर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोनों को संतुलित करने के लिए योग स्वास्थ्य संतुलन का प्रभावी माध्यम है। वक्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि योगासन केवल कैलोरी खर्च करने का साधन नहीं हैं, बल्कि वे अंतःस्त्रावी तंत्र तथा रक्त परिसंचरण के संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित योगाभ्यास रक्त परिसंचरण को प्रोत्साहित करते हैं तथा पैंक्रियास सहित विभिन्न अंतःस्त्रावी ग्रंथियों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ नन्द लाल जिज्ञासु ने मधुमेह प्रबंधन के लिए विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा प्रणालियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संतुलित एवं प्राकृतिक आहार, उपवास चिकित्सा, जल चिकित्सा, सूर्य चिकित्सा तथा स्वस्थ दिनचर्या के माध्यम से मधुमेह का सफल प्रबंधन संभव है। अधिष्ठाता प्रोफेसर आलोक कुमार यादव ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पद्धति है, जो व्यक्ति के व्यवहार, भावनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

## प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों का परिणाम घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2022 के अंतर्गत प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की विषयवार एवं श्रेणीवार सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 09 एवं 10 मई 2026 को आयोजित लिखित परीक्षा में 18 विषयों के कुल 1,92,934 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम के आधार पर कुल 2,253 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से सफल (शॉर्टलिस्ट) घोषित किया गया है। इनमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, कला एवं हिन्दी विषय शामिल हैं।

# अनिल भूषण चतुर्वेदी ने संभाली प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक की जिम्मेदारी

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की



गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# पारदर्शिता, सुगम सेवाएं, दलालों पर शिकंजा नए आरटीओ की पहली प्राथमिकता

## आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य सेवाओं के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश शासन की ओर से लखनऊ संभाग के नए संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) नियुक्त किए गए अरुण कुमार वाष्णेय ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान आरटीओ संजय कुमार तिवारी से कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही परिवहन सेवाओं को और अधिक पारदर्शी, सुगम एवं जनोन्मुखी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत आरटीओ अरुण कुमार वाष्णेय ने स्पष्ट संकेत दिए कि लखनऊ रीजन में परिवहन विभाग की सेवाओं को तकनीक आधारित और भ्रष्टाचारमुक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को ड्राइविंग



लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, परमिट और अन्य सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। सूत्रों के अनुसार पदभार ग्रहण करने के बाद नये आरटीओ ने बुधवार शाम चार बजे लखनऊ रीजन के सभी आरटीओ और एआरटीओ अधिकारियों की पहली समीक्षा बैठक बुलाई है। इस बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली, राजस्व वसूली, सड़क सुरक्षा, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, प्रवर्तन अभियानों और ऑनलाइन सेवाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बताया जा रहा है कि नए आरटीओ विशेष रूप से कार्यालयों में सक्रिय दलाल तंत्र पर अंकुश लगाने, जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ परिवहन विभाग की छवि को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करेंगे। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियानों को भी गति दी जाएगी। बता दें कि परिवहन विभाग में लखनऊ संभाग प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण परिवहन क्षेत्र माना जाता है, जहां प्रतिदिन हजारों नागरिक विभिन्न कार्यों के लिए परिवहन विभाग के कार्यालयों में पहुंचते हैं। ऐसे में नए आरटीओ के सामने विभागीय सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की बड़ी चुनौती होगी। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवागत आरटीओ का स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में परिवहन सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में लखनऊ रीजन में प्रशासनिक कसावट, पारदर्शिता और जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।लखनऊ रीजन के नए आरटीओ अरुण कुमार वाष्णेय के पदभार ग्रहण करने के साथ ही परिवहन विभाग में नई कार्यसंस्कृति और प्रशासनिक सक्रियता की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### क्या होंगी नए आरटीओ की प्रमुख प्राथमिकताएं

- परिवहन सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना।
- दलालों और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण।
- ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन पंजीकरण संबंधी कार्यों का त्वरित निस्तारण।
- सड़क सुरक्षा अभियान को गति देना।
- राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्यों की नियमित समीक्षा।
- डिजिटल और ऑनलाइन सेवाओं को और मजबूत बनाना।
- जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना।

## लखनऊ में संविदा परिचालकों का हंगामा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ में दुबग्गा डिपो के संविदा परिचालकों ने गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे कई दिनों से दुबग्गा डिपो पर कार्य बहिष्कार कर अपनी मांगों को लेकर विरोध जता रहे थे, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। कर्मियों का कहना है कि उनका निजी कंपनी में विलय किया जा रहा है। जो किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। सुनवाई न होने से नाराज परिचालक प्रदर्शन के लिए गांधी प्रतिमा पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे परिचालकों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। 500 परिचालक पिछले कई दिनों से हड़ताल पर प्रदर्शन कर रहे परिचालक मंजीत सिंह ने बताया कि दुबग्गा डिपो के संविदा कर्मचारियों का प्राइवेट कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में विलय किया जा रहा है जो स्वीकार नहीं है। किसी भी चालक या परिचालक को प्राइवेट कंपनी के साथ काम करना स्वीकार नहीं है। सिटी बसों में सेवा देने वाले लगभग 500 परिचालक पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं।

# बच्चों की प्रतिभाओं को मिला सम्मान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पलल्व चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड सीजन-4 में योगाचार्य पं. नवीन को योग क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्रांड एंबेसडर की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, पूर्व पार्षद रमाशंकर त्रिपाठी, के. के. सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 151 विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें योग और नृत्य का समन्वय विशेष आकर्षण रहा। योगाचार्य पं. नवीन के निर्देशन में कोमल जायसवाल, जे.एम.डी. अकादमी के आयुष, आदित्य, वंश, ईशान और शौर्य ने योग-नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। योगाचार्य नवीन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए, जिससे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं। मुख्य अतिथि ने भी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का आयोजन सुनील रॉकी और गीतांजलि सिंह द्वारा किया गया।

## मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर नौकरी पाने का अवसर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्रों को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ऑनलाइन माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रही है। इसमें विश्वविद्यालय के बीटेक एवं एमबीए के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को सात जून तक पंजीकरण कराना होगा। कंपनी मैनेजमेंट ट्रेनी के पद के लिए छात्रों को परखेगी। चयनित छात्रों को कंपनी की ओर से सालाना तीन लाख 18 हजार रूपये तक का पैकेज मिलेगा।

## पीएचडी में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम जारी

**स्वतंत्र भारत , लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश के लिए सत्र 2025-26 के फेज 2 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कैटेगरी ए एवं बी में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है।


# पांच से 21 जून तक श्रमिकों के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण योग जागरूकता के लिए चलेगा अभियान

## मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को जनकल्याण अभियान के सफल आयोजन के दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंगलवार को '12 साल विश्वास के, विकास के' जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री राजभर ने कहा कि अभियान के माध्यम से श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों एवं युवाओं तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और योग को बढ़ावा दिया जाए। मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को विभाग के सभी कार्यालयों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों तथा ईएसआई अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाए तथा परिसरों को स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत श्रम संहिताओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना की सुविधाओं के संबंध में संवाद, संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में ईएसआई योजना से जोड़ने तथा लाभार्थियों और नियोजकों के बीच विभागीय उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। बैठक में 08 से 14 जून तक जनकल्याण मेला एवं शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। इन कार्यक्रमों में केंद्र एवं राज्य सरकार की श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, पंपलेट एवं अन्य संचार माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बाल एवं बंधुआ श्रम उन्मूलन, बाल



श्रम मुक्त मिशन-2027, रोजगार संगम पोर्टल, सेवामित्र योजना, विदेशों में रोजगार के अवसर तथा श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि 17 से 20 जून तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में श्रम विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाए ताकि आमजन को विभागीय कार्यों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर विभाग के सभी कार्यालयों, ईएसआई अस्पतालों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों तथा औद्योगिक इकाइयों में कार्य प्रारंभ होने से पूर्व 45 मिनट से एक घंटे तक योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री ने कहा कि योग को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



स्वतंत्र भारत

# बड़े मंगल पर भक्ति और सेवा का दिखा अद्भुत संगम

## मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हजारों भंडारों में पवन-पुत्र के जयकारों की गूंज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर राजधानी लखनऊ में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही अलीगंज पुराने हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु, हनुमंतधाम, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर और पातालपुरी लेटे हनुमान मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और दर्शन-पूजन का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। पातालपुरी लेटे हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी डॉ. विवेक तांगड़ी द्वारा महाआरती के दौरान 51 नारियल तोड़े गए और 56 भोग अर्पित किए गए, वहीं भक्त भजनों पर झूमते नजर आए। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से ही लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। हनुमान सेतु मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए बड़े कूलर लगाए गए ताकि गर्मी से राहत मिल सके, वहीं कई स्थानों पर सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। पूरे शहर में भक्ति गीतों और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इसी बीच राजधानी में दोपहर से ही हजारों की संख्या में भंडारों की शुरुआत हो गई। नगर निगम के अनुसार इस वर्ष 330 से अधिक संस्थाओं ने भंडारा आयोजन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि शहर भर में 1000 से अधिक भंडारों के आयोजन की संभावना है। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी, हलवा, शर्बत और प्रसाद वितरित किया जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आलमबाग, हजरतगंज और जनपथ क्षेत्र में आयोजित सुंदरकांड पाठ और भंडारों में हिस्सा लेकर प्रसाद वितरण किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। वहीं समाजवादी पार्टी मुख्यालय और सदर क्षेत्र में आयोजित भंडारे में पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।





### श्रद्धालुओं की सेवा की

अमरावती स्पोर्ट्स सिटी में ज्येष्ठ माह के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन अमरावती ग्रुप के फाउंडर एवं चेयरमैन रजनीकांत मिश्रा और रवि प्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं और सेवा कार्य में लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन में श्रीकांत मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, अमन पांडेय, अनुराग पांडेय और प्रखर सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### संघ के साप्ताहिक मिलन ने किया भंडारा



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षत्रपति शिवाजी साप्ताहिक मिलन द्वारा सुलभ आवास, गोमतीनगर में बड़े मंगल के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं रेडक्रॉस के प्रदेश सचिव रामानंद कटियार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वयं प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, डॉ. शिवम् कृष्ण, अरुण वर्मा, उपेंद्र सिंह, शिखर मौर्य, राघव चौबे, अवधेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### भंडारे में दही, पेठा और बताशे का वितरण



ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर नीरा अस्पताल, अलीगंज में महेश चंद्र राठौर (भाजपा सेवक) की ओर से विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ज्ञान मसाला छाछ, दही, पेठा और बताशे का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नीरज सिंह, आनंद द्विवेदी, विराज सागर दास, अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, विवेक, जय प्रकाश अग्रवाल, डॉ. निशांत गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में माया राम कनौजिया, पवन श्रीवास्तव, रमेश निगम, सुरेश द्विवेदी, धीरज गुप्ता, मदन पाल सिंह, हिमांशु कनौजिया, नूपुर, नेहा, नीति, प्रीति, शिवम् राठौर एवं श्री महादेव ट्रेडर्स का विशेष सहयोग रहा।

### ईको भंडारे में बांटे पौधे और सीड बॉल्स



बड़े मंगल के अवसर पर हज़रतगंज मल्टी लेवल पार्किंग में आयोजित तृतीय विशाल ईको भंडारा-2026 में भोजन वितरण के साथ पौधे और सीड बॉल्स बांटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री दिनेश शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्री सुधाकर त्रिपाठी और श्री ललित श्रीवास्तव मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में सारथी फाउंडेशन, आश्रय फाउंडेशन, अग्रसर फाउंडेशन तथा वशिष्ठ श्रीवास्तव, आशुतोष तिवारी, शिवा, साराह, तरनप्रीत, आराध्य, सुशांत, काजल और सीपीसी की युवा टीम का विशेष योगदान रहा।

### अजय राय ने किया सुंदरकांड पाठ और भंडारे में शिरकत



ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राजधानी लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सुंदरकांड पाठ और भंडारों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हजरतगंज चौराहा स्थित दक्षिणमुखी भगवान श्री हनुमान मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। इसके बाद वे आलमबाग स्थित चंदर नगर गेट के पास मौनी बाबा मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने सुंदरकांड पाठ में भाग लिया और भंडारे में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। इसके उपरांत उन्होंने हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट में आयोजित एक अन्य विशाल भंडारे में भी सहभागिता की और लोगों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर हनुमान जी की पूजा और भंडारे की परंपरा वर्षों पुरानी है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है और लोगों को सेवा एवं पुण्य कार्य का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करती है बल्कि सामाजिक एकता का भी संदेश देती है।

### विशाल भंडारे में उमड़े भक्त



ज्येष्ठ माह के पंचम बड़े मंगल के अवसर पर गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित रिवर व्यू आर्केड परिसर में मनीष सिंह एवं बृजेश सिंह के नेतृत्व में दुर्गा ग्रीन्स परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में शामिल होकर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर एप्रोच एडवरटाइजिंग एंड एग्जीबिट्स प्रा. लि. द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर शशांक रस्तोगी, डायरेक्टर पूनम रस्तोगी एवं उत्कर्ष रस्तोगी ने श्री महावीर हनुमान जी का पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में एप्रोच एडवरटाइजिंग के कर्मचारियों एवं सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग किया। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण रहा तथा श्रद्धालुओं ने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अवैध वाहनों का संचालन पूरी तरह बंद हो

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन, लखनऊ क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किए जाने के साथ-साथ कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर चर्चा कर आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। यूनियन पदाधिकारियों के अनुसार बैठक में डग्गामार वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक अवैध वाहनों का संचालन पूरी तरह बंद नहीं होता, तब तक कर्मचारियों से की जा रही रिकवरी की कार्रवाई भी रोकी जानी चाहिए। इसके अलावा परिवहन निगम की संपत्तियों के पीपीपी मॉडल के तहत निजीकरण का विरोध, सभी ड्यूटी रूमों में बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू करने, वाहन उपलब्ध न होने या ब्रेकडाउन की स्थिति में निर्धारित किलोमीटर का भुगतान सुनिश्चित करने तथा डबल क्रू वाले वाहनों में कार्यरत संविदा चालकों को भी नियमित कर्मचारियों की तरह पूरा किलोमीटर भुगतान दिए जाने की मांग पर चर्चा होगी।बैठक में निगम में भ्रष्टाचार के मामलों पर समान अनुशासनात्मक कार्रवाई लागू करने तथा सभी ड्यूटी रूम और चेकिंग कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी जाएगी। यूनियन नेताओं का कहना है कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगा। बैठक में इस संबंध में आगे की रणनीति और कार्यक्रमों पर भी निर्णय लिया जाएगा।

## ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर हाईकोर्ट सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों में प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ही प्रशासक नियुक्त किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई करते हुए

### सरकार से तीन जून को मांगा जवाब

अदालत ने राज्य सरकार से 3 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने मंगलवार को जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई की। यह याचिका ओमप्रकाश प्रजापति की ओर से दाखिल की गई है, जिसमें राज्य सरकार के उस आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है जिसके तहत ग्राम प्रधानों को ही उनकी पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सरकार का यह निर्णय पंचायती राज कानून की मूल भावना और मंशा के विपरीत है। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र



नाथ त्रिपाठी ने अदालत को बताया कि ग्राम पंचायतों के निर्वाचित कार्यकाल की समाप्ति के बाद उसी पदाधिकारी को प्रशासक नियुक्त करना विधिक दृष्टि से उचित नहीं है। अदालत ने मामले में उपस्थित सरकारी अधिवक्ता को राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त कर बुधवार को पक्ष रखने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने के बाद राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए मौजूदा प्रधानों को ही छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया था। इस संबंध में प्रमुख सचिव पंचायती राज ठ्ठद्ब चह्वद्बड्ढ द्वारा आदेश जारी किया गया था। सरकार का तर्क है कि पंचायत चुनाव में संभावित देरी को देखते हुए गांवों में विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है। सरकार के निर्णय के बाद प्रदेश की सभी 57,694 ग्राम पंचायतों में निवर्तमान प्रधान प्रशासक की भूमिका निभा रहे हैं। इसके तहत सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, मनरेगा कार्य, सड़क मरम्मत तथा अन्य विकास योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी उनके पास रहेगी। सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक और विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। प्रदेश में पंचायत चुनावों में देरी की मुख्य वजह पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर चल रही प्रक्रिया बताई जा रही है। इसके लिए गठित समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग को अपनी रिपोर्ट तैयार करने में समय लग रहा है। इसी कारण पंचायत चुनाव विधानसभा चुनावों के बाद कराए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

## यूपीएसएसएससी ने जारी किया 2026 का परीक्षा कैलेंडर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने वर्ष 2026 के लिए भर्ती परीक्षाओं और साक्षात्कारों का विस्तृत कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार जनवरी से सितंबर 2026 तक विभिन्न

### जनवरी से सितंबर तक होंगी भर्ती परीक्षाएं

महत्वपूर्ण पदों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कैलेंडर के मुताबिक वर्ष की शुरुआत 11 जनवरी 2026 को स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा से होगी। इसके बाद 20 जनवरी को आशुलिपिक परीक्षा और 1 फरवरी को कनिष्ठ सहायक की मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। आयोग ने बताया कि लेखपाल, अवर अभियंता (सिविल), सहित अन्य तकनीकी और विभागीय पदों की परीक्षाएं भी इसी अवधि में अलग-अलग तिथियों पर कराई जाएंगी। इसके अलावा वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक भर्ती से संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षाएं फरवरी 2026 में आयोजित होंगी। आयोग के अनुसार विभिन्न भर्तियों की परीक्षाएं और साक्षात्कार सितंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। आयोग द्वारा परीक्षा कैलेंडर जारी होने से अभ्यर्थियों को अब तैयारी के लिए स्पष्ट समयसीमा मिल गई है, जिससे वे अपनी रणनीति अधिक व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे।

## कांग्रेस संग सपा लड़ेगी चुनाव, बदलेंगे सीटों के समीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी इस बार प्रदेश विधानसभा चुनाव कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेगी। हाल ही में लखनऊ में आयोजित एक समारोह के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में नए समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मेरठ जिले में सीटों के संभावित बंटवारे को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। राजनीतिक रणनीतिकारों का मानना है कि मेरठ जिले की सात विधानसभा सीटों में से पांच या छह सीटें समाजवादी पार्टी के खाते में जा सकती हैं, जबकि एक या दो सीटों पर कांग्रेस दावा ठोक सकती है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के बेहतर प्रदर्शन के बाद सपा नेतृत्व गठबंधन की रणनीति को विधानसभा चुनाव में भी आगे बढ़ाने की तैयारी में है। अखिलेश यादव पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि विपक्षी एकता में सीटों की संख्या नहीं, बल्कि जीत सबसे महत्वपूर्ण है। मेरठ और आसपास के



क्षेत्रों में इस बार चुनावी बहस स्थानीय और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार के अवसरों की कमी को विपक्ष प्रमुखता से उठा सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के बीच यह मुद्दा पहले से ही चर्चा का विषय बना हुआ है। किसानों की समस्याएं भी चुनावी एजेंडे में प्रमुख स्थान रख सकती हैं। गन्ना किसानों के भुगतान में देरी, खाद और बीज की बढ़ती कीमतें तथा छुट्टा पशुओं से फसलों को होने वाला नुकसान लंबे समय से किसानों की चिंता का विषय रहे हैं। विपक्ष इन मुद्दों को सरकार के खिलाफ जनसमर्थन जुटाने के लिए इस्तेमाल कर सकता है। मेरठ के सराफा कारोबार, कपड़ा उद्योग और बुनकर समुदाय से जुड़े व्यापारी भी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। बिजली दरों में वृद्धि और व्यापारिक सुविधाओं की कमी को लेकर छोटे और मध्यम व्यापारियों में असंतोष की चर्चा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन इस वर्ग को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर सकता है। सपा की राजनीतिक रणनीति में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समीकरण को फिर से मजबूत करने पर जोर रहने की संभावना है। पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर इन वर्गों को लामबंद करने की कोशिश कर सकती है। मेरठ शहर विधानसभा सीट पर मुस्लिम और दलित मतदाताओं की अच्छी संख्या होने के कारण इसे गठबंधन के लिए अनुकूल माना जा रहा है। मेरठ कैंट सीट पर पारंपरिक रूप से भाजपा का प्रभाव रहा है, जहां सवर्ण और मध्यमवर्गीय मतदाताओं की संख्या अधिक है। मेरठ दक्षिण सीट पर मुस्लिम, दलित, त्यागी और गुर्जर मतदाता चुनावी परिणामों को प्रभावित करते हैं, इसलिए यहां भी सपा की मजबूत दावेदारी मानी जा रही है। सरधना सीट पश्चिमी उत्तर प्रदेश की चर्चित सीटों में शामिल है, जहां ठाकुर, मुस्लिम और गुर्जर मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हस्तिनापुर, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है, राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। किठौर सीट पर मुस्लिम, त्यागी और गुर्जर मतदाताओं का प्रभाव है और इसे सपा का मजबूत क्षेत्र माना जाता है। सिवालखास सीट किसान और जाट-मुस्लिम राजनीति का केंद्र रही है। राष्ट्रीय लोकदल के एनडीए में शामिल होने के बाद सपा यहां किसी प्रभावशाली किसान या जाट चेहरे को मैदान में उतारकर राजनीतिक बढ़त हासिल करने की कोशिश कर सकती है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन सपा और कांग्रेस के संभावित गठबंधन तथा सीटों के समीकरणों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां अभी से तेज होती दिखाई दे रही हैं।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने की ओर, अब फिर बढ़ेगी गर्मी


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर अब समाप्त होने की ओर है। इसके चलते सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में आंधी, बारिश और बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

### अगले चार दिन में 6 डिग्री तक चढ़ सकता है पारा

हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार से मौसम साफ होने लगेगा और आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। सोमवार को राजधानी लखनऊ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहे। वहीं बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सुल्तानपुर में 14.8 मिमी, फतेहपुर में 7.3 मिमी, अमेठी में 6.6 मिमी,



आजमगढ़ में 3.8 मिमी, हरदोई में 1.6 मिमी तथा झांसी में 1.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके बावजूद 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ फर्रुखाबाद प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अब लगातार कमजोर पड़ रहा है। इसके चलते प्रदेश में आंधी और बारिश का दायरा सिमट जाएगा। मंगलवार के लिए विभाग ने किसी प्रकार की विशेष चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों में तापमान में तेजी से वृद्धि होगी और पारा छह डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव लगभग समाप्त हो रहा है।



# सूर्या हत्याकांड के बाद 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' का आगाज

## -250 अपराधियों ने किया सरेंडर, खोड़ा कॉलोनी में अवैध मदरसा सील

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी इलाके में 17 साल के सूर्या चौहान की बकरीद के दिन हुई हत्या के बाद गाजियाबाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' का आगाज कर दिया है।

हत्याकांड के मुख्य आरोपित असद का एनकाउंटर के बाद जहां उसके घर पर बुलडोजर ऐक्शन की तैयारी है तो दूसरी तरफ तीन मदरसों पर भी मंगलवार को एक्शन लिया गया है।

वहीं, पुलिस से मिले अल्टीमेटम के बाद करीब 250 अपराधियों ने सरेंडर किया।

वे हाथों में पोस्टर लेकर माफी मांगते और फिर कभी जुर्म ना करने की कसम खाते नजर आए।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा कॉलोनी में बीते 29 मई से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात है।
मंगलवार के दिन भी बड़ी संख्या में लोग मृतक के घर सांत्वना देने के लिए पहुंचे थे। इसी बीच पुलिस कमिश्नर जे.रविंदर गौड़ और जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ मृतक के घर पहुंचे यहां प्रशासन की टीम ने लोकप्रिय विहार स्थित मदरसा रहमानिया अरबिया कासिम-उल-उलूम को सील किया। जब प्रशासनिक टीम मदरसे पर कार्रवाई करने पहुंची टीम को देखकर अंदर से गेट नहीं खोला गया। इंतजार के बाद गेट को बाहर से ही सील कर दिया गया।

प्रशासन ने खोड़ा के ही दो और मदरसों को चिह्नित कर इन्हें भी सील कर नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई चल रही है।

> "250 अपराधियों ने कसम खाई है कि आगे कोई अपराध नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'गाजियाबाद कमिश्नरेट में ऑपरेशन क्लीन के तहत सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों के सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जो भी पुराने हिस्ट्रीशीटर थे, अभ्यस्त अपराधी थे, उनको बुलाया गया था, उनके सत्यापन का अभियान चलाया गया है। उनके बारे में जांच की जा रही है। उनको हिदायत भी दी गई है कि वो भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध और अपराधियों से संपर्क ना रखें।

**सार्वजनिक सूचना**
मैं श्वेता सोनी निगम पुत्री शिव बालक सोनी पत्नी दुर्गेश निगम नि. म.न.1 /176, विराट खंड-1, गोमतीनगर लखनऊ मेरे पति द्वारा मेरे मूल दस्तावेज जानकीपुरम से घर लाते समय रास्ते में गिर गए हैं जिसमें मूल पासपोर्ट (संख्या H0347924), हाई स्कूल मार्कशीट न. TX3393468, हाई स्कूल सर्टिफिकेट न. TX6380695, इंटरमीडिएट मार्कशीट न. BE1265429 इंडेक्स न. B/8358/116, B.SC मार्कशीट (तीनों साल) रोल न. 3410884, प्रो. ग्रेजुएशन डिग्री न. A868 रोल न. 3410884, एम.बी.ए. सभी सेमेस्टरस मार्कशीट रोल न. 63050, प्रोविजनल पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री रोल न. 63050, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र व JAIIB & CAIIB सर्टिफिकेट जिस किसी को मेरे दस्तावेज मिले कृपया मेरे मो. न. 9918742628 पर सूचित करे किसी के द्वारा इन दस्तावेजों का दुरुपयोग किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
सी.आर.-426/ L

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम अन्शु ओझा (ANSHU OJHA) पुत्री उमापति ओझा है जो मेरे आभिलेखों में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड 5312 25404136 में मेरा नाम कुमारी पूजा (KUMARI PUJA) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम अन्शु ओझा (ANSHU OJHA) पुत्री उमापति ओझा के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।
**अन्शु ओझा पुत्री उमापति ओझा**
**ग्राम - बाठा**
**पोस्ट - कनुवान**
**जिला - गाजीपुर उ0प्र0**
सी.आर.-427/ D

# बिहार जा रही कार से शराब की खेप पकड़ी, युवक गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** देवरिया जनपद में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सलेमपुर पुलिस ने मंगलवार को एक लग्जरी कार से 61 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, फर्जी नंबर प्लेट और शराब बिक्री के 23,050 रुपये नकद बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को सलेमपुर पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक सूचना पर नदावर पुल के पास एक रिनाल्ट किगर कार को रोक कर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान कार पर लगी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। वाहन से पांच पेटी इंपीरियल ब्ल्यू, एक पेटी रॉयल स्टैग (180 एमएल) तथा एक पेटी रॉयल स्टैग (375 एमएल) बरामद हुई। कुल मिलाकर 61 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से शराब बिक्री के 23,050 रुपये नकद भी बरामद किए। कार सवार युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रमोद कुमार (28) बताया। बरामद शराब, वाहन और नकदी की कुल अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये है। अभियुक्त शराब बिहार ले जा रहा था। इस संबंध में थाना सलेमपुर पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**सिटी कालेज**
सम्बद्ध डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या
सिटी कालेज लक्षबर बजहा प्रतापगंज बाराबंकी में प्रवक्ता **एम०एस०-सी. एजी० (1. एग्रोनामी 02, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट रीडिंग 03, एन्टोमोलॉजी 04, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एण्ड स्वाइल साइंस) प्रत्येक में चार-चार पद।**
योग्यता अर्हता एवं वेतनमान-यू0जी0सी0 एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने बायोडाटा, आवेदन-पत्र समस्त अर्हता संबन्धित प्रपत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियॉं एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ महाविद्यालय को डाक, व्हाट्सएप, ईमेल अथवा स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करायें। साक्षातकार में बुलाये जाने हेतु किसी प्रकार का देय नही होगा।
लक्षबर बजहा प्रतापगंज बाराबंकी
मो0 : 8177001081
E-Mail : citycollegebbk@gmail.com

# बालश्रम पर अंकुश नहीं

## होटल, वर्कशॉप, ढाबों व अन्य जगह पर बाल श्रमिकों की भरमार



**स्वतंत्र भारत इटौंजा लखनऊ।** राजधानी के ग्रामीण इलाके इटौंजा क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। छोटे बच्चों को मोटर वर्कशॉप टायर पंचर की दुकानों व जूता पॉलिश करते हुए य होटल में प्लेटो की जूठन साफ करते हुए देखा जा सकता है। इन्हें मालिकों के कोपभाजन का शिकार भी बनना पड़ता है। इटौंजा क्षेत्र के नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि मोटर वर्कशॉप में काम करते हुए रिंकू (11 वर्ष) का कहना है कि पापा के पास पैसे ना होने के कारण नहीं पढ़ पा रहे हैं। विद्यालय जाने का मन तो करता है किंतु गरीबी के कारण हाथ पांव मारा कर बैठ जाता हूं। इसी तरह टायर पंचर जोड़ने वाले असलम (14 वर्ष) का कहना है कि सभी बच्चों की तरह हमारा मन भी पढ़ने का करता है। सोचता हूं परंतु माता-पिता के असहाय होने की वजह से उन्होंने मुझे शुरू से इस व्यवसाय में झोंक दिया। जिससे मेरे जीवन के सारे सपने चूर-चूर हो गए। पता नहीं शादी कर पाऊंगा या नहीं या अकेले ही जीवन की गाड़ी का पहिया खींचना पड़ेगा। मनोज मनुज दुर्गा व सोहन पिंकू सहित कई अन्य बाल श्रमिकों का कहना है की मां-बाप छोटे से ही मोटर सीखने होटल पर जूठन की प्लेट धोने व अधिकारियों के यहां नौकरी के लालच में कलेजे पर पत्थर रखकर काम करने के लिए भेज देते हैं। इन मां-बाप का सपना होता है कि बेटे का भविष्य उज्जवल होगा लेकिन इसके विपरीत होटल पर जूठा बचा खुचा भोजन व अफसर की दांट व मोटर वर्कशॉप के मालिकों की फटकार सुनने के आदी हो जाते हैं।इनका जीवन धीरे-धीरे बर्बादी की कगार पर पहुंच जाता है। यह बाल श्रमिक गुटखा पान व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन करने लगते हैं। सरकार व शासन तथा बाल श्रम उन्मूलन विभाग बाल श्रमिकों के उत्थान के लिए तरह-तरह के दावे करते हैं जो महज दिखावा है। थोड़े दिन कार्रवाई करके टाय टाय फिस्स हो जाता है। जबकि इस विभाग के अधिकारियों का दावा है कि इस संबंध में फौरन कार्रवाई की जाती है।

# कर्ज के बोझ से परेशान युवक ने फांसी लगा दी जान





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महोबा जनपद में युवक ने पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक तंगी से परेशान होकर मंगलवार को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। जनपद के चरखारी थाना क्षेत्र के गांव करहरा खुर्द निवासी अरविंद पाल (23) के पिता का 2005 में निधन हो चुका है। वह मजदूरी और खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। युवक पर गांव के साहूकारों का कर्ज था और छोटी बहन की शादी की जिम्मेदारी भी थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। इन्हीं कारणों से उसने फांसी लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। जिसका शव खेत में पेड़ से लटका मिला है।चाचा लाल सिंह ने बताया कि अरविंद ने 2020 में बड़ी बहन क्रांति की शादी की थी और अब छोटी बहन रचना भी शादी के लायक हो गई थी, जिसको लेकर वह चिंतित रहता था। कर्ज और बहन की शादी की चिंता के कारण अरविंद मानसिक दबाव में था।चरखारी थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलता मिला पीआरडी जवान का शव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फर्रुखाबाद जिले में थाना राजेपुर क्षेत्र स्थित ग्राम राजेपुर राठौरी में मंगलवार को एक पीआरडी जवान ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी । थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान राजेपुर राठौरी गांव निवासी धीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) में तैनात थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह उन्होंने घर के बाहर स्थित आम के पेड़ पर सफेद गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही राजेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई तथा कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त कर पंचनामा भरने की कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र हिमांशु सिंह व उसकी पत्नी गुड़िया उर्फ भारती को उनके गलत आचरण के कारण उनसे सम्बन्ध-विच्छेद कर समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। जगदीश सिंह पुत्र राम खेलावन सिंह, पता-नि.- 473/132 रूपपुर खदरा, लखनऊ।
सी.आर.-425/ L-50

**NOTICE**
It is hereby informed to the General Public that I have Changed my Name from NIZAMUDDIN KHAN S/o SHAUKAT ALI KHAN to NIZAMUDDIN, In the future, I shall be known and recognized by the NIZAMUDDIN S/o SHAUKAT ALI, Address: VILL.-DHAWARIYA, POST-BANKUIYA, BANSI, SIDDHARTHNAGAR, UP
सी.आर.-429/ L-25

**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र मो.जायद को गलत चाल चलन के चलते समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दी हूं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। हसीना बानो पत्नी मो मुसाफिर नि.-कजियाना टॉवर, अलीगंज न.प.मानिकपुर प्रतापगढ़।
सी.आर.-428/ D-30

**संबंध विच्छेद**
मैंने पुत्र अरुणकुमार यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद करलिए है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। राजकुमारयादव नि.मो. तारीनटिकली, सदर, शाहजहांपुर।
सी.आर.-430/ D-25

**संबंध विच्छेद**
मैंने अपने पुत्र मनप्रीतसिंह, पुत्रवधू पवनप्रीतकौर को दुर्व्यवहार के चलते चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
बलजिन्दर सिंह पुत्र गुरदयालसिंह नि.ग्रा. गुलौली, पुवायां-शाहजहांपुर।
सी.आर.-430/ D-27

**सूचना**
मेरा बैनामा स्थित ग्राम रूस्तमपुरचक पर. व तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर दिनांक 28-07-2015 वही प्रथम खण्ड 4268 पृष्ठ 223/238 क्रमांक 6829 जो वास्तव में खो गया है। संजयकुमार त्रिपाठी पुत्र जयप्रकाशत्रिपाठी नि. कठघर तह. शाहगंज - बिजनौर Mo,8726942972
सी.आर.-430/ D-30

**सूचना**
मेरी पुत्री का आधारकार्ड में नाम असिया (Asiya) अंकित हो गया जो गलत है सही नाम इसरा (Isra) है, भविष्य में पुत्री को इसी नाम से जाना जाए। तस्लीम पुत्र शराफतअली नि. सिकंदरपुरअफ़ग़ानान, जलालाबाद शाहजहांपुर।
सी.आर.-430/ D-26

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/दुकान संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्रीमती पुष्पा देवी व श्री टिका प्रसाद | भूखण्ड संख्या-एस-711 | उदयन-2 शारदा नगर योजना रायबरेली रोड, लखनऊ | श्री टिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक-11.07.2018 | श्रीमती पुष्पा देवी | 1. श्री विनीत चौधरी (पुत्र) 2. श्री नितिन चौधरी (पुत्र) 3. श्रीमती कोमल कनौजिया (पुत्री) | पत्नी |
| 2. | स्व० डी०पी० सिंह | भू० सं०-ए-1/21 | सेक्टर-बी, अलीगंज | 06.02.2024 | श्रीमती विद्यावती सिंह, श्रीमती मीरा सिंह, श्रीमती पूर्णिमा सिंह एवं श्रीमती रमा सिंह वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार | श्री महेन्द्र सिंह, श्री राहुल सिंह, श्री अभिजीत सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह एवं सुश्री मांडवी सिंह | वारिसान |
| 3. | श्री अमर चन्द्र गुप्ता एवं श्रीमती राधा रानी गुप्ता | भ० सं०-सी-47/3 | पेपर मिल कालोनी योजना निशातगंज | 10.01.2021 | 1. श्री अमर चन्द्र गुप्ता | 1. श्री संजय गुप्ता, 2. श्री प्रवीन गुप्ता, 3. श्री सचिन गुप्ता | पति/पुत्रगण |
| 4. | स्व० हेमलता जोशी (मृतक) | भूखण्ड संख्या-डी-67 | कुतुबपुर इरादतनगर | 08.12.2022 | श्री मनोज जोशी एवं श्री दीपक जोशी पुत्रगण स्व. हेमलता जोशी व श्रीमती सुनीता जोशी-पत्नी, श्री नीलाभ जोशी-पुत्र एवं श्री कुशाग्र जोशी-पुत्र स्व० हिमांशु जोशी | - | पुत्र/पुत्री/पत्नी |
| 5. | स्व. डा. महिपतराम झा (मृतक) | भूखण्ड संख्या-बी-164 | कुतुबपुर इरादतनगर | 03.06.2019 | श्री संजीव झा-पुत्र, श्रीमती संगीता त्रिवेदी-विवाहित पुत्री, श्रीमती वसुधा झा-विवाहित पुत्री, श्रीमती डा०रागनी टंडन-विवाहित पुत्री एवं श्रीमती मंजरी सोढ़ी-विवाहित पुत्री पुत्र/पुत्री स्व०डा०महिपतराम झा | - | पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
**सचिव**

**उत्तर रेलवे**
**ई- ऑक्शन सुचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स० | MKG-SMU |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at MKG Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27-05-2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 13-06-2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 13-06-2026 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MANAK NAGAR | Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1 | MKG/PF-1/41/ADDL | 13-06-2026 at 11:30 hrs | SMU | SC(WOMEN) |

No: C-285-Letter of award /E-auction/2024/JSM Dt:-02-05-2026 1864/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया**
पत्रांक- मेमो/2026 न0पा0परि0 (2026-27) दिनांक- 01.06.2026

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज देवरिया द्वारा कार्यालय जिलाधिकारी, देवरिया के पत्र संख्या-1288/एल0बी0सी0-2026, दिनांक- 13 मार्च 2026 द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक-10.03.2026 को "राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित नाला सफाई कार्यो के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02.06.2026 09.00 AM |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 02.06.2026 10.00 AM |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 02.06.2026 10.00 AM |
| 4. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08.06.2026 03.00 PM |
| 5. | ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 08.06.2026 04.00 PM |

(निरुपमा प्रताप)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

(श्वेता जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

**उत्तर रेलवे**
**निविदा रद्द करने की सूचना**
प्रशासनिक कारणो से "कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एस.पी.; विधि किताब संख्या 719/24-25 के अन्तर्गत बी.जी. कोचों के ए.आर.टी./ए.आर.एम.ई. कोचों में परिवर्तित करने का कार्य। निविदा सूचना सं. विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 27.05.2026 रद्द की जाती है।
सूचना संख्या: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 02.06.2026 1863/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences**
Raebareli Road, Lucknow-226014 (U.P.)
Ph.: 2668004-8, 2668700, 2668800, 2668900
Applications are invited for one (1) post of Project Research Scientist I, in an ICMR-funded research project at the Department of Medical Genetics, SGPGIMS, Lucknow. The details are on the institute website: (www.sgpgims.org.in). For enquiry, please email asrivastavapgi@gmail.com.
Dr. Anshika Srivastava
(Principal investigator)
Advt. No. R/09/2026-27 DIRECTOR

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265213 | "Wheel Press- 500 Ton as per specification attached (Cost of basic machine only). | 1 Nos. | 30.06.2026 |


निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं: 51265213 दिनांक: 01.06.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1845/26

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | सी.ए.एम.सी. (विथ मटेरियल) ऑफ़ इलेक्ट्रिक अनलिंग फर्नेस एंड इलेक्ट्रिक नोरमलीज़िंग फर्नेस फॉर (03) इयर्स (क्वार्टरली बेसिस) ऑफ़ (02) मशीन्स। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 33,11,237.22/- मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 66,200/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनॉंक- 23.06.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 09 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.- सी एंड डब्लू-ईनिविदा-24 दिनॉंक 01.06.2026 1854/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश क.स.-2 प्रयागराज**
**वाद स0- 1268 सन् 2025**
1.महजबीन बानो पत्नी चाँद अहमद पुत्री मोहम्मद शाहिद निवासी ग्राम- सम्हई थाना नवावगंज पो0 मन्सूरा बाद तह0 सोरांव जिला- प्रयागराज
2.हिवा मन्सूरी पुत्री चाँद अहमद उम्र लगभग 2 साल निवासी-ग्राम सम्हई थाना नवावगंज पो. मंसूराबाद तह.सोरांव जिला-प्रयागराज..... वादी
बनाम
चाँद अहमद पुत्र जमील अहमद उम्र 34 वर्ष निवासी-ग्राम बहरिया मजरे रहवाई थाना एवं तहसील कुन्डा जिला-प्रतापगढ़....विपक्षी
अंतर्गत धारा 144 BNSS थाना नवाबगंज -- जि0 प्रयागराज
चूँकि ऊपर नामोकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है कि ....अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2026 के 06 के 06 दिवस को दो बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि - 06/06/2026**
**न्यायाधीश**
सी.आर.- 427/D-CN






# मानसिक विक्षिप्त नाबालिग से गैंगरेप, एक गिरफ्तार

## पीड़िता को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार में एक नाबालिग मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से गैंगरेप का मामला सामने आया है। यहां एक 15 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर दो युवकों ने रातभर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी दिनेश को हिरासत में ले लिया है, जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वहीं, उसका दूसरा साथी फिलहाल फरार है। परिजनों ने बताया कि 15 वर्षीय बेटी 1 जून की रात करीब 8 बजे घर के बाहर टहलने निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की। रातभर तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। अगले दिन, 2 जून की सुबह करीब 5 बजे स्थानीय लोगों ने किशोरी को इलाके के ही एक नए बने खाली मकान से बाहर निकलते देखा। परिजनों को जब इसकी सूचना मिली, तो उन्होंने मकान के अंदर जाकर देखा, जहां पीड़िता के कपड़े बरामद हुए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी दिनेश और उसके एक अन्य साथी ने उसे जबरन पकड़ लिया था। इसके बाद उसे खाली मकान में ले जाकर अंदर से ताला बंद कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे चाकू दिखाकर डराया और रातभर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने अपने पिता से पूछताछ में बताया कि दो लोग लेकर आए थे। कमरे में बंद कर दिए उसके बाद चाकू दिखाकर गलत काम किया। बेटी के पिता ने बताया की बुजुर्ग ने बताया कि यहां पर दो लड़कों ने लाकर दुष्कर्म किया, जिसके बाद वहां पर परिजन और भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी तो दिनेश नामक युवक कमरे में अपने आप को बंद कर लिया था। काफी देर प्रयास करने के बाद उसे बाहर निकाला गया। पुलिस ने युवक को अपने कब्जे में ले लिया है। मौके पर मिले आरोपी की परिजनों और स्थानीय लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की, जिसके बाद उसे इलाज के लिए उसे भी भर्ती कराया गया। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित गंभीर धाराओं (गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट व अन्य) में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दूसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस टीम पर हमला, महिला समेत 4 हिरासत में

## हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई थी टीम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मेरठ जिले के लालकुर्ती थाना क्षेत्र में गैर जमानती वारंट तामील कराने पहुंची पुलिस टीम पर हिस्ट्रीशीटर के परिजनों और समर्थकों ने कथित रूप से हमला कर दिया। उस दौरान महिलाओं की भीड़ ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और धक्का-मुक्की के बीच आरोपी को छुड़ाकर भगा दिया। मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि फरार हिस्ट्रीशीटर की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक लालकुर्ती के घोसी मोहल्ला निवासी बादल पुत्र मुन्नालाल थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हाल ही में न्यायालय ने बादल और उसके भाई सोनी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। मंगलवार को लालकुर्ती पुलिस वारंट तामील कराने घर पहुंची थीऔर जैसे ही बादल को पकड़ने का प्रयास किया, मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य लोग पुलिसकर्मियों के आसपास एकत्र हो गए। आरोप है कि इस दौरान पुलिस का विरोध शुरू हो गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस के अनुसार धक्का-मुक्की और हाथापाई के बीच महिलाओं ने बादल को छुड़ा लिया। मौका मिलते ही वह वहां से फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका।घटना के दौरान पुलिस ने बादल के भाई सोनी को गिरफ्तार कर लिया और उसे पुलिस वाहन में बैठा लिया। इसके बाद भी विरोध जारी रहा। पुलिस का आरोप है कि कुछ लोगों ने अभद्रता और हाथापाई की, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

**तीन महिला समेत चार हिरासत में** मामले में पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों की मदद से तीन महिलाओं सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है और घटना के संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। धारदार हथियार लेकर विरोध का आरोप पुलिस के मुताबिक, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, रणजीत शर्मा, महिला उपनिरीक्षक शिवांगी समेत छह पुलिसकर्मी बादल और सोनी को पकड़ने गए थे। आरोप है कि इस दौरान कुछ महिलाएं चाकू, फावड़ा और डंडे लेकर सामने आ गईं और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगीं। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह ने अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया गया।

**बादल पर 17 से अधिक मुकदमे दर्ज** थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर बादल के खिलाफ 17 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिस मामले में वारंट जारी हुआ था, वह वर्ष 2016 में दर्ज किया गया था और वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। अदालत में पेश न होने के कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसी वारंट की तामील के दौरान यह पूरा घटनाक्रम सामने आया। फरार आरोपी की तलाश जारी पुलिस का कहना है कि फरार हिस्ट्रीशीटर बादल की तलाश में दबिश दी जा रही है। साथ ही पुलिस टीम के साथ हुई कथित अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खबर एक नजर

### बुकिंग के बहाने बुलाकर वीडियोग्राफरों से लूट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** इटौंजा थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी की वीडियोग्राफी की बुकिंग के बहाने बुलाकर बदमाशों ने एक फोटोग्राफर टीम को निशाना बनाया। बाइक सवार 4 बदमाशों ने तमंचे के बल पर कार सवार वीडियोग्राफरों से लाखों रुपए का 6 कैमरा और सभी के मोबाइल फोन लूट लिए। रानीखेड़ा निवासी अशोक यादव स्टेशनरी की दुकान चलाने के साथ शादी-पार्टी में वीडियोग्राफी का काम भी करते हैं अशोक के मुताबिक रविवार की रात करीब 11:30 बजे उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम आशू बताया और सोमवार को होने वाली बर्थडे पार्टी की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की बुकिंग की बात कही। अशोक ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 8:30 बजे वह अपने साथियों सनी, शशांक गुप्ता, सचिन गौतम और रोहन कुमार के साथ कार से बताए गए लोकेशन पर पहुंचे। टीम हीरापुरवा तिराहे से माल रोड की ओर जा रही थी, तभी दो बाइक पर सवार चार युवकों ने उनकी कार रोक ली। पीड़ितों का आरोप है कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर सभी को धमकाया और उनके पास मौजूद 6 कैमरे, 7 लेंस, 2 गिंबल तथा सभी के मोबाइल फोन लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बदमाशों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### बेकाबू थार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में लापरवाही और तेज रफ्तार का एक मामला सामने आया है। तिकुनिया चौराहे के पास एक बिना नंबर प्लेट की थार कार ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार उछलकर दूर जा गिरा। इस जोरदार टक्कर के बावजूद स्कूटी सवार की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राहगीरों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग बचाव के लिए आगे आए और घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित को मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिना नंबर प्लेट की लग्जरी गाड़ियां अक्सर सड़कों पर तेज रफ्तार से चलती हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करती हैं। इस घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण थार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा था। पारा पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे बिना नंबर प्लेट वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### 12 साल के लड़के को डंपर ने रौंदा, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने 12 साल के लड़के को रौंद दिया। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान लड़का डंपर के नीचे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। यह दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने डंपर चालक को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस बुला ली। पहुंची पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल मानस को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही मानस ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंथरा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। उसके चालक सरोजनी नगर के मीरानपुर पिनवट के रहने वाले महेंद्र रावत को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं।मृतक के परिवार में पित मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं। चार भाई बहनों में मानस दूसरे नंबर पर था।

### ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चोर लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात सोमवार रात से मंगलवार सुबह के बीच की बताई जा रही है। चोर दुकान से करीब 10 किलोग्राम चांदी के आभूषण, 200 ग्राम सोने के गहने और लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कमलापुर गांव निवासी मनोज कुमार की बिजनौर-बंथरा रोड पर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र गेट नंबर-3 के सामने लक्ष्मी ज्वेलर्स नाम से दुकान है। मनोज कुमार ने बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें दुकान का शटर खुला होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मनोज दुकान पर पहुंचे और देखा कि दुकान से सारा सामान और नकदी गायब थी। उनके अनुसार, चोर करीब 10 किलोग्राम चांदी का सामान, 200 ग्राम सोने के गहने और दुकान में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद ले गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के लिए कुछ नमूने एकत्र किए हैं। बिजनौर के कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी के मुताबिक, शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने बताया कि ज्वेलर्स की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए हैं। पुलिस आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैफिक ऑफिस में तैनात मुख्य आरक्षी की मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** डीसीपी ट्रैफिक ऑफिस में तैनात मुख्य आरक्षी मनिंदर सिंह (37) की इलाज के दौरान सोमवार शाम को मौत हो गई। वह कई दिनों से बीमार थे। घरवालों ने पोस्टमार्टम के बाद उनका लिवर और कार्निया का दान किया है। पुलिस के मुताबिक, लखीमपुर खीरी मोहम्मदी के कैमूर गांव निवासी मनिंदर सिंह डीसीपी ट्रैफिक बंदरिया बाग कार्यालय में मुख्य आरक्षी पद पर थे। वह सदर कैंट स्थित ट्रैफिक पुलिस लाइन में रह रहे थे। भाई त्रिलोकी सिंह ने बताया उनके भाई 23 में को ड्यूटी के बाद रूम में पहुंचे। खाना खाने के दौरान उनकी अचानक हालत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए उन्हें विभूतिखण्ड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पता चला कि उनके ब्रेन हेमरेज हो गया। हालत बिगडऩे पर बुधवार को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। सोमवार को देर शाम उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद उनके भाई त्रिलोकी सिंह, बहनोई अजय व मां जगत कुमारी ने आपस में सहमति के बाद मनिंदर सिंह का कॉर्निया एवं लीवर को डोनेट किया। घर वालों ने बताया कि उनकी करीब छह साल पहले सीतापुर की रहने वाली अनुपम विमल नाम की युवती से शादी हुई थी। शादी के बाद आपसी मनमुटाव के बाद वह अपने मायके चली गई थी और वहीं रह रही थी। घर वालों ने बताया कि पुलिस ने कई बार उनकी पत्नी को फोन किया लेकिन वह पोस्टमार्टम हाउस नहीं आई। मनिंदर सिंह के पिता महेंद्र सिंह बंदरिया बाग हेडक्वार्टर में एसपी के स्टेनो रहे। कुछ अरसे पहले उनकी भी मौत हो चुकी है।

# प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कराने वाला निकला सपा नेता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता दिनेश यादव सपा की लोहिया वाहिनी का पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निकला। वह 2020-21 में प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के दौरान बतौर पार्टी प्रभारी काम कर चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक' पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ तस्वीर लगा रखी है। फेसबुक पर उसने चुनाव प्रचार के दौरान की तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। सपा के कई नेताओं के साथ उसका उठना-बैठना रहा है। इतना ही नहीं, पुलिस ने उसके कब्जे से जो कार जब्त की, उस पर भी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लिखा है। दिनेश थानों में भी अपने राजनीतिक पद का रौब दिखाता रहता था। 27 मई को पीजीआई थाना क्षेत्र में संदीप की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें लगाई गई थीं। जांच में सामने आया था कि हत्या की वजह पुराना जमीन विवाद था। संदीप मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले थे। हत्या के मामले में दिनेश यादव और उसके ड्राइवर मुकर्रबीन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दिनेश की एक मर्सडीज समेत 4 लग्जरी गाड़ियों को भी जब्त किया है। 5 लाख रुपए की सुपारी लेकर हत्या करने वाले दोनों शूटर अब भी फरार हैं। दिनेश यादव पूर्व में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं। युवाओं का संगठन है। मौजूदा समय में दिनेश अपना कामकाज कर रहे थे। पार्टी के कार्यों में एक्टिव नहीं थे। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सत्ता में रहने के दौरान वह सब पर रौब दिखाता था। अपने पद की धौंस दिखाकर सब पर दबाव बनाता था। यहां तक कि जो जमीन समझ में आ जाए, उस पर जबरन कब्जा कर लेता था। अगर कोई विरोध करता तो राजनीतिक पार्टी में पकड़ दिखाकर चुप करवा देता।

# तेज रफ्तार बाइक आवारा पशु से टकराई चाचा की मौत, भतीजा घायल



**स्वतन्त्र भारत, गोसाईगंज।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की सुबह घर लौटते समय बाइक सवार आवारा मवेशी से टकरा गया । इस घटना में बाइक सवार चाचा की मौत हो गई तथा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक बाराबंकी के 1लोनी कटरा निवासी शुभम चौरसिया (30) लखनऊ में हजरतगंज स्थित डाली बाग में किराए के मकान में अपने भतीजे अंकुल के साथ रहकर सब्जी का ठेला लगाने का काम करते रहे। घर वालों ने बताया शुभम सोमवार को मोटरसाइकिल से अपने भतीजे के साथ बाराबंकी अपने घर गए थे। मंगलवार सुबह वापस लखनऊ लौटते समय अंकुल के साथ बाइक से जा रहे थे बाइक अंकुल चला रहा था रास्ते में गोसाईगंज स्थित गुमटी नंबर 5 के पास लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर अचानक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आवारा पशु से टकराई जिससे चाचा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईगंज अस्पताल ले जाया गया जहां शुभम चौरसिया की मौत हो गई । वहीं अंकुल का प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई मृतक के परिवार में पत्नी सुषमा एक बेटा 2 बेटी है।

# प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या स्कॉर्पियो में मिली डेड बॉडी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मेरठ जिले में सोमवार की देर रात खरखौदा थाना क्षेत्र में हापुड़ निवासी प्रॉपर्टी डीलर की घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं हत्यारों ने खुद प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने के बाद पत्नी को फोन करके घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने परिजनों के सामने स्कॉर्पियो के अंदर से खून से लथपथ शव निकालते हुए फॉरेंसिक टीमों ने साक्ष्यों का संकलन कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक हापुड़ के दोयमी गांव के रहने वाले 24 वर्षीय तुषार त्यागी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। मृतक की बहन मोना ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात करीब 8:00 बजे तुषार के मोबाइल पर किसी का कॉल आई और उसके बाद उसका भाई घर से खाना लेकर किसी को देने चले गए। लगभग दो घंटे बाद तुषार ने अपनी पत्नी शिखा के मोबाइल पर कॉल की और बताया कि उनकी जान खतरे में है परिवार के लोग गांव के ही रहने वाले हर्ष नाम के युवक के साथ उसकी तलाश कर रहे थे उसी बीच हर्ष के मोबाइल पर किसी ने कॉल करके तुषार की पत्नी शिखा से बात की और फोनकर्ता ने बताया कि तुषार की हत्या हो गई है और उनका शव खरखौदा पुल के नीचे गाड़ी में पड़ा है। बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे। जहां स्कार्पियो की ड्राइविंग सीट पर तुषार की लाश मिली जिसमें सिर और गले में गोली लगने के निशान मिले हैं।

> मृतक की बहन ने गांव के रहने वाले अरविंद उर्फ बिट्टू और एक अन्य युवक के खिलाफ नामजद हत्या की तहरीर दी है, मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और मेरे द्वारा टीमें गठित कर जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये हैं।-**अभिजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण**

### बोर्ड परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान परीक्षा में अपने मित्र के स्थान पर परीक्षा देने के आरोपित को सिंधोरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित नारायण भारद्वाज पुत्र फौजदार भारद्वाज, निवासी ग्राम पियरी, थाना चौबेपुर के खिलाफ सिंधोरा पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी के अनुसार, यह मामला 6 मार्च को थाना सिंधोरा क्षेत्र स्थित एस.बी. इंटर कॉलेज, बूंची परीक्षा केंद्र पर आयोजित इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान परीक्षा के दौरान सामने आया था। जांच में पता चला कि परीक्षार्थी वैभव कुमार सिंह पुत्र प्रवीण सिंह, निवासी फत्तेपुर, थाना सिंधोरा, की जगह उसका मित्र नारायण भारद्वाज परीक्षा देने बैठा था।परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक ने प्रवेश पत्र और आधार कार्ड पर अंकित फोटो का मिलान किया तो दोनों में असंगति पाई गई। कक्ष निरीक्षक की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बेला थाना क्षेत्र के याकूबपुर चौकी इलाके में मंगलवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बूथ अध्यक्ष की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान केदारनाथ रखवारिया(57) के रूप में हुई है, जो भाजपा के पट्टी ज्ञानी रखवारिया बूथ अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। सूचना पर पहुंची पुलिस और विद्युत विभाग की टीमों ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 7 बजे केदारनाथ अपने घर के बाहर साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका संपर्क घर के पास स्थित एक पेड़ से हुआ, जिसमें 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन का करंट उतर आया और तेज करंट की चपेट में आने से केदारनाथ गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल तिर्वा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के परिवार में पत्नी विमला देवी, बड़े पुत्र राघवेंद्र और छोटे पुत्र जितेंद्र हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बेला थाना प्रभारी गंगा दास गौतम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तिर्वा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रक ने सो रहे वृद्ध को कुचला, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जनपद नोएडा में थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के सी- ब्लॉक औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार की रात सड़क किनारे सो रहे एक व्यक्ति को अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी अमित काकरान ने बताया कि एटा जिले रहने वाले रोहित (32) सेक्टर 63 में सड़क किनारे बीती रात को सो रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और उसने सड़क किनारे सो रहे रोहित कुमार को कुचल दिया। इस घटना में रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# आईसक्रीम पॉर्लर संचालक को रिश्ते के मामा ने मौत के घाट उतारा

## शव केले के खेत में फेंक दिया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आइसक्रीम पॉर्लर संचालक की रिश्ते के मामा ने हत्या कर दी। उसका शव केले के खेत में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी मामा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव की है। मृतक सचिन सिंह (22) साल इंद्रपुरी कॉलोनी, मड़ियांव का रहने वाला था। सोमवार रात करीब 9 बजे अपने रिश्ते के मामा ब्रजेश सिंह के साथ उसके गांव अकबरपुर आया था। मंगलवार सुबह सचिन सिंह का शव ब्रजेश के केले के खेत में मिला। मौके से शराब की बोतल भी बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में आया है कि दोनों ने साथ में शराब पार्टी की। इस दौरान किसी बात पर हुए विवाद के बाद मामा ने भांजे का गला घोंटकर हत्या कर दी। हालांकि, हत्या की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हुई।



सचिन सिंह जानकीपुरम के यादव चौराहे पर आइसक्रीम पार्लर चलाता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे रिश्ते का मामा ब्रजेश सिंह सचिन को अपने साथ अपने घर ले गया। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ब्रजेश सिंह के बड़े भाई पौरूष सिंह को गांव के एक युवक ने बताया कि ब्रजेश ने सचिन की हत्या कर दी है। परिजनों ने बताया कि पौरूष सिंह ने ढ्ढहूरोड काशीराम कॉलोनी में रहने वाले अपने मामा सतेंद्र सिंह (सचिन के नाना भी हैं) को घटना की जानकारी दी। सतेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी राम शंकर सिंह को दी। बेटे की हत्या



की खबर सुनकर राम शंकर सिंह सत्येंद्र सिंह यानी अपनी ससुराल पहुंचे। वहां से परिजनों के साथ मड़ियांव थाने गए और पूरा घटनाक्रम बताया। सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस और परिजनों के साथ वह लोग अकबपुर में ब्रजेश सिंह के केले के खेत में पहुंचे। वहां सचिन का शव मिला। शरीर पर नेक्कर और बनियान थी। गले पर रस्सी से कसाने का निशान था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। सत्येंद्र सिंह ने बताया कि ब्रजेश घर से भाग गया था। उसका मोबाइल भी बंद था। उसके परिचितों से पूदताछ की गई तो पता चला कि वह इटौंजा में है। इस पर उसके बड़े भाई पौरुष उसके पास गए। कहा कि उसे कुछ नहीं होने देंगे और उसे बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सचिन और ब्रजेश रिश्ते के मामा-भांजे थे, लेकिन दोनों बहुत अच्छी दोस्ती थी। दोनों साथ में घूमते-फिरते थे। रिश्तेदारी आदि में भी साथ ही जाते थे। ब्रजेश ने सचिन की किस बात को लेकर हत्या कर दी यह पता नहीं चला है। परिजनों ने बताया कि सचिन सोमवार रात में ठीक था। रात में करीब 10 बजे उसने अपनी मां को फोन किया था। उन्हें बताया था कि वह ब्रजेश मामा के घर पर है। वहीं से सुबह आइसक्रीम पार्लर जाएगा। मंगलवार सुबह उसकी हत्या की सूचना मिली। सचिन का शव ब्रजेश के घर से करीब 500 मीटर दूर मिला।



# सौर एवं अक्षय ऊर्जा में देशभर में अव्वल बना उत्तर प्रदेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सौर एवं अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रदेश को केंद्र सरकार सम्मानित करने जा रही है। केंद्रीय उर्जा मंत्रालय ने प्रदेश का चयन पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए किया है। यह सम्मान जल्द ही नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश ने सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में देश के लिए मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि यूपी देश का पहला राज्य है जिसने पीएम सूर्य घर योजना के लिए विशेष डैशबोर्ड विकसित कर रियल-टाइम मॉनिटरिंग और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की है। ऊर्जा मंत्री के अनुसार पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में अब तक 9.91 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे 5.64 लाख से अधिक परिवार सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान समय तक 1,888 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सौर क्षमता विकसित की जा चुकी है। योजना के लाभार्थियों को केंद्र सरकार की ओर से 3,602 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी प्रदान की गई है, जबकि राज्य सरकार ने अतिरिक्त सहायता के रूप में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी उपलब्ध कराई है।सौर ऊर्जा के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए सरकारी संस्थानों में भी बड़े पैमाने पर काम किया गया है। प्रदेश के लगभग 9,200 सरकारी भवनों पर 247 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा जल जीवन मिशन के अंतर्गत करीब 900 मेगावाट तथा 691 वाणिज्यिक एवं औद्योगिक भवनों पर 220 मेगावाट सौर क्षमता विकसित की गई है। कृषि क्षेत्र में भी सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीएम कुसुम स्कीम के सी-1 घटक के तहत प्रदेश में 7,821 सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे किसानों को सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। ऊर्जा विभाग का मानना है कि सौर ऊर्जा उत्पादन और उपयोग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि न केवल प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाला यह सम्मान राज्य की इसी उपलब्धि का राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण माना जा रहा है।

# पेपर लीक पर चर्चा अभियान को प्रदेशव्यापी बनाया जाएगा : संजय सिंह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश में हो रहे पेपर लीक और भर्ती घोटालों को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लखनऊ में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही अनियमितताओं ने लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है।उन्होंने दावा किया कि 2017 से अब तक दरोगा भर्ती, लेखपाल, यूपीटीईटी, यूपी पुलिस कांस्टेबल और आरओ-एआरओ जैसी कई परीक्षाओं में पेपर लीक या निरस्तीकरण की घटनाएं सामने आई हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार गंभीर मामलों पर कार्रवाई करने के बजाय इस मुद्दे पर चर्चा को भी रोकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयागराज में छात्रों और छात्र नेताओं की गिरफ्तारी सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि पेपर लीक पर चर्चा अभियान को प्रदेश के सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाएगा और युवाओं को जोड़कर सख्त कानून की मांग की जाएगी। आम आदमी पार्टी ने भी इस अभियान के जरिए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग को आगे बढ़ाने की बात कही है।

# यूपीपीसीएल के पेंशनरों को तोहफा महंगाई राहत बढ़कर 60 प्रतिशत हुई

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) एवं उसकी सहयोगी विद्युत वितरण कंपनियों के पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ मिलेगा। कॉरपोरेशन ने 1 जनवरी 2026 से पुनरीक्षित पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन पर 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत स्वीकृत कर दी है। इसके साथ ही महंगाई राहत की कुल दर 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई है।यूपीपीसीएल के निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय उत्तर प्रदेश शासन के वित्त विभाग द्वारा 21 मई 2026 को जारी शासनादेश के अनुरूप लिया गया है। राज्य सरकार ने अपने सिविल एवं पारिवारिक पेंशनरों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत प्रदान करने की स्वीकृति दी थी, जिसके क्रम में पावर कॉरपोरेशन एवं उसकी सहयोगी वितरण कंपनियों तथा केस्को के पेंशनरों को भी समान लाभ दिया गया है।आदेश के अनुसार बढ़ी हुई महंगाई राहत 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी और पुनरीक्षित पेंशन तथा पारिवारिक पेंशन पर 60 प्रतिशत की दर से देय होगी। यह सुविधा 1 जनवरी 2016 से पुनरीक्षित अनंतिम पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों पर भी लागू होगी।कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि महंगाई राहत की गणना में एक रुपये के आधे से कम राशि को नजरअंदाज किया जाएगा, जबकि आधा या उससे अधिक राशि को पूर्ण रुपये माना जाएगा। साथ ही अतिरिक्त महंगाई राहत के भुगतान के लिए किसी अलग प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी तथा राजकीय कोषागार सीधे इस आदेश के आधार पर भुगतान कर सकेंगे।

# चुनावी खर्चों के लिए बिजली महंगी कर रही भाजपा : अखिलेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर बिजली बिलों में अधिभार (सरचार्ज) लगाकर 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर आम जनता की जेब काट रही है।श्री यादव ने बताया कि भाजपा सरकार लगातार डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर और बिजली के दाम बढ़ा रही है, जिससे गरीब और किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि प्रदेश की जनता 2027 में भाजपा को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी, तभी महंगाई से निजात मिल पाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार से निराशा इतनी बढ़ गई है कि लोग नाउम्मीद होकर आत्मदाह के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आवास के सामने अपनी रोज़ी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे रोडवेज संविदाकर्मियों द्वारा आत्मदाह करने के प्रयास को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता का अहंकार सरकार को संवेदनहीन बना चुका है, जिससे पीड़ितों की पुकार, गुहार और चीत्कार तक सुनाई नहीं देती। उनका कहना था कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक असफलता नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय संवेदनाओं की भी अनदेखी है।अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर जनता पर वित्तीय बोझ डाल रही है। उनका दावा है कि भाजपा चुनावों के खर्चों को जनता के खर्च पर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बिजली और ईंधन के दामों के कारण जनता परेशान है और यही 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का कारण बनेगा।

# बड़े मंगल पर सपा मुख्यालय और सदर में हुआ पूजन

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय सहित राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन और भंडारों का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने वीरवर हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया।समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में बड़े मंगलवार के अवसर पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर राजेंद्र चौधरी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाभाव से पूजन किया और उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।इसके बाद राजधानी के विधानसभा कैंट क्षेत्र स्थित सदर में प्रभू दयाल सेठ रोड पर सेठ परिवार द्वारा आयोजित पारंपरिक भंडारे में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित इस भंडारे में राजेंद्र चौधरी ने हनुमान जी के पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया।भंडारे में पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी, हलुआ, शिकंजी और आइसक्रीम का वितरण किया गया। दोपहर से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विशेष कार्याधिकारी आशीष यादव सोनू, वरिष्ठ पत्रकार मधुकर त्रिवेदी तथा सेठ परिवार के सदस्य मनोज सेठ, अजय सेठ, विशाल सेठ, दिलीप सेठ, रवि सेठ, अर्श, सौरभ, अभय, अतुल, अंजु, अमीशा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रविन्द्र अरोरा, मनप्रीत सिंह, कमल सिंह, देवेन्द्र सिंह, विनायक मेहरा, मुकुल टंडन, सोमेश टंडन, जाहिद, पुत्तू, विशाल, विकास, रुचि, संजय खान और अनीश गर्ग सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया।बड़े मंगलवार के अवसर पर राजधानी में विभिन्न स्थानों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों और भंडारों में भारी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना की।

# प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल : अजय राय

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने गृह मंत्री को लिखा पत्र



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय हस्तक्षेप और जवाबदेही तय करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार, संगठित अपराध, रंगदारी, मादक पदार्थों की तस्करी और पुलिस उत्पीड़न जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही कानून-व्यवस्था को बेहतर बताने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में पुलिस मुठभेड़ों (एनकाउंटर) को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 के पहले पांच महीनों में 23 अपराधियों के मुठभेड़ में मारे जाने की बात कही गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मई 2026 में दो दिनों के भीतर 35 मुठभेड़ों की सूचना सार्वजनिक की गई थी, जो कई सवाल खड़े करती है। श्री राय ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों–गाजियाबाद, लखनऊ, फिरोजाबाद, बहराइच, हमीरपुर, महोबा, गाजीपुर, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, हापुड़ और फतेहपुर–में गंभीर आपराधिक घटनाएं सामने आई हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठते हैं।उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और कहा कि हाल के महीनों में सामने आए कई मामलों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इनमें प्रतियोगी छात्राओं के साथ अपराध, अपहरण, यौन शोषण और हत्या जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र में कई मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की, जिनमें विभिन्न जिलों के हत्याकांड, अपहरण और कथित आपराधिक मामलों की निष्पक्ष जांच शामिल है। उन्होंने यह भी मांग की कि चर्चित सिरप कांड, विनीत राय हत्याकांड, सियाराम उपाध्याय मृत्यु प्रकरण और अन्य मामलों की समयबद्ध जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उन्होंने प्रशासनिक कार्रवाई के तौर पर अपनाई जा रही बुलडोजर नीति की भी कानूनी और संवैधानिक समीक्षा की मांग की। अंत में अजय राय ने कहा कि प्रदेश की जनता को केवल दावों की नहीं बल्कि भयमुक्त वातावरण, निष्पक्ष न्याय प्रणाली और जवाबदेह प्रशासन की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस गंभीर स्थिति पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है।

# प्रेरणा कैंटीन बनीं महिलाओं की आजीविका का आधार, 5200 से अधिक 'लखपति दीदी' तैयार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ** उत्तर प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने की दिशा में संचालित प्रेरणा कैंटीन योजना उल्लेखनीय परिणाम दे रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में महिलाओं को विभिन्न आयवर्धक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयासों को लगातार गति दी जा रही है। इसी कड़ी में प्रेरणा कैंटीन महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन का एक प्रभावी माध्यम बनप्देश सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेरणा कैंटीनों के विस्तार पर विशेष बल दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिए थे कि समूहों की महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगारपरक गतिविधियों से जोड़ा जाए, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और 'लखपति दीदी' अभियान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।वर्तमान में प्रदेशभर में स्वयं सहायता समूहों द्वारा 2000 से अधिक प्रेरणा कैंटीनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 832 प्रेरणा कैंटीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त विकास भवनों, चयनित महाविद्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भी इन कैंटीनों का सफल संचालन किया जा रहा है।इन कैंटीनों के संचालन से प्रदेश की 7628 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। महिलाएं न केवल रोजगार प्राप्त कर रही हैं, बल्कि नियमित आय अर्जित कर अपने परिवार की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्थिति को भी सुदृढ़ बना रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रेरणा कैंटीनों से जुड़कर अब तक लगभग 5200 महिलाएं 'लखपति दीदी' की श्रेणी में पहुंच चुकी हैं।प्रेरणा कैंटीन, जिन्हें 'दीदी की रसोई' के नाम से भी जाना जाता है, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करा रही हैं। इससे मरीजों, उनके तीमारदारों तथा आम नागरिकों को उचित दरों पर भोजन और नाश्ता उपलब्ध हो रहा है। दूसरी ओर समूह की महिलाओं को स्थायी आय का एक मजबूत स्रोत प्राप्त हो रहा है।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने कहा कि प्रेरणा कैंटीन महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# आईटीआई में बेटियों को बड़ा प्रोत्साहन 100 रुपये में होगा आवेदन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश को लेकर बालिकाओं को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। नए सत्र 2026-27 के लिए स्टेट काउंसलिंग फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग ने अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत छात्राओं को केवल 100 रुपये में ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा मिलेगी।नई व्यवस्था के अनुसार बालिकाओं के लिए आवेदन शुल्क को काफी कम रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लड़कियां तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकें। सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 250 रुपये आवेदन शुल्क तय किया गया है। अधिसूचना में यह भी प्रावधान किया गया है कि राजकीय आईटीआई और निजी संस्थानों में प्रवेश के लिए राज्यस्तरीय खिलाड़ियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बच्चों को वरीयता दी जाएगी। सेवानिवृत्त कर्मियों के बच्चों को 10 अंक तथा राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को 3 अंक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। इसके साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ भी यथावत रहेगा। प्रवेश प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन 8वीं और 10वीं कक्षा की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद मेरिट सूची तैयार कर प्रथम चरण में सीटों का आवंटन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को आवेदन के दौरान तीन विकल्प चुनने की सुविधा दी जाएगी–राजकीय आईटीआई, पीपीपी मॉडल संस्थान, निजी आईटीआई या दोनों प्रकार के संस्थान। नई व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह भी किया गया है कि राजकीय आईटीआई और पीपीपी मॉडल संस्थानों की 75 प्रतिशत सीटें संबंधित जिले के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी। प्रवेश केवल एनसीवीटी और एससीवीटी से मान्यता प्राप्त ट्रेडों में ही दिया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की संभावना है और यह लगभग 25 कार्य दिवस तक चलेगी। आवेदन जमा करने के बाद अभ्यर्थियों को दो दिन तक संशोधन की सुविधा भी दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस कदम से प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और विशेषकर बेटियों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# शिक्षामित्रों ने जून में मानदेय देने पर दिया जोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्रों को जून में गर्मी की छुट्टियों में स्कूल बंद होने से मानदेय नहीं मिलता है। राजधानी में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की प्रांतीय बैठक में इसकी तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।शिक्षामित्रों ने कहा कि सरकार जल्द जून के मानदेय के संकट को हल करे। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि आदेश के बाद भी शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी और महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के पास जिलों में तबादला नहीं हो रहा है। इसका जल्द समाधान निकाला जाए। पदाधिकारियों ने मानदेय में की गई वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री के जन्मदिन 5 जून को प्रदेश भर में पौधरोपण करने का भी निर्णय लिया। एमएलसी स्नातक खंड अवनीश कुमार सिंह ने शिक्षामित्रों को सरकार द्वारा हर संभव मदद व समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में प्रदेश के सभी प्रांतीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर संजय शर्मा, महामंत्री सुशील यादव, श्याम लाल यादव, कौशल कुमार सिंह, जगवीर भाटी, राजेंद्र सिंह पचेरा, ऋषि पाल सिंह यादव आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी

### सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, बाराबंकी

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–08/अ0अ0/2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित कार्य हेतु उन फर्मो से जो जी0एस0टी0/ बिक्रीकर तथा सिंचाई विभाग में यांत्रिक श्रेणी के अन्तर्गत "ए" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत हों, से अधोलिखित विवरणानुसार मुहरबन्द अतिअल्पकालीन निविदायें दिनांक-09.06.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 09.06.2026, दिन मंगलवार, अपरान्ह 16:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.06.2026 से दिनांक 09.06.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से 14:00 बजे तक निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित मूल्य जो वापस नही होगा, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ धरोहर धनराशि जो नीचे अंकित सूची के अनुसार है राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय डाकघर द्वारा जारी सावधि जमा/ बचत पत्र जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति मे प्रस्तुत निविदा पर विचार नही किया जायेगा। प्राविधिक सम्परीक्षा कोष्ठ अथवा अन्य परीक्षण मे कराये गये कार्य की गुणवत्ता के विरूद्ध जो कटौतियां प्रस्तावित होंगी वह ठेकेदार अदा करने हेतु बाध्य होगा।

कार्य का विवरण

| निविदा सूचना संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 08/EE/ 2026-27 | जनपद अयोध्या के तहसील रूदौली के अन्तर्गत रौनाही तटबन्ध के आबादी के तरफ वर्षाकाल में जलभराव के निराकरण हेतु ग्राम-नैपुरा के समीप पम्पिंग स्टेशन स्थापित करने की परियोजना (विद्युत/यांत्रिक) के अन्तर्गत Fabrication Of steel railing का कार्य। | (As per BOQ) | Rs. 9200.00 | Rs. 150.00+ 18 % GST+ Rs. 500/- | 15days |


नियम एवं शर्तें

1. उक्त निविदा सूचना से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें वेबसाईट http://idup.gov.inपर उपलब्ध रहेगी। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/ शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।
2. निविदा को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति के पास निहित होगा, नियम व शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है।
3. निविदा खुलने की प्रस्तावित तिथि को राजपत्रित अवकाश घोषित होने की दशा में अगले कार्यदिवस को निविदा खुलने की तिथि माना जायेगा।
4. निविदा केवल कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, बाराबंकी के कार्यालय द्वारा विक्रय किये गये वैध निविदा प्रपत्र पर ही मान्य होगी।

उ0प्र0 252037 दिनांक- 02.06.2026
Website: www.upgov.nic.in

(शशांक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता



# विद्युत आपूर्ति में लापरवाही पर सख्त हुए ऊर्जा मंत्री



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न विद्युत व्यवधानों, उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण तथा वितरण निगमों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।बैठक में ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत वितरण निगमों के कार्यों का निगमवार मूल्यांकन किया और विभिन्न क्षेत्रों में आई तकनीकी बाधाओं तथा उनके समाधान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान जैसी प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण यदि कहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो उसे तत्काल बहाल करने के लिए प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जानी चाहिए।जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सिद्धार्थनगर जनपद से संबंधित मामलों को गंभीरता से लिया। अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा।बैठक के दौरान संविदा कर्मियों से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। ऊर्जा मंत्री ने संविदाकर्मियों को सेवा से हटाए जाने संबंधी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना उचित कारण किसी भी संविदाकर्मी की सेवाएं समाप्त न की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में संविदा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके हितों की रक्षा करना विभाग की जिम्मेदारी है।इसके साथ ही मंत्री ने विधायक निधि से प्रस्तावित विद्युत विभाग की विभिन्न विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि जनता को बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्यों को गति दी जाए।बैठक में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति तथा विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि आशीष गोयल तथा विभिन्न विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक दूरस्थ माध्यम से शामिल हुए।

# त्रिवेणी इंजीनियरिंग को 4.05 करोड़ रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि मंजूर

**स्वतंत्र भारत , लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने और रोजगार सृजन को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाई मेसर्स त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 4.05 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि का भुगतान प्रथम किश्त के रूप में किया जाएगा।औद्योगिक विकास विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार कंपनी को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में कुल 4 करोड़ 4 लाख 47 हजार 54 रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी को देय प्रसंस्करण शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए 59 हजार रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है। इस प्रकार कुल 4 करोड़ 5 लाख 6 हजार 54 रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई है।प्रदेश सरकार का मानना है कि औद्योगिक इकाइयों को समयबद्ध वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने से निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और राज्य में नए उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही उत्पादन गतिविधियों में वृद्धि होने से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।राज्य सरकार पिछले कुछ वर्षों से औद्योगिक विकास को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने पर विशेष जोर दे रही है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थापित इकाइयों को भी आवश्यक प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस प्रकार के प्रोत्साहन से न केवल औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में शामिल करना है, जिसके लिए निवेश, आधारभूत संरचना विकास और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े उद्योगों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि से निवेश का सकारात्मक माहौल बनता है और अन्य कंपनियां भी राज्य में निवेश के लिए प्रेरित होती हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति मिलती है।प्रदेश सरकार का यह निर्णय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और निवेशकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# एयरपोर्ट पर हाजियों का हंगामा, गश खाकर गिरा वृद्ध

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सऊदी से हाजियों का पहला जत्था

**-हाजी बोले- लगेज गायब, लॉक टूटे और महंगे सामान चोरी हो गए**

पहुंचा। सऊदी अरब से लखनऊ आने वाले हाजियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। हाजियों का आरोप है कि उनसे सामान चोरी हो गए हैं। लगेज गायब हैं। कुछ लगेज के लॉक टूटे हैं।इसको लेकर हाजियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान एक बुजुर्ग हाजी चक्कर खाकर गिर गए। अन्य हाजियों ने उन्हें संभाला।



इसका वीडियो सामने आया है। गोंडा के अकबर अली ने बताया कि अपनी पत्नी के साथ हज करके वापस लौटे हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर उनका एक बैग गायब हो गया। 3 घंटे इंतजार के बाद भी एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।

कानपुर की एक महिला हाजी ने बताया कि वह फ्लाइट ह्रझ 9062 फ्लाइनास से सुबह 4:40 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। जब उन्हें उनका सामान मिला तो बैग के ऊपर लगा प्लास्टिक का सील पैक हटा था। ताला लगा था, लेकिन ऐसा लग रहा था कि चेन खोलकर सामान निकाल लिया गया है। जब बैग खोलकर चेक किया तो 6 परफ्यूम, पांच सिल्वर रिंग, नाक की 2 कील, 5 हिजाब, बच्चों के खिलौने समेत कई सामान गायब थे। एक हाजी ने अपना लगेज दिखाते हुए बताया कि उसके लगेज का लॉक तोड़ दिया गया है। इसके अंदर परफ्यूम , नमाज मैट, हिजाब समेत कई सामान थे। लखनऊ के एयरपोर्ट पर ताला तोड़कर चोरी किया गया हम लोग पूरा हज करके आए। हबीब नाम के हाजी ने बताया कि उनके 2 लगेज चोरी हो गए। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी कोई जवाब देने को तैयार नहीं है।

इस पूरे मामले में उत्तर प्रदेश हज कमेटी की तरफ से बताया गया कि बहुत सा लगेज अभी आ नहीं आ पाया है। इस वजह से कुछ हाजियों को लग रहा है कि उनके लगेज गायब हो गए हैं। इसके अलावा जिन हाजियों की तरफ से सामान चोरी की बात कही जा रही है उसकी जांच की जाएगी।

### 17 जून तक आएंगे हाजी

हज-2026 के लिए लखनऊ उड़ान स्थल से वापसी उड़ानों का सिलसिला 1 जून 2026 से शुरू हो गया है, जो 17 जून 2026 तक जारी रहेगा। हज यात्रियों के आगमन पर उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सचिव मोहम्मद तारिक ने गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया। हाजी जब चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे तो उन्हें देखकर परिजनों की आंखें नम हो गईं। हज करके लौटे हाजियों को देखते ही परिवार के लोगों ने गले लगा लिया और खुशी के आंसू निकल पड़े।परिवार वालों ने एक दूसरे से मिलकर मुबारक सफर के कामयाब होने की बधाई दी। वतन वापसी पर खुशी का इजहार किया। हाजी रिजवान ने कहा कि 40 दिनों के बाद अपने परिवार से मिल रहे हैं। अच्छा लग रहा है।

# हवाई अड्डे पर करोड़ों का गांजा पकड़ा गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर शाम करीब 5 बजे मस्कट से लखनऊ आए हवाई यात्री के बैग से करीब 13 किलो अवैध गांजा चॉकलेट के पैकेट में छिपाकर लेकर आया था। लगेज चेकिंग के दौरान कस्टम की टीम ने उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल कर रही है।

कस्टम अधिकारियों के अनुसार, 1 जून को मस्कट से लखनऊ आने वाली उड़ान संख्या डब्ल्यूई-265 के एक चेक-इन बैगेज की एक्स-रे जांच के दौरान संदिग्ध सामग्री का पता चला। इसके बाद अधिकारियों ने संबंधित यात्री की पहचान की, उसे ट्रैक किया और रोककर उसके सामान की तलाशी ली। उसके बैग में रखे पांच चॉकलेट पैकेटों के भीतर छिपाकर रखे गए कुल 10 पॉलिथीन पैकेट बरामद हुए। इन पैकेटों में हरे रंग का पदार्थ था, जिसके गांजा या हाइड्रोपोनिक मारिजुआना होने का संदेह है।

बरामद पदार्थ का कुल वजन लगभग 13 किलोग्राम है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 13 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्राथमिक जांच के आधार पर, संदिग्ध पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 43(ए) के तहत जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यात्री ने अधिनियम की धारा 8 का उल्लंघन करते हुए दंडनीय अपराध किया है।उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# घर में मिले दंपति समेत तीन के शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के साउथ मलाका अंतर्गत एक घर के अंदर एक ही परिवार के तीन शव मंगलवार को मिले हैं। वहीं घटना के बाद से बेटा गायब है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य का कहना है कि अभी जांच चल रही है। दुर्गन्ध आने के बाद पड़ोसियों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घर के अंदर तीन लोगों के शव मिले हैं। फॉरेंसिक और पुलिस टीम जांच कर रही है। घटना के पीछे क्या कारण हैं और किसका हाथ है, इसका पता लगाया जा रहा है।

# आरपीएफ के 54वें बैच की पासिंग आउट परेड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ स्थित जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी में भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा (आरपीएफ)

**-तमन्ना दुआ बनीं बेस्ट ऑलराउंडर, हर्ष दुबे बने बेस्ट आउटडोर ट्रेनी**

के 54वें बैच की भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। करीब 78 हफ्तों का प्रशिक्षण पूरी कर यह लोग अधिकारी रेलवे की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। ट्रेनिंग में तमन्ना दुआ को 'बेस्ट ऑलराउंडर ट्रेनी' तथा हर्ष दुबे को 'बेस्ट आउटडोर ट्रेनी' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बेहद भावुक और गरिमामयी रही। सबसे पहले अकादमी के शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले आरपीएफ के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इन युवा अधिकारियों को रेलवे सुरक्षा प्रबंधन के लिए हर मोर्चे पर तैयार किया गया है। ट्रेनिंग में क्रिमिनल लॉ, रेलवे सुरक्षा और इन्वेस्टिगेशन प्रोसेस की जानकारी अधिकारियों ने सीखी है। साइबर क्राइम और खुफिया जानकारी जुटाने आपदा प्रबंधन लीडरशिप क्वालिटी, फील्ड एक्सपीरियंस की भी ट्रेनिंग अधिकारियों को मिली है। सरकारी रेलवे पुलिस सिविल पुलिस के साथ ग्राउंड पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के एमसीपी महानिरीक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता ने नव नियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि रेलवे की सुरक्षा में उनकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने सभी को ईमानदारी, व्यावसायिक उत्कृष्टता और जनता की सेवा के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अकादमी के महानिरीक्षक-सह-निदेशक बी वेंकटेश्वर राव ने सभी पास-आउट हो रहे नए अधिकारियों को देश और रेलवे की सेवा की शपथ दिलाई। इस मौके पर रायबरेली के आरपीएफ महानिरीक्षक रमेश चंद्र समेत रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी, रिटायर्ड अफसर और नए अधिकारियों के परिवार वाले मौजूद रहे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीजीपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 32,679 सिपाही नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए 8 से 10 जून

**-शासन के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें**

तक लिखित परीक्षा होगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल और डीजीपी राजीव कृष्ण ने यह परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों, डीएम तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही स्वीकार



नहीं होगी। सभी अधिकारी गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की सफलता सतर्कता व अनुशासन पर निर्भर करती है। अधिकारी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन कराने के निर्देश दिये हैं। वहीं भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर ने बताया कि प्रदेश भर में कुल 1,183 केंद्रों पर लिखित परीक्षा कराई जाएगी।बीते दिनों नीट और सीयूईटी में सामने आई गड़बड़ियों के बाद पेपर लीक गिरोह द्वारा सिपाही भर्ती परीक्षा को निशाना बनाने की आशंका की वजह से एसटीएफ समेत सभी सुरक्षा एजेंसियों और जिलों की पुलिस को सर्तक रहकर संदिग्धों को चिह्नित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# गनर की रिवॉल्वर चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के थाना माधौगढ़ पुलिस ने मंगलवार को बसपा नेता आशीष पांडेय के निजी गनर से चोरी हुई लाइसेंसी रिवॉल्वर के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध रूप से रखा गया एक जिंदा 32 बोर का कारतूस भी बरामद किया है। आरोपित की पहचान मुरारी द्विवेदी पुत्र शम्भू द्विवेदी के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक आरोपित मुरारी द्विवेदी बसपा प्रत्याशी के घर में घरेलू नौकर का काम करता था। उसने 25 मई को मौका पाकर प्राइवेट गनर जयवीर सिंह कुशवाहा की लाइसेंसी रिवॉल्वर (32 बोर) को छिपा दिया था। इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस टीम ने आरोपित की निशानदेही पर वह जिंदा कारतूस बरामद कर चोरी हुए असलहे को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

> अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने बताया कि अभियुक्त मुरारी द्विवेदी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार उरई भेज दिया गया।

# बिहार और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने ठगी करने वाले को दबोचा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बागपत जिले की पुलिस ने एक ऐसे साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को एसपी क्राइम मुख्यालय बताकर उत्तर प्रदेश और बिहार के कई पुलिस अधिकारियों से ऑनलाइन ठगी की। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बिहार के मोतिहारी जिले के थाना लखौरा क्षेत्र स्थित लक्ष्मीपुर कटहारिया निवासी लाल मोहन राय के रूप में हुई है। वह वर्तमान में हरियाणा के फरीदाबाद में परिवार के साथ रह रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपित अपने दो साथियों के साथ मिलकर पहले पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करता था और खुद को एसपी क्राइम मुख्यालय का अधिकारी बताकर थाना या चौकी प्रभारियों के मोबाइल नंबर हासिल कर लेता था। इसके बाद वह अधिकारियों को कॉल कर डीजीपी के करीबी स्वर्ण कारोबारी से सोना लूटने वाले बदमाशों को पकड़ने के नाम पर रुपये ट्रांसफर कराने का दबाव बनाता था। बागपत की ललियाना चौकी इंचार्ज अमित कुमार से इसी तरीके से 25 हजार रुपये ठग लिए गए थे। जांच के दौरान आरोपित का नाम सामने आया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में उसने जमुई की थाना प्रभारी रूबी कुमारी, सिद्धार्थनगर के चौकी इंचार्ज सुदीप कुमार यादव समेत करीब 20 पुलिसकर्मियों से लाखों रुपये की ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस उसके फरार साथियों की तलाश कर रही है।

एसपी बागपत सूरज कुमार राय का कहना है कि पुलिसकर्मियों को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाला बिहार का एक साइबर ठग पकड़ा गया है उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

# भ्रष्टाचार निवारण संगठन की कार्रवाई, चार जिलों में रिश्वतखोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देशन में आगरा, अयोध्या, बांदा और गोरखपुर में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए विभिन्न शिकायतों के आधार पर रिश्वत लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया है। आगरा से चपरासी अमर सिंह और नीरज कुमार को 20,000 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। अयोध्या से राजस्व लेखपाल विवेक कुमार को 5,000 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। बांदा से वरिष्ठ सहायक लिपिक अक्षय राहुल को 13,000 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। गोरखपुर से सहायक फील्ड ऑफिसर हरेराम और चपरासी जय ओम को 20,000 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई से उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार नियंत्रण और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की कोशिश को बल मिला है।

# पांचवें बड़े मंगल पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद का विशाल भंडारा



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बांसमंडी में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी विवेक शिवाजी नागवंशी 'रॉकी' ने बताया कि लगभग 5000 श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों के लिए पूड़ी-सब्जी, छोले-चावल और बूंदी का वितरण किया गया। भंडारे को सफल बनाने में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के धर्मेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश सिंह, निर्भय बाबू, सुरेंद्र वर्मा, असुनेश कुमार, शुक्ला जी पान सहित कार्यालय के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए 9.02 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने और उद्योगों के विस्तार को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना-2012 के अंतर्गत पात्र औद्योगिक इकाइयों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के लिए 9 करोड़ 2 लाख 16 हजार 777 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं।सरकार के इस निर्णय को प्रदेश में निवेश-अनुकूल वातावरण को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।जारी आदेश के अनुसार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना-2012 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 125 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है।

इसी प्रावधान के अंतर्गत अयोध्या स्थित मेसर्स अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी की माजा उत्पादन इकाई को 2 करोड़ 53 लाख 65 हजार 906 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं कंपनी की मिनरल वाटर इकाई के लिए 3 करोड़ 19 लाख 54 हजार 509 रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मंजूर किया गया है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इसी कंपनी की मिनरल वाटर इकाई को 3 करोड़ 28 लाख 96 हजार 362 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस प्रकार कंपनी की पात्र औद्योगिक इकाइयों को कुल 9 करोड़ 2 लाख 16 हजार 777 रुपये की धनराशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वितरित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी और उद्योगों के विस्तार को बल मिलेगा।प्रदेश सरकार लगातार ऐसी नीतियां लागू कर रही है जिनके माध्यम से नए निवेशकों को आकर्षित करने के साथ-साथ पहले से स्थापित उद्योगों को भी विस्तार के लिए प्रोत्साहन दिया जा सके। औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना-2012 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत पात्र इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें प्रतिस्पर्धी और सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में स्थापित करना है। इसके लिए निवेश, आधारभूत संरचना विकास, विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ब्याज मुक्त ऋण जैसी सुविधाएं उद्योगों को वित्तीय मजबूती प्रदान करती हैं और नए निवेश को भी आकर्षित करती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक इकाइयों को समयबद्ध वित्तीय सहायता उपलब्ध कराए जाने से उत्पादन और निवेश दोनों में वृद्धि होती है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, सहायक उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होता है।उत्तर प्रदेश सरकार का यह निर्णय औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन और आर्थिक गतिविधियों को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे प्रदेश की औद्योगिक प्रगति को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

# दो महीने से वेतन नहीं मिलने पर पीसीएस अधिकारियों में नाराजगी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनात अनेक प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारियों को पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने का मामला सामने आया है। इस

**प्रोन्नत पीसीएस संघ ने शासन से किया हस्तक्षेप का अनुरोध**

संबंध में उत्तर प्रदेश पीसीएस (प्रोन्नत) अधिकारी संघ ने शासन को पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संघ का कहना है कि नियुक्ति अनुभाग-11 द्वारा समय से वेतन पर्चियां जारी न किए जाने के कारण अप्रैल और मई माह का वेतन आहरित नहीं हो सका है, जिससे अधिकारियों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।संघ के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने प्रमुख सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को भेजे पत्र में कहा है कि प्रदेश के कई जनपदों में कार्यरत पीसीएस अधिकारियों को लगातार दो माह से वेतन नहीं मिला है। संघ के संज्ञान में आए मामलों के अनुसार वेतन भुगतान में देरी का मुख्य कारण नियुक्ति अनुभाग-11 द्वारा संबंधित अधिकारियों की वेतन पर्चियां समय पर जारी न किया जाना है। वेतन पर्ची के अभाव में कोषागार से वेतन का आहरण संभव नहीं हो पा रहा है।संघ ने अपने पत्र में कहा है कि लगातार दो महीने तक वेतन न मिलने से अधिकारियों को अपने पारिवारिक खर्चों के संचालन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की शिक्षा, गृह ऋण और अन्य ऋणों की मासिक किश्तों के भुगतान, चिकित्सा व्यय तथा दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे अधिकारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ने के साथ-साथ मानसिक तनाव भी उत्पन्न हो रहा है।पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित अधिकारी फील्ड और सचिवालय स्तर पर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में केवल तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कारणों से वेतन का रुक जाना उनके मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। संघ का मानना है कि नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया होने के बावजूद वेतन पर्चियां जारी करने में हो रही देरी चिंताजनक है।संघ ने शासन का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया है कि अभी तक वेतन पर्चियों के निर्गमन में हो रहे विलंब का कोई स्पष्ट और ठोस कारण सामने नहीं आया है। जबकि यह प्रक्रिया प्रत्येक माह नियमित रूप से पूरी की जाती है। ऐसी स्थिति में अधिकारियों को बिना किसी गलती के वेतन से वंचित रहना पड़ रहा है।उत्तर प्रदेश पीसीएस (प्रोन्नत) अधिकारी संघ ने प्रमुख सचिव से अनुरोध किया है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि लंबित वेतन पर्चियां युद्धस्तर पर जारी की जा सकें और प्रभावित अधिकारियों का अप्रैल एवं मई माह का वेतन शीघ्र भुगतान हो सके।संघ के अनुसार सीतापुर, बलिया, प्रतापगढ़, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, मैनपुरी, देवरिया, मथुरा, बुलंदशहर, अमरोहा, महाराजगंज, संत कबीर नगर और लखनऊ सहित कई जनपदों के अधिकारी इस समस्या से प्रभावित हैं।

दो महीने से वेतन न मिलने के कारण इन अधिकारियों में असंतोष बढ़ रहा है।संघ ने उम्मीद जताई है कि शासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र निर्णय लेकर लंबित वेतन भुगतान का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रशासनिक हलकों में भी इस मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है, क्योंकि प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों के वेतन भुगतान में इतनी लंबी देरी असामान्य मानी जा रही है।

# लोक कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को नई दिशा

स्वतंत्र भारत लखनऊ। उत्तर प्रदेश की लोक कला, सांस्कृतिक परंपराओं और शैक्षणिक अनुसंधान को नई मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के बीच मंगलवार को एक समझौता

**संगीत नाटक अकादमी और सुभारती विश्वविद्यालय के बीच हुआ समझौता**

ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के माध्यम से दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करेंगी। पर्यटन विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दस्तावेजों का आदान-प्रदान कर सहयोग की नई शुरुआत की।इस अवसर पर जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के साथ इससे पहले भी चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं और अब यह नया सहयोग कला, संस्कृति और शैक्षणिक अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते समय में अनेक लोक कलाएं और पारंपरिक सांस्कृतिक विधाएं विलुप्त होने के कगार पर पहुंच रही हैं। ऐसे में उनका संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। यदि इन परंपराओं को व्यवस्थित रूप से संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक विरासत से दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि युवाओं में अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना विकसित हो।समझौते के तहत दोनों संस्थाएं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों और अनुसंधान गतिविधियों के माध्यम से शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, नृत्य, नाट्य कला और अन्य पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देंगी।

# पोषणयुक्त भोजन से बच्चों का हो रहा सर्वांगीण विकास

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य और पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री पोषण योजना के माध्यम से राजकीय, परिषदीय तथा सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के लाखों छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को मजबूती मिल रही है तथा कुपोषण के खिलाफ चल रहे अभियान को भी नई गति प्राप्त हुई है।बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री पोषण योजना केवल विद्यालयों में भोजन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से पौष्टिक भोजन मिलने से बच्चों की सीखने की क्षमता, एकाग्रता और उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर ही आधारित हो सकती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में पोषणयुक्त और गुणवत्तापूर्ण भोजन प्राप्त हो। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा को अत्यंत आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है।योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा तथा 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 700 कैलोरी ऊर्जा और 20 ग्राम प्रोटीन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पोषण मानक बच्चों के शारीरिक विकास, रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाने, मानसिक एकाग्रता विकसित करने तथा शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।बच्चों के भोजन को अधिक संतुलित और पौष्टिक बनाने के लिए सप्ताह के विभिन्न दिनों में दाल, हरी सब्जियां, सोयाबीन युक्त व्यंजन, दूध और मौसमी फल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे बच्चों को कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, लौह तत्व तथा अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मिल रहे हैं। यह व्यवस्था न केवल उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि उनके समग्र विकास को भी गति प्रदान कर रही है।संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि बच्चों को स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करना है। बेहतर पोषण मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उनकी विद्यालयों में नियमित उपस्थिति और अध्ययन में रुचि भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और पोषण को एक साथ जोड़कर सरकार कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।प्रदेश सरकार का मानना है कि स्वस्थ और पोषित बच्चे ही भविष्य में समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला बनेंगे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## तीन महीने

तीन महीने से धधक रहा पश्चिम एशिया क्षेत्र व्यापक रूप से अशांत बना हुआ है, खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, खुद ईरान व्यापक तबाही झेलने के बाद जबर्दस्त पलटवार करता जा रहा है, वहीं पहली बार यह भी साबित हो गया है कि खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी संपदा तेल और गैस पर पूरी दुनिया कितनी अधिक निर्भर करती है। इस क्षेत्र के देशों को भी अपने रणनीतिक महत्व का एहसास हो चला है। इनमें ईरान भी शाामिल है जिसे खूब पता था कि उसके द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने का दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर कितना गंभीर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे तेल की किल्लत होनी थी और दाम बढ़ने ही थे। साथ ही ईरान ने होर्मुज पर जब अपनी पकड़ सख्त की तो अमेरिका भी झटका खाकर सकते में आ गया। अब ईरान के इस कदम का अमेरिका के पास कोई जवाब नहीं है। यह पहली बार हुआ जब ईरान ने घोषित किया कि जो भी जहाज होर्मुज पार करके जाएंगे, उन्हें शुल्क अदा करना पड़ेगा। जबकि अभी तक यह माना जाता था कि होर्मुज सबका है और उससे होकर आने-जाने में किसी को कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर मैदान-ए-जंग में भी ईरान उन्नीस नहीं पड़ा। अमेरिका जैसी दुनिया की ऐसी शक्ति जिसका मुकाबला करने की कोई सोच भी नहीं सकता, को भी ईरान तीन महीने से जीत नहीं हासिल करने दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध से पहले अगर यह सोचा रहा हो कि ईरान के शीर्ष नेतृत्व को मिटा देने से उनकी राह आसान हो जाएगी तो वह भी नहीं हुआ। ईरान ने बता दिया कि अपनी छोटी मिसाइलों और ड्रोन टेक्नोलॉजी के बल पर भी वह लंबे समय तक दो-दो हाथ करने का दम रखता है। अमेरिका का नुकसान इसी आंकड़े से साफ हो जाता है कि युद्ध में अब तक वह 2.7 अरब डॉलर से अधिक फूंक चुका है और चालीस एयरक्राफ्ट नष्ट हो चुके हैं। यह बहुत बड़ा नुकसान है जिसे ट्रंप भी समझ रहे हैं। प्रेक्षकों का यह मानना गलत नहीं है कि इसीलिए युद्ध विराम को लेकर अमेरिका ज्यादा उत्सुक है। लेकिन घूम फिरकर सवाल वहीं आ जाता है कि अगर जंग जारी रही तो भारत समेत दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं का कितना विघटन होगा। अच्छे-खासे सुरक्षित रास्ते पर अचानक तूफान जैसा बदलाव बड़ी चिंता की बात है। इससे निपटने का एक ही रास्ता ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश का है। इस पर काम हो रहा है लेकिन उसमें जितना विलंब होगा, उतना ही नुकसान सभी देशों को उठाना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य सेवाएं

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की काफी दयनीय स्थिति सब कुछ दुरुस्त होने के दावों की हकीकत बयां कर देती है। स्पष्ट है कि इन सेवाओं के लिए समानता और संतुलन की जरूरत पर ध्यान नहीं दिया गया है। एक रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र के लखनऊ समेत छह जिलों में तीन हजार से ज्यादा अस्पतालों की कमी है। इसमें सबसे खराब स्थिति हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की है जबकि आधारभूत स्वास्थ्य सेवा के लिए ये दोनों ही बहुत जरूरी हैं क्योंकि अधिकांश लोगों के लिए यही सबसे सुलभ होते हैं। इसे यों समझें कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा और जांच की पहली कड़ी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ही होते हैं। उनकी कमी का सीधा असर गांव में बसे लोगों पर पड़ेगा। यह हाल शुरू भी हो चुका है क्योंकि उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है और मरीज लखनऊ रेफर किया जा रहे हैं। इस संबंध में एक सर्वेक्षण के मुताबिक यूपीएससीआर के लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, बाराबंकी और हरदोई क्षेत्र में इन अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या आबादी और भौगोलिक जरूरत के लिहाज से काफी कम है। रिपोर्ट का कहना है कि अगले कुछ बरसों में स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कुछ और बढ़ेगा क्योंकि तब स्थानीय जनसंख्या और बाहर से आकर बसने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ चुकी होगी। इस समय की स्थिति के अनुसार बड़े मेडिकल संस्थान और विशेषज्ञ अस्पताल लखनऊ में ही केंद्रित हैं। ऐसे में अगर जिला और तहसील स्तरों पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ न हो सकीं तो आने वाले समय में लखनऊ के अस्पतालों में स्थिति स्वाभाविक रूप से गंभीर हो जाएगी। लखनऊ चूंकि राजधानी है तो ज्यादातर सुविधाओं को यहीं केंद्रित कर दिया गया। हकीकत यह है कि चिकित्सा सुविधाओं की जरूरत हर जगह के लोगों को पड़ती है। अगर स्थानीय स्तर पर यह उपलब्ध न हो तो निकटतम सुलभ बेहतर अस्पतालों में जाएंगे ही। इस दृष्टि से स्वास्थ्य विभाग के लिए यह बड़ी चुनौती है। यूपीएससीआर में चिकित्सा सुविधाओं को इस तरह विकसित किया जाए जिससे लोगों को दूसरी जगह जाने के बारे में सोचना भी न पड़े।

## काँव-काँव

♦♦♦

**नीट परीक्षा में बदलाव अभी संभव नहीं-कोर्ट**
तुगलकी फैसलों का रिकॉर्ड कैसे बनेगा हुजूर?

**प्रतिभाशाली छात्राओं से प्रेरणा लें छात्र - योगी**
लंबे बाल, कानों में बालियों से शुरुआत हुई है!

**आपरेशन सिंदूर से बढ़ा भारतीय हथियार मार्केट**
पहलगाम में मरे भारतीयों का खून काम आया!

**जनसमस्याओं का समाधान समय पर करें-योगी**
चार साल समस्याएं, चुनाव से पहले समाधान!

**कामर्शियल गैस सिलेंडरों के दाम फिर बढ़ाये गये**
पढ़े लिखे बेरोजगार पकौड़े भी नहीं तल पायेंगे?

**पीएम स्वनिधि से जुड़े हैं पचपन लाख स्ट्रीट वेंडर**
लेकिन इनकी नागरिकता का परीक्षण बाकी है!

♦♦♦


# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

**– अनिरुद्ध गौड़**

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि जंगल से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायवर्सिटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है। देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।
वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मॉडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।
नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें वर्ष 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ।
अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 वीआईआईआर के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।
भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है। इसलिए आग फैलने से रोकना बहुत ही जरूरी है। वनों की आग को नियंत्रित करने में वही पुराने साधन और संसाधनों से आग काबू पाने के लिए राज्यों के महकमे लगे हुए हैं। तकनीक से हम बेहतर तरीके से मॉनिटर कर पा रहे हैं, लेकिन विकसित देशों की तरह वनों की आग को काबू पाने के इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

सत्, असत् और उनसे भी परे अक्षर अर्थात् अक्षय स्वरूप आप ही हैं। अर्जुन ने अक्षय स्वरूप का प्रत्यक्ष दर्शन किया था। केवल बौद्धिक स्तर पर कल्पना करने या मान लेने मात्र से कोई ऐसी स्थिति नहीं मिलती, जो अक्षय हो। अर्जुन का प्रत्यक्ष दर्शन उसकी आन्तरिक अनुभूति है। उसने सविनय कहा-
त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण-सिपल स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्। वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम हाम त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ।। 38 ।।
आप आदिदेव और सनातन पुरुष हैं। आप इस जगत् के परम आश्रय और जाननेवाले हैं, जानने योग्य हैं तथा परमधाम हैं। हे अनन्तस्वरूप ! आपसे यह सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है। आप सर्वत्र हैं।
वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः प्रजापतिस्त्वं प्रपितामहश्च । नमो नमस्तेऽस्तु सहस्त्रकृत्वः पली पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ।। 39 ।।
आप ही वायु, यमराज, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा तथा प्रजा के स्वामी ब्रह्मा और ब्रह्मा के भी पिता हैं। आपको हजारों बार नमस्कार है। फिर भी बार-बार नमस्कार है। अतिशय श्रद्धा और भक्ति के कारण नमन करते हुए अर्जुन को तृप्ति नहीं हो रही है। वह कहता है-
नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोऽस्तु ते सर्वत एवं सर्व। काग अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं
सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ।।40 ।।
हे अत्यन्त सामर्थ्यवाले! आपको आगे से और पीछे से भी नमस्कार हो। हे सर्वात्मन् ! आपको सब ओर से ही नमस्कार हो; क्योंकि हे अत्यन्त पराक्रमशाली ! आप सब ओर से संसार को व्याप्त किये हुए हैं, इसलिये आप ही सर्वरूप और सर्वत्र हैं। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कःकालः कानि मित्राणि को देशः कौ व्ययागमौ।**
**कश्चाहं का च मे शक्तिरचि चिन्त्यं मुहुर्मुहुः।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को निरन्तर यह विचार करते रहना चाहिए कि मेरा समय कैसा चल रहा है, मेरे मित्र कितने हैं और कौन-कौन हैं, मेरा निवासस्थान कैसा है, मेरी आय और व्यय कितना है, मैं कौन हूं तथा मेरी शक्ति कितनी है?

♦♦♦

# शिक्षण संस्थानों में सुनिश्चित हो नैतिकता



**– शिशिर शुक्ला**

शिक्षा एक ऐसा आभूषण है जो मनुष्य के व्यक्तित्व को उत्कृष्ट चारित्रिक आयामों तक पहुंचाता है। यदि यह कहा जाए कि नैतिकता एवं चरित्र की सरिता का उद्गम शिक्षालय ही होता है, तो इसमें लेशमात्र भी संदेह नहीं है। किंतु हाल की खबरें इस अटूट सत्य एवं विश्वास पर एक कठोर आघात करती हुई प्रतीत होती हैं। हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के एक शिक्षक के द्वारा परीक्षा के प्रश्नपत्र आउट करने के बदले में एक छात्रा पर व्यक्तिगत रूप से मिलने हेतु दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसा कोई एक ही मामला नहीं है, अपितु अनेक ऐसे मामले प्रकाश में आकर गुरु शिष्य संबंध की पवित्रता को कलंकित करते रहते हैं। कुछ दिन पूर्व मध्य प्रदेश के रीवा से भी एक ऐसी ही घटना प्रकाश में आई थी, जिसमें शिक्षक के द्वारा छात्रा को अश्लील एवं धमकाने वाले संदेश भेजे गए थे। इसी तरह का एक मामला कुछ माह पूर्व दिल्ली विश्वविद्यालय से भी सामने आया था जिसमें छात्रा ने प्रोफेसर पर उत्पीड़न एवं धमकी देने का आरोप लगाया था। विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय वस्तुतः समाज के ऐसे केंद्र होते हैं जहाँ युवा पीढ़ी अपने व्यक्तित्व, दृष्टिकोण और संस्कारों को आकार एवं दिशा देती है। शिक्षक को हमारी भारतीय परंपरा में ईश्वर के समतुल्य माना गया है क्योंकि वह एक अध्यापक के साथ साथ पथप्रदर्शक की भूमिका का भी निर्वहन करता है। ज़रा कल्पना कीजिए कि जब वही शिक्षक अपने पद, प्रभाव और अधिकार का दुरुपयोग करने लगेगा, तो शैक्षिक परिदृश्य किस स्तर तक विषाक्त होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि कतिपय चरित्रहीनों की शर्मनाक गतिविधियों की वजह से सम्पूर्ण शिक्षा जगत को समाज के उपेक्षित दृष्टिकोण का शिकार होने पर विवश होना पड़ता है। परीक्षा एवं अंको का लालच देकर विद्यार्थियों बल्कि विशेषतः छात्राओं से अभद्रतापूर्ण व्यवहार निश्चित रूप से संबंधित शिक्षक के पतित चरित्र एवं निम्न मानसिक स्तर का परिचायक है। ये घटनाएं कहीं न कहीं इस बात को इंगित करती हैं कि आज गुरु शिष्य संबंध विश्वास, सम्मान एवं पवित्रता के आवरण से बाहर निकलकर भय, असुरक्षा एवं संदेह के घेरे में प्रविष्ट हो चुका है।कहीं न कहीं इसके पीछे संस्थागत विफलता दृष्टिगोचर होती है।प्रायः विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आंतरिक शिकायत समितियाँ तो गठित हो जाती हैं, किंतु अधिकांश मामलों में उनकी सक्रियता केवल कागज़ों तक सीमित रहती है। छात्राएँ अक्सर शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं क्योंकि उन्हें बदनामी, प्रताड़ना या शैक्षणिक क्षति का भय सताता है। कई बार आरोपी शिक्षक का प्रभाव इतना अधिक होता है कि पीड़ित पक्ष स्वयं को असहाय महसूस करता है, नतीज़तन अनेक घटनाएँ सामने आने से पहले ही दबा दी जाती हैं।
आज शिक्षण संस्थानों का परिवेश भी शनैःशनैः नैतिक केंद्रों की अपेक्षा प्रतिस्पर्धी और व्यावसायिक ढाँचों में बदलते जा रहे हैं। शिक्षक और छात्र के बीच संवाद का स्वरूप भी परिवर्तित हुआ है। डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया ने संपर्क को निस्संदेह आसान बनाया है, किंतु शिक्षक व शिक्षार्थी के मध्य की सीमारेखा को धुंधला कर दिया है। इन घटनाओं का सबसे गंभीर प्रभाव छात्राओं की मनःस्थिति पर पड़ता है। उनकी दृष्टि में शिक्षण संस्थान असुरक्षा एवं भय का प्रतीक बन जाते हैं, परिणामतः उनका आत्मविश्वास प्रभावित होता है और कई बार वे



अवसाद, तनाव तथा आत्मग्लानि जैसी स्थितियों का सामना करती हैं। व्यक्तित्व एवं चरित्र को गढ़ने के लिए मन का स्वच्छंद एवं निर्भीक होना अनिवार्य है। किंतु शिक्षक का चरित्र ही जब परिवेश को दूषित करने लगेगा, तब विद्यार्थी स्वयं को असहाय एवं असहज महसूस करेगा। आवश्यकता है इस माहौल को बदलने की ताकि शैक्षिक उन्नयन की प्रक्रिया निर्बाध रूप से गतिमान रह सके। शिक्षकों का भी सतत शैक्षिक एवं चारित्रिक मूल्यांकन पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए ताकि वे अपने विषय के साथ निरंतर गतिमान रह सकें। एक शिक्षक अपने विद्यार्थी के लिए आदर्श होता है, अतः उसका चारित्रिक उज्ज्वलता, मानवीय संवेदनाओं, अनुशासन एवं नैतिक संतुलन से ओतप्रोत होना अनिवार्य है ताकि वह राष्ट्र के लिए गुणवत्तापूर्ण भविष्य का निर्माण कर सके। विद्यार्थियों का अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक होना भी नितांत आवश्यक है। अक्सर सामाजिक दबाव अथवा करियर खराब हो जाने का भय छात्राओं की आवाज़ को दबा देता है। शिक्षण संस्थानों को ऐसा वातावरण देना होगा जहाँ पीड़ित अथवा पीड़िता बिना भय के शिकायत कर सके और साथ ही उसे न्याय मिलने का भी पूर्ण भरोसा हो। समाज और अभिभावकों की सहयोगात्मक भूमिका भी यहाँ पर बेहद अहम है। यह भी आवश्यक है कि हम पूरे शिक्षक समुदाय पर संदेह का दृष्टिपात न करें। आज भी अनेक शिक्षक अत्यंत ईमानदारी और समर्पण से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। वे विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक दिशा दे रहे हैं और समाज को बेहतर बना रहे हैं। किंतु जिस प्रकार एक मछली पूरे तालाब को गंदा करती है, उसी तरह कुछ लोगों का अनैतिक आचरण पूरे शिक्षक समाज की गरिमा को आहत करता है। इसलिए सर्वाधिक आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक स्वयं आत्ममंथन करें एवं समझें कि समाज व राष्ट्र को उनकी किस छवि की आवश्यकता है। दोषियों के लिए कठोर दंड व कार्यवाही का प्रावधान होना चाहिए किंतु मात्र दोषियों को दंडित कर देना ही समस्या का हल नहीं है। चूंकि डिजिटल माध्यमों का शिक्षा में दखल बढ़ चुका है, अतः शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य संवाद हेतु एक स्पष्ट आचार संहिता होनी चाहिए। देर रात निजी संदेश, अनावश्यक व्यक्तिगत संपर्क एवं अधिकारों के दुरुपयोग पर संस्थागत निगरानी नितांत आवश्यक है।
विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण एवं शिकायत प्रक्रिया के प्रति भलीभांति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे ऐसी किसी भी घटना से भयभीत हुए बिना अन्याय के प्रति खुलकर मुखरित होकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकें। शिक्षालय केवल ईंटों से निर्मित भवन नहीं होते, अपितु वे समाज के भविष्य की सर्वोत्तम प्रयोगशाला होते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### जीवन की कुंजी

एक राजा था। बड़ा पुरुषार्थी था। अपने पुरुषार्थ से उसने राज्य को दूर-दूर तक फैला दिया। उसकी प्रजा बड़ी सुखी थी।
धीरे-धीरे राजा पर बुढ़ापा छाने लगा। उसे चिन्ता होने लगी कि उसने राज्य को चलाने के लिए योग्य उत्तराधिकारी न हुआ तो उसके किये-कराये पर पानी फिर जायगा। उसके एक लड़का था। उसी को गद्दी पर बैठना था, लेकिन वह बड़ा प्रमादी था। हाथ-पैर हिलाना उसे पसंद न था। बहुत सोच-विचार के बाद राजा उसे लेकर एक साधु के पास गया और उन्हें सारी बात बताकर लड़के को आश्रम में छोड़ आया। साधु बड़े तेजस्वी थे। उन्होंने राजकुमार से कहा, वत्स, यहां से चार कोस पर एक जंगल है। तुम सवेरे ही वहां जाओ और फूलों के पौधे लाकर आश्रम के अहाते में लगाओ।''
राजकुमार को बड़ा बुरा लगा। अरे, यह काम तो नौकरों के करने का है, उसका नहीं, वह तो यहां राज्य-व्यवस्था के बारे में शिक्षा लेने आया है, लेकिन उसके पिता कह गये थे कि साधु जो कहें, वह करना। मन मारकर अगले दिन से वह उस काम में लग गया। उसने जंगल से लाकर पौधे लगाये, साधु के आदेश पर उन्हें सींचा और जानवरों से बचाने के लिए उनकी रात-दिन रखवाली की। फिर क्या था! कुछ ही दिनों में सारा आश्रम तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूलों से लहलहा उठा। राजकुमार की खुशी का ठिकाना न रहा। साधु ने उसे शाबाशी दी। कहा, ''वत्स, लाखों की एक बात हमेशा याद रखना। जो सोता है, उसका भाग्य सोता है, जो बैठता है, उसका भाग्य बैठता है और जो चलता है, उसका भाग्य चलता है। इसलिए हमारे धर्मग्रंथों ने कहा है, चलते रहो, चलते रहो। देखो, सक्रियता से आश्रम का रूप ही बदल गया है।''
राजकुमार को शासन की ही नहीं, जीवन की भी कुंजी मिल गई।

## आपका पत्र मिला

### आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था। बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है। हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है। एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है।
संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की स्टेप-बाई-स्टेप गाइड, समझें पूरी प्रक्रिया




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए री-इवैल्यूएशन पोर्टल 2 जून 2026 से सक्रिय कर दिया है। छात्र अब अपने अंकों के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्र लंबे समय से पोर्टल शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि यह 1 जून को शुरू होने की उम्मीद थी। पोर्टल में देरी होने के बाद कई छात्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी चिंता भी जताई थी। इस वर्ष 4 लाख से अधिक छात्रों ने लगभग 11 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की कॉपी एक्सेस करने के लिए आवेदन किया है। सीबीएसई ने कहा है कि सुबह 7 बजे के बाद पोर्टल में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या की सूचना नहीं मिली और पोर्टल सामान्य रूप से काम कर रहा है।

**छात्रों के सवालों का जवाब दे रहा सीबीएसई-** सीबीएसई लगातार छात्रों के सवालों का जवाब अपने आधिकारिक एक्स हैंडल के जरिए दे रहा है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस बार आधार सत्यापन को अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के तौर पर लागू किया गया है। इसके अलावा बोर्ड ने प्रक्रिया को आसान बनाते हुए छात्रों को एक ही आवेदन में कई सेवाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा दी है। अब अलग-अलग प्रक्रिया के लिए अलग आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी।

**ऐसे करें री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन-** छात्र नीचे दिए गए आसान स्टेप्स को फॉलो करके री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकते हैं-

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट postresult.cbseit.in पर जाएं।

रोल नंबर या यूजर आईडी की मदद से लॉगिन करें।

आधार से संबंधित जानकारी दर्ज करके "Sign In" पर क्लिक करें।

डैशबोर्ड पर "Re-evaluation of Marks" विकल्प चुनें।

जिन विषयों की उत्तर पुस्तिका उपलब्ध है, उनकी सूची स्क्रीन पर दिखाई देगी।

संबंधित प्रश्न संख्या, सब-सेक्शन, पेज नंबर, दिए गए अंक, अपेक्षित अंक और री-इवैल्यूएशन का कारण दर्ज करें।

छात्र एक से अधिक प्रश्नों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

"Save and Continue to Preview" पर क्लिक करें।

सभी जानकारी ध्यान से जांच लें।

"Freeze and Proceed to Payment" पर क्लिक करें।

फीस जमा करें और आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

आवेदन फॉर्म डाउनलोड करें और स्टेटस ट्रैक करें।

सीबीएसई ने साफ किया है कि एक बार आवेदन फ्रीज होकर भुगतान के लिए सबमिट हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

# सीजी व्यापम ने जारी किया प्री-बीएड एंट्रेंस एग्जाम का एडमिट कार्ड

**11 जून को परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर ने प्री-बीएड एंट्रेस एग्जामिनेशन 2026 के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर जाकर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड की आवश्यकता होगी।

**कब होगी सीजी व्यापम प्री-बीएड एंट्रेस की परीक्षा?**

आधिकारिक सूचना के अनुसार प्री-बीएड एंट्रेस एग्जाम का आयोजन 11 जून 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है।

**परीक्षा केंद्र पर दो घंटे पहले पहुंचने की सलाह**

सीजी व्यापम ने उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी है। बोर्ड के अनुसार पहचान सत्यापन और फ्रिस्किंग प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त समय रखा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि एडमिट कार्ड में दिए गए समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# इंटरव्यू को करना है क्रैक तो ऐसे छोड़ें अपनी छाप



आप फ्रेशर हैं या ऐसे पेशेवर हैं, जो नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं। तो यह आपके लिए थोड़ा असहज भरा और तनावपूर्ण हो सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इंटरव्यू लेने वालों को प्रभावित करने के लिए आपके पास बेहद कम समय होता है। यह दबाव आपको अस्वाभाविक या औपचारिक व्यवहार करने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे आपका असली व्यक्तित्व छिप जाता है। साक्षात्कारकर्ता से लंबे समय तक जुड़े रहने और दूसरों से अलग दिखने के लिए सही बातें कहने के बजाय प्रामाणिक होना महत्त्वपूर्ण है। इससे न सिर्फ आप इंटरव्यू लेने वाले पर एक अपनी छाप छोड़ेंगे, बल्कि खुद को टीम के लिए एक अच्छे उम्मीदवार के रूप में भी प्रस्तुत कर पाएंगे।

**आत्म जागरूकता से शुरुआत करें : -**

इंटरव्यू में अपने असली व्यक्तित्व को पेश करने के लिए अपने व्यक्तित्व को समझना शुरू करें। इस बारे में सोचें कि आप ज्यादा मिलनसार हैं या ज्यादा संकोची, रचनात्मक या विश्लेषणात्मक। यह आत्म जागरूकता आपको अपने जवाबों को अपनी शैली के अनुसार ढालने में मदद करती है। यदि आपके व्यक्तित्व के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें किसी साक्षात्कार में कम महत्व दिया जा सकता है, तो आप अपनी प्रामाणिकता से समझौता किए बिना इन पहलुओं को बदलने का प्रयास करें।

**बॉडी लैंग्वेज को पहचाने आपकी बॉडी लैंग्वेज :-**

आपके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब होती है। आप अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तियों के प्रति ईमानदार रहें। इसके लिए आपकी बॉडी लैंग्वेज और चेहरे के भाव अच्छे और प्रभावी होने चाहिए। शीशे के सामने या किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष इंटरव्यू का अभ्यास करें, जिनके सामने खुद को सहजता से व्यक्त कर सकें। शांत और विचारशील भाव रखने की कोशिश करें। ऐसा करने से आपको चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निकलने और बातचीत को प्रामाणिक बनाए रखने में मदद मिलती है।

**संपर्क बनाने की योजना बनाएं :-**

इंटरव्यू लेने वाले के साथ एक अच्छा संबंध बनाने और आपकी बातचीत प्रामाणिक और पेशेवर, दोनों बनी रहे, इसके लिए, पहले से योजना बनाना महत्वपूर्ण है। अपने साक्षात्कारकर्ता के बारे में शोध करें। अपने अनुभवों को साझा करना या कंपनी के मूल्यों के बारे में बेझिझक सवाल पूछना, जैसे कि सामाजिक जिम्मेदारी पर इसका ध्यान आदि आपको सामान्य आधार खोजने और बातचीत को सार्थक बनाने में मदद कर सकता है। ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार देते समय एक आरामदायक और परिचित स्थान चुनें, जहां आप सहज महसूस कर सकें। हालांकि, आपको विपरित परिस्थितियों के लिए भी तैयारी करनी चाहिए। इस बारे में सोचें कि यदि साक्षात्कार में आपका ध्यान भटकता है, तो आप स्वाभाविक रूप से कैसे प्रतिक्रिया देंगे। इन सभी कारकों पर विशेष रूप से काम करें।

## कॅरियर अलर्ट

### UPSSSC लोअर पीसीएस भर्ती 2026

यूपी में सरकारी नौकरी पाने की बढ़िया अपॉर्चुनिटी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लोअर पीसीएस के 2516 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा के जरिए निदेशालय कोषागार, सहकारी समितियां, कृषि उत्पादन मंडी, नगर निकाय निदेशालय,परिवार कल्याण महानिदेशालय समेत विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री और पीईटी 2025 स्कोरकार्ड है, वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि पदानुसार अलग-अलग योग्यता भी तय की गई है। इस वैकेंसी में आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से 18 जून 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर चलेगी।

### एसएससी सीजीएल 2026

स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने एसएससी सीजीएल वैकेंसी की भी घोषणा कर दी है। इस साल 12256 पदों पर रिक्तियां निकली हैं। जिसके लिए ग्रेजुएट कैंडिडेट्स एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर लास्ट डेट 22 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। वहीं एप्लिकेशन फीस 23 जून 2026 तक भरी जा सकेगी। सीजीएल टियर I अगस्त/सितंबर 2026 में आयोजित किया जा सकता है। वहीं इस साल से सीजीएल के एग्जाम में सेक्शनल टाइमिंग लागू होगी। टियर में हर सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

### UPSSSC टेक्निकल असिस्टेंट भर्ती

उत्तर प्रदेश में ग्रुप सी टेक्निकल असिस्टेंट के 2759 पदों पर बड़ी भर्ती निकली हुई है। जिन भी उम्मीदवारों ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीएससी एग्रीकल्चर/हॉर्टिकल्चर/होमसाइंस/कम्युनिटी साइंस/फॉरेस्ट्री या बी.ई/बीटेक इंजीनियरिंग की डिग्री एग्रीकल्चर में हासिल की है और उनके पास पीईटी-2025 का स्कोरकार्ड भी है, वो इसमें अप्लाई कर सकते हैं। लास्ट डेट 11 जून 2026 तक आवेदन जारी रहेंगे। इस अवधि के दौरान आप कभी भी ऑनलाइन ऑफिशियल वेबसाइट upsssc.gov.in पर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

# कॅरियर स्विच करने का बना रहे हैं प्लान तो ध्यान रखें ये बातें

कई बार ऐसा होता है कि लोग कॅरियर में स्विच करते हैं। जिस फील्ड को लोग चुनते हैं, उसको छोड़कर अन्य किसी इंडस्ट्री के साथ कनेक्ट हो जाते हैं। हालांकि ऐसा फैसला विभिन्न परिस्थितियों में लिया जाता है। कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं। ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॅरियर स्विच करने से पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी कॅरियर स्विच करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आप अपने इस फैसले को लेकर कितना श्योर हैं। क्योंकि प्रोफेशन लाइफ में कदम रखने के बाद आप यह बहुत अच्छे से समझ सकते हैं कि इस मोड़ पर कॅरियर स्विच करना कैसा होगा। ऐसे में क्या आप इस फैसले के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। आप चाहें, तो संबंधित फील्ड के अनुभवी और एक्सपर्ट लोगों से सलाह ले सकते हैं। उनकी राय आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी। आप जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं, वहां पर कॅरियर के क्या ऑप्शन हैं, आपका फ्यूचर कितना सिक्योर है और आगे कहां तक प्रोफेशनल ग्रोथ कर पाएंगे। इस सारी बातों पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। इसलिए यह फैसला जल्दबाजी में न लें। बल्कि सोच-समझकर आगे बढ़ें।



# पायलट बन चमकाएं अपना भविष्य, मिलेगा अच्छा वेतन

*वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है। ऐसे में आप इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अपने भविष्य को एक नई दिशा दे सकते हैं। अक्सर आसमान में उड़ते हवाई जहाज को देखकर लोगों के मन में आसमान मापने का सपना होता है। अधिकतर लोग पायलट बनकर आसमान में ऊंची उड़ान भरने का सपना देखते हैं। हालांकि आज के समय में कॅरियर के लिहाज से युवाओं के पास कई तरह के ऑप्शन होते हैं। जिसमें वह डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर आगे बढ़ सकते हैं। तो वहीं कई युवा ऐसे में हैं, जो पायलट बनने का ख्वाब देखते हैं।*

अगर आपका लक्ष्य क्लियर होता है, तो आपको सिर्फ इस ओर बढ़ने की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी पायलट बनकर अपना भविष्य चमकाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फील्ड में बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है।

**ऐसे करें पायलट बनने की तैयारी**

पायलट बनने के लिए आपको 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्य के साथ कम से कम 50 फीसदी अंको से पास होना चाहिए। जिसके बाद आपको किसी एविएशन संस्थान में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा। फिर आपको इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट में पास होना होता है। सभी प्रोसेस में सफल होने के बाद संस्थान में एडमिशन मिलता है। जहां पर आपको प्लेन से जुड़ी बारीकियां सिखाने के साथ प्लेन उड़ाने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी।

**एयरफोर्स में बनें पायलट**

अगर आप इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने का ख्वाब देख रहे हैं, तो आपको 12वीं पास करने के बाद एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम एग्जाम और यूपीएससी एनडीए एग्जाम क्लियर करना होगा। जिसके बाद इंडियन एयरफोर्स कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग देती है। वहीं इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए आप कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम भी दे सकते हैं। हालांकि इस एग्जाम के लिए आपको साइंस स्ट्रीम से 12वीं या फिर बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

**कमर्शियल पायलट**

बता दें कि 12वीं की पढ़ाई के बाद आप एविएशन संस्थान से ट्रेनिंग लेकर बतौर कॉमर्शियल पायलट अपना कॅरियर बना सकते हैं। इसके लिए ट्रेनिंग पीरियड 18-24 महीने का होता है।

फिर कमर्शियल पायलट के लिए आपको रिटेन एग्जाम और फिटनेस टेस्ट देना होता है। इन दोनों चीजों को क्लीयर करने के बाद आपको कमर्शियल पायलट बनने की योग्यता हासिल हो जाती है।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय यौनकर्मी दिवस मनाया जाता है?
(क) 30 मई
(ख) 31 मई
(ग) 1 जून
(घ) 2 जून
उत्तर-(घ)

2. हाल ही में चर्चा में रहा ब्यूफोर्ट किला किस देश में स्थित है जिस पर इजराइल ने कब्जा कर लिया है?
(क) जॉर्डन
(ख) ईरान
(ग) लेबनान
(घ) सीरिया
उत्तर-(ग)

3. निम्न में से किसने भारत का पहला स्वदेशी स्ट्रैटोस्फेरिक सुपर प्रेशर बैलून (SPB) विस्टा लॉन्च किया है?
(क) टाटा डिफेंस
(ख) रेड बैलून एयरोस्पेस
(ग) स्काईरूट
(घ) अशोक लेलैंड
उत्तर-(ख)

4. पद्म भूषण से सम्मानित सुमन कल्याणपुर का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कौन थीं?
(क) गायिका
(ख) भूवैज्ञानिक
(ग) इतिहासकार
(घ) पत्रकार
उत्तर-(क)

5. निम्न में से किस देश का 64 वां स्वतंत्रता दिवस 1 जून 2026 को मनाया गया?
(क) सेशेल्स
(ख) ओमान
(ग) अल्जीरिया
(घ) समोआ
उत्तर-(घ)

# कॅरियर 'डिटॉक्स' करना भी है जरूरी सफल होने की राह में सबसे अहम

व्यस्त जीवन में अपने भविष्य और कॅरियर पर विचार करने के लिए भी समय निकालना जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं कर रहे हैं, तो हो सकता है आप गलत दिशा में बढ़ रहे हों। यह विशेष रूप से आपके कॅरिअर पर लागू होता है। इसलिए हर तीसरे महीने कॅरिअर डिटॉक्स करना महवत्पूर्ण हो जाता है। इसमें मुख्य रूप से तीन चरण शामिल होते हैं। पहले चरण में खुद से कुछ प्रश्न करें, जो इस बात पर केंद्रित हो कि क्या आप अभी भी अपनी वर्तमान स्थिति से खुश हैं? दूसरा चरण आपके मूल्यों को बताता हो और तीसरा चरण, जो आपने सीखा है, उसे अपने कॅरिअर के साथ संरेखित करने के लिए है। जीवन में संतोषजनक परिणाम पाने के लिए अपनी कार्यशैली या कॅरिअर में आवश्यक जोड़-घटाव का अभ्यास करना जरूरी हो जाता है। आत्म-जागरूकता है जरूरी : अधिकांश लोग अपने कार्यों के रिपोर्ट कार्ड के लिए स्व-मूल्यांकन के बजाय दूसरों पर निर्भर रहते हैं। ऐसा करना ठीक नहीं है। पहले खुद से खुद का मूल्यांकन करें, उसके बाद दूसरों की प्रतिक्रियाएं लें। कॅरिअर में संतोषजनक शुरुआत आत्म-नेतृत्व और आत्म-जागरूकता से ही होती है। इसका कारण यह है कि आपको आपसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता। इसके लिए अपनी भावनाओं, सोच और ऊर्जा के स्तर पर विचार करें। किसी विशेष परियोजना या लक्ष्य को पाने की यात्रा में आप जो भी सीखते हैं या उनमें आने वाली चुनौतियों पर भी विचार करें। जोड़-घटाव को समझें : आपके मूल्य ही आपको सबसे ज्यादा प्रेरित करते हैं और सर्वाधिक मायने रखते हैं। वे आपके कार्यों के पीछे के 'क्यों' होते हैं। काम के संदर्भ में आपके मूल्यों में नेतृत्व, पारदर्शिता और अर्थ की भावना आदि शामिल होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ बुधवार, 3 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे तृतीया तिथौ बुध वासरे 21/22/ पूर्वा आषाढ़ नक्षत्रे 25/00/ शुभ योग 08/13/ वणिज करणे 08/13/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.08 मि. 13 से घं.12 मि.22 तक। संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# बेहतर कॅरियर चाहिए तो इन बातों का रखें ध्यान कामयाबी चूमेगी कदम

*एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन बेहतर भविष्य की सीढ़ी की तरह होता है। अच्छे परफॉर्मेंस की रेस और बोर्ड परीक्षा में स्कोर करने के लिए एक छात्र को कितनी मेहनत करनी पड़ती है, इसका फल तभी मिलेगा जब वह सही करियर का रास्ता चुने, लेकिन इसे कैसे किया जाए, यह एक बड़ा सवाल बन जाता है। आइए आज हम आपको ऐसे जरूरी टिप्स के बारे में बता रहे हैं जो 12वीं क्लास पास करने के बाद एक बेहतर करियर विकल्प चुनने में आपकी मदद कर सकते हैं।*



**सोचकर रिसर्च करें**

12वीं क्लास के बाद अपना करियर चुनने से पहले अपनी रूचि पर ध्यान दें। अब जब आपकी बोर्ड परीक्षा खत्म हो चुकी है, तो उस विशेष विषय के बारे में सोचें जो आपको सबसे ज्यादा पसंद हो। आप साइंस स्ट्रीम, कॉमर्स या ह्यूमैनिटीज में हो सकते हैं लेकिन एक ऐसा विषय होना चाहिए जिसे आप खुद से पढ़ते हों, उस एक विषय को ढूंढते हैं और जानकारी जुटाते हों। सबसे पहले उस विषय के बारे में सोचें और तब भविष्य में उस ऑप्शन के स्कोप पर विचार करें और रिसर्च करें।

**सलाह भी जरूरी है-** अगर आप किसी खास विषय में करियर बनाने का मन बना रहे हैं। उस विषय में आगे बढ़ने से पहले अपने माता-पिता, दोस्तों, आस-पड़ोस के शिक्षित लोगों और अपने टीचर से बात करें। उनकी सलाह ले सकते हैं। जो भी डाउट्स हैं उन्हें क्लियर करें और तब करियर का चुनाव करें।

**कोर्स से जॉब तक के लिए मार्केट रिसर्च करें-** कॅरियर का चुनाव करने से पहले मार्केट रिसर्च अच्छा ऑप्शन है।आप जिस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी ले लें जैसे उसकी पढ़ाई कहां-कहां से हो सकती है, कहां कितनी फीस ली जा रही है, उस कोर्स के बाद क्या और कहां जॉब ऑप्शन्स हैं, फ्यूचर में इसका कितना स्कोप है आदि।

**भेड़ चाल से बचें-** अकसर छात्र दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य से इन्फ्लुएंस होकर भेड़ चाल यानी दोस्तों के पीछे-पीछे बेहतर कॅरियर की तलाश में निकल पढ़ते हैं। कई बार ये आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन इससे अच्छा है कि आप खुद पर विश्ववास रखें और अपनी योग्यता, क्षमता, रूचि और ज्ञान के आधार पर सही करियर का चुनाव करें।

**पसंद-नापसंद की लिस्ट बनाएं-** उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिन्हें आप पसंद और नापसंद करते हैं। उदाहरण आपको कौन से विषय सबसे ज्यादा पसंद हैं, क्या आप आर्ट्स में रुचि रखते हैं, क्या आप साहसी हैं, क्या आप कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग आदि में रुचि रखते हैं।अपनी पसंद और नापसंद के आधार पर अपने लिए सही कॅरियर चुनें।

# डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली संस्था के कार्यों को असंतोषजनक करार देते हुए कार्रवाई का लिया निर्णय : महापौर गिरीशपति त्रिपाठी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** रामपथ पर पोस्ट ऑफिस से श्रीराम जन्मभूमि तक का हिस्सा नो वेंडिंग जोन होगा। इसके पूर्व यहां पटरी पर दुकान चलाने वालों का सर्वे किया जाएगा। यह निर्णय नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने की। बैठक में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार मौजूद थे। बैठक में धर्मपथ, सूर्यकुंड सहित चुनिंदा स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का फैसला किया गया। कार्यकारिणी ने नाका आबकारी भवन के सामने हनुमानजी के मंदिर के निकट चल रही मांस की दुकान हटाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही नगर निगम की दुकानों का किराया पुनर्मूल्यांकन करने के साथ ही 50 दुकानों के नवनिर्माण के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय किया गया। तय किया गया कि लता चौक के पास 15 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य में होने वाले टेंडरिंग व्यवस्था में पीडब्ल्यूडी के नियम को लागू करने का फैसला किया गया। नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि बीते रविवार को आयोजित एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर परिवार अभियान की सफलता के लिए कार्यकारिणी में ध्वनि मत से महापौर और नगर निगम की टीम को बधाई दी। इस मौके पर री-शिड्यूल कर सफाई कर्मियों की अनियमितता दूर करने का निर्णय किया। बताया गया कि कूड़ा निस्तारण के लिए अब तक छह एमआरएफ चालू है। पिरखौली में निर्मित एमआरएफ सेंटर को चालू करने का प्रस्ताव भी इस मौके पर पास किया गया। सफाई व्यवस्था में लगे संस्थाओं के बिल भुगतान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई का निर्णय किया गया। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली एक संस्था के कार्यों को असंतोषजनक कर देते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विस्तारीकरण क्षेत्र से नगर निगम को मिली जमीन नवीन परती, बंजर, ग्राम समाज एवं अन्य प्रकार की जमीनों की पैमाइश कर बैरिकेडिंग करने का निर्णय किया गया। यह भी तय किया गया कि नगर में वन आक्षदित क्षेत्र बढ़ाने के लिए 500 वर्ग मीटर से कम एवं ज्यादा तथा एक एकड़ से अधिक जमीन की तीन श्रेणी बताकर मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर तालाब के जीर्णोद्धार की योजना बनाने का भी निर्णय किया गया। बैठक में कार्यकारिणी उपसभापति संतोष सिंह, कार्यकारिणी सदस्य विशाल पाल, चंदन सिंह, आभा पांडेय, गायत्री देवी, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, रमाशंकर निषाद, विकास कुमार, मनीषा यादव, जगत नारायण यादव के अलावा अपर नगर आयुक्त डॉ.नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, एमटीएस जयप्रकाश, सहायक अभियंता राजपति यादव आदि मौजूद थे।

# जनता दर्शन में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही, बच्ची का बनाया गया आधार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेयजल, आवास, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में आज दर्शन के दौरान गौहनिया अयोध्या निवासी सुनिता गौड़ के द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अपनी 6 वर्षीय पुत्री के आधार कार्ड बनवाए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर व एसएचओ गोसाईगंज तो कार्यवाही के निर्देश दिए। उक्त निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए न्यूनतम समय में सुनिता गौड़ की 6 वर्षीय पुत्री के आधार कार्ड बनवाए जाने की प्रक्रिया पूर्ण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदन शीलता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इधर लगातार जनता दर्शन का कार्यक्रम जनपद के आम जनमानस के लिये लाभकारी सिद्ध हो रहा है। सरकार की मंशा के अनुरूप लगातार चल रहे जनता दर्शन में शहर ही नहीं बल्कि दूरदराज के ग्रामीण भी ज्यादा संख्या में आना शुरू कर दिये हैं और अपनी फरियाद को जिलाधिकारी से सीधे करते हैं तो उनको एक तरफ जहां न्याय मिलता है तो दूसरी तरफ बड़े अधिकारियों के दर्शन हो जा रहा है। आम जनता अपनी शिकायतों को बेहिचक अधिकारियों के सामने जब करती है तो उसे परिप्रेक्ष्य में भी अगर उन्हें त्वरित न्याय मिलता है तो जनता दर्शन का प्रचार स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है जिस नाते से ग्रामीणों में अब जनता दर्शन में भाग लेने व न्याय पाने की लालसा बढ़ती जा रही है। यही नहीं जनता दर्शन में लोगों की भीड़ भी बढ़ने लगी है और उन्हें न्याय मिलना भी आसान हो गया है। जनपद के ग्रामीण व तहसील क्षेत्रों में कर्मचारियों द्वारा मनमानी किये जाने से खफा ग्रामीणों का जिला मुख्यालय पर जनता दर्शन एक सहारा सिद्ध हो रहा है, जिसके माध्यम से उन्हें निरन्तर न्याय मिल रहा है।

# मरी माता मंदिर पर भण्डारे का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नाका स्थित मरी माता मंदिर पर पांचवा बड़े मंगल पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। इस दौरान उन्होंने भगवान बजरंगबली की आरती पूजा कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया। भंडारे का आयोजन मंदिर के पुजारी चंचल दास द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान पुजारी चंचल दास ने भगवान से प्रार्थना किया कि जिले में हो रही गर्मी से जनपद वासियों को राहत मिले। नगर विधायक ने कहा कि अयोध्या में जगह-जगह पर बड़े मंगल के शुभ अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया है। कई जगह शर्बत तो कहीं छोला-चावल साथ ही कहीं-कहीं पर फल भी वितरित किया गया। आज पांचवे मंगल पर दस-दस कदम की दूरी पर भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मनोज जायसवाल राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा, सूर्यकुमार तिवारी, रोहिताश चंद्र राजू, राजकुमार, महेश सोनकर, सुमन, आकाश, विकास सोनी आदि ने शरबत प्रसाद वितरण किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद अम्बेडकरनगर में 'एक पेड़ माँ के नाम'थीम पर व्यापक वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं हरित भविष्य के निर्माण हेतु जनसामान्य की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 में 35 करोड़ पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें जनपद अम्बेडकरनगर में वन विभाग एवं अन्य विभागों को मिलाकर कुल कुल 3700530 (वन विभाग 160000 व अन्य विभागों 2100530) पौधों को रोपित करने का लक्ष्य प्राप्त है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कि विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद के समस्त विकास खण्डों, नगर निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से वृक्षारोपण आयोजित किए जाएं। और कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदी एवं नहरों के किनारे वृक्ष लगाए जाएं। स्थानीय एवं पारंपरिक प्रजातियों तथा फलदार वृक्षों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि समस्त कार्यक्रम प्लास्टिक उपयोग से पूर्णतः मुक्त रखे जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान मातृत्व, प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अभिनव प्रयास है, जिसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प ले सकता है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों, खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों, प्रधानाचार्यों एवं ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया है कि वृक्षारोपण कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के लिए प्रभावी कार्ययोजना भी तैयार की जाए।

# डम्पर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** इनायतनगर थाना क्षेत्र के कुचेरा बाजार स्थित शाहगंज मोड़ पर मंगलवार को सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अयोध्या के खोजनपुर निरालानगर निवासी 45 वर्षीय रामसागर मोटरसाइकिल संख्या यूपी-42 एवी-6499 से किसी कार्य से कुचेरा बाजार आए थे। शाहगंज मोड़ पर कट से दाहिनी ओर मुड़कर सड़क पार करने के दौरान अयोध्या की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर संख्या बीआर-28 जीबी-3711 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगने के बाद रामसागर सड़क पर गिर पड़े। इस बीच डंपर चालक वाहन रोककर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि डंपर में मौजूद दूसरे व्यक्ति ने वाहन को पीछे किया और फिर आगे बढ़ाते समय सड़क पर गिरे बाइक सवार को कुचलते हुए भाग निकला। हादसे में रामसागर का हेलमेट भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उनकी जान नहीं बच सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रामसागर को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में शामिल डंपर को कब्जे में ले लिया गया है।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** इनायतनगर थाना क्षेत्र के निमड़ी मजरे पिलाई गांव में सोमवार देर रात एक विवाहिता का शव घर के भीतर फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष ने पति और ससुर पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। गांव निवासी कपिलदेव की लगभग 30 वर्षीय पत्नी ममता का शव सोमवार रात करीब नौ बजे घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी इनायतनगर रतन कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने भण्डारे का किया शुभारम्भ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सिविल लाइन स्थित स्टेट बैंक तिराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने महाबली हनुमान जी का विधिवत पूजन-अर्चन एवं भोग अर्पित कर किया। भंडारे का आयोजन भाजपा महानगर मंत्री शिवम् शुक्ला द्वारा कराया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनमंगल की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, रमा शरण अवस्थी, अभिषेक मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्य, परमानंद मिश्र, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, शासकीय अधिवक्ता रोहित पाण्डेय एवं संगठन मंत्री अंकित त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर देर शाम तक श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया।

# बड़े मंगल पर हुआ भण्डारे का आयोजन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान ने भी विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और देर शाम तक प्रसाद वितरण का सिलसिला जारी रहा। भाजपा के नेता विशाल सिंह बाबा और विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ गायत्री बचत बाजार के संरक्षक आकाश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामकुमार, मंडल अध्यक्ष प्रतिभा यादव, ओमप्रकाश दुबे, डॉ. नीति श्रीवास्तव, बबीता यादव, अरुण कुमार यादव, निखिल श्रीवास्तव रत्ना जायसवाल, गौरव जयसवाल आदि की प्रमुख भूमिका इस भण्डारे में रही।

# नवीन पर्यटन आवास गृह का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने रामकथा पार्क स्थित निर्माणाधीन नवीन पर्यटन आवास गृह का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आवास गृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, आंतरिक साज-सज्जा, विद्युत, जलापूर्ति एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि शेष सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बढ़ते पर्यटन की दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण पर्यटन अवसंरचना का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। नवीन पर्यटन आवास गृह के पूर्ण होने से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पाण्डेय, उप निदेशक पर्यटन बृजपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अयोध्या की पूर्व आरटीओ ऋतु सिंह को कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या में सम्भागीय परिवहन अधिकारी के रूप में सफल एवं उल्लेखनीय कार्यकाल पूर्ण करने के उपरान्त आज यहां कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी और उनके भविष्य की शुभकामना की। आरटीओ आफिस के अधिकारियों ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहा है। पूर्ण विश्वास है कि आप अपने नवीन दायित्वों का भी उसी निष्ठा प्रतिबद्धता एवं कुशलता के साथ निर्वहन करते

## अपने कार्यों से याद की जायेंगी ऋतु सिंह

हुए विभाग तथा प्रदेश के हित में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। प्रभु श्रीराम व हनुमानजी से प्रार्थना है कि आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व निरन्तरता प्रदान करें व आपके नेतृत्व में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन व्यवस्था के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित है। विदाई समारोह में आरटीओ आफिस के कर्मचारियों ने कहा कि जब तक यहां आप तैनात हैं आपने ड्राइविंग लाइसेंस, हेल्मेट लगाने पर ज्यादा जोर दिया। विभिन्न अयोध्या के स्कूलों के वाहनों का भी विशेष ध्यान दिया जिससे काफी सफल रहा। आपने गर्मी, जाड़ा, बरसात में भी अच्छा काम किया है। अयोध्या और गोरखपुर हाईवे पर निकलकर हेल्मेट व गाड़ियों का चेकिंग करना, यह कोई नहीं भूलेगा। यहां तक कि आपने हेल्मेट के साथ-साथ गाड़ी चलाने वाले को शिक्षा भी दी है जिसससे दुर्घटना से बचा जा सके।

# ग्राम चौपाल में गूंजे जनसमस्याओं के मुद्दे, प्रशासन ने सुनी फरियाद

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** विकास खंड रुदौली के ग्राम कूढासादात में जिलाधिकारी की पहल पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रुदौली विधायक राम चंद्र यादव उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।चौपाल के दौरान राजस्व, ग्राम पंचायत, पेयजल, विद्युत, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने लंबित विरासत, भूमि विवाद, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाओं, राशन वितरण तथा आवास योजनाओं से संबंधित शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण की कार्रवाई की। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम, पूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह सहित राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, समाज कल्याण, शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, खाद्य एवं रसद तथा जल जीवन मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता भी रही। बचे हुए मामलों को समयबद्ध तरीके से हल करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

# कांग्रेस नेता ने रसोई गैस की मूल्यवृद्धि पर भाजपा सरकार की किया है आलोचना



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानंद शुक्ला ने जनवरी से अब तक भाजपा सरकार द्वारा कामर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में सात बार बढ़ोतरी किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा इन सिलेंडरों के दामों में भारी बढ़ोतरी से तमाम रेस्टोरेंट बंद हो गए जहां खुला है वहां खान-पान महंगा हो गया जो आम आदमी पर भारी पड़ रहा है। जो सिलेंडर 1800 से 1900 में मिलता था वह आज 3114 में मिल रहा है। जिससे ठेला होटल वालों का जीवन यापन संकट में आ गया उन्होंने कहा इसी प्रकार मोदी सरकार ने 5 किलो गैस सिलेंडर के दामों में 2 महीने में 323 पर बड़ाकर छोटे परिवारों व विशेष रूप से छात्र-छात्राओं केभोजन पर संकट डाला है। श्री शुक्ल ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल आम आदमियों का दोहन कर रही है पूंजीपतियों को संरक्षण दे रही है इस सरकार ने विगत दिनों डीजल पेट्रोल के दामों में भारी बढ़ोतरी कर आम आदमी को रुलाने का काम किया है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार को डीजल पेट्रोल रसोई गैस के मूल्य की वृद्धि को तत्काल जनहित में वापस ले लेना चाहिए। क्योंकि यह सरकार पूंजी पत्तियों का लाखों करोड़ों माफ करती है और आम आदमियों का जीना हराम करती है इनको जवाब देने का काम आने वाले दिनों में इस देश की जनता देगी ।श्री शुक्ल ने कहा कांग्रेस के कार्यकर्ता चौराहा चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी कार्यों की पोल खोलेंगे।

# जगह-जगह हो रहा है भण्डारा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूरा बाजार स्थित राजा दशरथ समाधि के निकट भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया भंडारे का आयोजन रोहित यादव के नेतृत्व में किया गया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेश यादव ने कहा कि बड़ा मंगल सेवा, और लोककल्याण का पर्व है तथा यही सबसे बड़ा धर्म है। भंडारे में प्रमुख रूप से दो रामजन्म यादव, आशीर्वाद सिंह, रोहन निषाद, सत्यम विश्वकर्मा, रवि यादव, संजय निषाद, लक्ष्मण सिंह, अवधेश यादव, ग्राम प्रधान रामपुर हलवारा, मोहित यादव, दुर्गा माझी तथा मीडिया प्रभारी आरपी सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। बड़े मंगल के अवसर पर अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर भी विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

# भारी संख्या में शिव भक्त बाबा नागेश्वरनाथ का कर रहे जलाभिषेक



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली नगर अमानीगंज पटरंगा सहित आस पास से लगभग सैकड़ों शिव भक्तो का समूह प्रतिदिन रात्रि में अयोध्या स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रुदौली रेलवे स्टेशन से सियालदह एक्सप्रेस, मेमो ट्रेन से अयोध्या धाम जाकर वहां विभिन्न मंदिरों में रात्रि विश्राम कर प्रातः 3 बजे पुण्य सलिला मां सरयू में स्नान कर राम की पैड़ी स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर में जल एवं दुग्धाभिषेष कर भूत भावन भगवान शिव की पूजा आराधना कर अपनी मनोकामना पूरी करते है। भक्त गण मंदिर में ओम नमः शिवाय, शिव स्त्रोत्र, शिव तांडव का जाप कर उनके चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करते है। श्री नागेश्वर नाथ जलाभिषेक समिति के मुख्य शिव भक्त संतोष कुमार कसौधन एवं उमा शंकर कसौधन सभासद एवं राहुल वैश्य ने बताया की शिव भक्त रुदौली क्षेत्र की 4 दशक से अधिक प्राचीन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अति श्रद्धा एवं उत्साह पूर्ण रूप से सैकड़ों भक्तो के साथ प्रतिदिन अयोध्या जाकर जलाभिषेक करते है। नगर से सहयोगी के रूप में सूर्य नारायण साहू बृजेश कसौधन उमाशंकर कसौधन राजेंद्र कुमार सोनी राम तीरथ कसौधन रमेश चंद्र कसौधन सचिन कसौधन सहित अन्य भक्त गण है। प्रत्येक 3 वर्ष बाद पड़ने वाला पुरुषोत्तम मास जिनको अधिक मास भी कहते है शिव भक्तो के लिए विशेष पूजा अर्चना का माह होता है। अधिक माह में शिव पुराण कथा, भंडारा एवं ओम नमः शिवाय का जाप कर श्रद्धालु अपने जीवन में शिवत्व को धारण करते है।

# भोजशाला में जुटे संत, मां वाग्देवी की विशेष पूजा और हनुमान चालीसा का पाठ

## कहा- ये 750 वर्षों के संघर्ष की जीत



**धार।** केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन स्थित भोजशाला में इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां वाग्देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को नियमित सत्याग्रह के बाद दोपहर में अखिल भारतीय संत समिति के संयुक्त महासचिव राधे-राधे बाबा तथा महामंडलेश्वर नरसिंहदास महाराज के नेतृत्व में मालवा अंचल के संतों का एक बड़ा दल भोजशाला पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालुओं और संतों ने मां वाग्देवी की विशेष पूजा-अर्चना की तथा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। शंखध्वनि और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा भोजशाला परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया। सत्याग्रह के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती, भाजपा नेता अशोक जैन, अशोक शास्त्री, भोज उत्सव समिति के पदाधिकारी तथा हिंदू समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। भोजशाला परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए संत समाज ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। अखिल भारतीय संत समिति के संयुक्त महासचिव राधे-राधे बाबा ने कहा कि मैं पूरे संत समाज की ओर से माननीय उच्च न्यायालय को साधुवाद और धन्यवाद देता हूं। न्यायालय ने हिंदू भावनाओं और हमारे पूजा-अधिकार का सम्मान करते हुए यह ऐतिहासिक निर्णय दिया है। संतों ने इस उपलब्धि को लगभग 750 वर्षों के लंबे संघर्ष की महत्वपूर्ण जीत बताया। उन्होंने कहा कि भोजशाला मुक्ति समिति, हिंदू जागरण मंच, संघ परिवार, विश्व हिंदू परिषद तथा धार के आम नागरिकों ने पीढ़ियों से इस कानूनी और सामाजिक संघर्ष को आगे बढ़ाया है, जिसका परिणाम आज दिखाई दे रहा है।

# थाने के अंदर सिपाही ने हवलदार को जमकर पीटा

**एसएसपी ने किया तत्काल निलंबित**

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले के इंदरगंज थाने में पुलिस विभाग के अनुशासन को चुनौती देने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक सिपाही ने अपने ही वरिष्ठ हवलदार के साथ थाने के भीतर मारपीट कर दी। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार, इंदरगंज थाने में पदस्थ हवलदार अंजनी सिंह ने सिपाही महेंद्र सिंह चंदेल को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने और निर्धारित जिम्मेदारियों का पालन नहीं करने पर फटकार लगाई थी। बताया जा रहा है कि हवलदार की इस कार्रवाई से सिपाही नाराज हो गया। आरोप है कि इसी नाराजगी के चलते महेंद्र सिंह चंदेल बाद में थाने पहुंचा और हवलदार अंजनी सिंह से विवाद करने लगा। देखते ही देखते दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थाने के अंदर अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। स्थिति बिगड़ती देख अन्य पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया और दोनों को अलग कर मामला शांत कराया।

# विराट-अनुष्का ने किए संत प्रेमानंद के दर्शन





**वृंदावन।** आईपीएल जीतने के बाद क्रिकेटर विराट कोहली और पत्नी अनुष्का शर्मा ने वृंदावन में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों मंगलवार सुबह 7 बजे केली कुंज आश्रम पहुंचे। चेहरे पर मास्क लगाकर कार से उतरे और नंगे पांव आश्रम के अंदर गए। संत प्रेमानंद के शिष्यों ने उनकी अगवानी की। दोनों 2 घंटे तक आश्रम में रहे। बाहर आए तो विराट के माथे पर चंदन और त्रिपुंड लगा था। उनके हाथ में एक किताब भी थी। प्रेमानंदजी से मिलने के बाद 150 मीटर दूर दोनों बड़े गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पैदल पहुंचे। यहां हित गोविंद शरण महाराज के दर्शन किए। इससे पहले, विराट और अनुष्का ने इसी साल 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन भी संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए थे और सत्संग सुना था। कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 31 मई को लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया था। फाइनल में विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी लगाई थी। कोहली फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे।

# 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए समर्थ और गिरिबाला

**भोपाल।** त्विषा शर्मा मृत्यु प्रकरण में सीबीआई ने पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र समर्थ



**त्विषा को इंसाफ कब?**

■ **जांच में उठे नए सवाल**

सिंह की रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की, जिसके बाद दोनों को भोपाल की सीजेएम अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सीबीआई सूत्रों के अनुसार रिमांड अवधि के दौरान गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से कई चरणों में विस्तृत पूछताछ की गई। जांच एजेंसी ने उनसे घटना के विभिन्न पहलुओं को लेकर सवाल किए और उनके बयानों को रिकॉर्ड किया। हालांकि दोनों आरोपियों ने अपने ऊपर लगाए गए मारपीट, प्रताड़ना और साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया है। उनका दावा है कि त्विषा शर्मा के साथ उनके संबंध सामान्य थे और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। सीबीआई अब आरोपियों के बयानों का उपलब्ध तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ मिलान कर रही है, ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। जांच के दौरान सोमवार को पूरे घटनाक्रम का रीक्रिएशन भी कराया गया। जांच एजेंसी का उद्देश्य घटना के समय मौजूद परिस्थितियों को समझना और आरोपियों द्वारा किए जा रहे दावों की सत्यता का परीक्षण करना था। इसके साथ ही घटनास्थल से जब्त किए गए साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच भी जारी है। जांच एजेंसियां रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं, जिससे मामले की कई अहम कड़ियां जुड़ सकती हैं। मामले की जांच के दौरान एक गंभीर प्रक्रियागत चूक भी सामने आई है। जांच में पता चला है कि जिस लिगेचर बेल्ट के सहारे त्विषा शर्मा फंदे पर लटकी मिली थीं, उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तत्काल सुरक्षित नहीं किया गया था। आरोप है कि घटनास्थल से बरामद यह महत्वपूर्ण साक्ष्य जांच अधिकारी द्वारा तत्काल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) भेजने के बजाय करीब दो दिन तक अपनी निजी कार में रखा गया। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम के दौरान भी इस बेल्ट को एम्स अस्पताल में जमा नहीं कराया गया था।

# चंडीगढ़ में रैपर बादशाह का क्लब सील




**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित मशहूर रैपर बादशाह के सागो क्लब को मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे प्रशासन की बिल्डिंग ब्रांच ने सील कर दिया है। क्लब संचालकों को भवन नियमों के उल्लंघन को लेकर कई बार

■ **मंजूर नक्शे से ज्यादा निर्माण किया**

■ **कई नोटिसों के बावजूद नहीं हटाया**

नोटिस जारी किए गए थे। उन्हें निर्धारित समय के भीतर कमियां दूर करने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके बाद बिल्डिंग ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। प्रशासन के मुताबिक, क्लब में भवन संबंधी नियमों और स्वीकृत नक्शे से जुड़े कुछ उल्लंघनों को लेकर लंबे समय से मामला चल रहा था। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद संतोषजनक जवाब और अनुपालन नहीं मिलने पर आखिरकार क्लब को सील करने का फैसला लिया गया। यह वही क्लब है, जो इससे पहले भी एक बड़े विवाद के कारण चर्चा में आ चुका है। क्लब के बाहर हुए धमाकों की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा की ओर से लिए जाने की बात सामने आई थी।

# आगरा में सीईसी ने मंदिर में दर्शन किए

## बोले- पांच राज्यों में सफल चुनाव के बाद आशीर्वाद लेने आया



**आगरा।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार आगरा पहुंचे। मंगलवार सुबह 6.30 बजे उन्होंने पत्नी और माता-पिता के साथ कैलाश महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। पिता का हाथ थामकर आरती की। दुग्धाभिषेक किया। करीब 45 मिनट तक मंदिर में रहे। मंदिर के बाहर मीडियाकर्मियों से मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- पांच राज्यों (प. बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी)

■ **माता-पिता और पत्नी भी साथ**

में सफल चुनाव संपन्न होने के बाद पत्नी अनुराधा के साथ आगरा आया हूं। पिता और मां का आशीर्वाद लिया, इसके बाद महादेव की पूजा की। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव भी पारदर्शी होंगे। शुद्ध मतदाता सूची ही पारदर्शी चुनावों की आधारशिला है, इसलिए देश के लोगों को वोटर आईडी कार्ड बनवाना चाहिए और चुनावों में मतदान करना चाहिए। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त मनकामेश्वर महादेव मंदिर गए। मुख्य चुनाव आयुक्त सोमवार शाम 5.30 बजे दिल्ली से आगरा पहुंचे थे। सबसे पहले विजय नगर स्थित अपने पैतृक आवास पहुंचे। पिता डॉ. सुबोध कुमार और मां सत्यवती के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों से मुलाकात भी की। पिता डॉ. सुबोध कुमार गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी रह चुके हैं। माता-पिता से मिलने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त डीएम आवास पहुंचे। यहां दामाद और आगरा डीएम मनीष बंसल से मुलाकात की। बेटी मेधा रूपम नोएडा की डीएम हैं।

# पंजाब में गुरदासपुर के निजी अस्पताल में ब्लास्ट

**गुरदासपुर।** गुरदासपुर के कलानौर में मुल्तानी अस्पताल पर अज्ञात हमलावरों ने जोरदार धमाका किया है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि अस्पताल की खिड़कियों और दरवाजों के शीशे चकनाचूर हो गए।


■ **मौके पर मचा हड़कंप, सीसीटीवी फुटेज में दिखा संदिग्ध**

सूचना मिलते ही एसएसपी आदित्य, एसपी डीके चौधरी और एसएचओ मौलख सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। घटनास्थल से एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इस फुटेज में एक संदिग्ध युवक काफी समय तक अस्पताल के आस-पास घूमता दिख रहा है। पुलिस इस फुटेज को कब्जे में लेकर संदिग्ध की पहचान करने में जुट गई है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि एक युवक काफी देर तक अस्पताल के बाहर खड़ा रहा। हालांकि, ग्रेनेड फैंकने का कोई सीसीटीवी फुटेज फिलहाल सामने नहीं आया है।

उल्लेखनीय है कि कलानौर के इस मुल्तानी अस्पताल के डॉक्टर अमरबीर सिंह मुल्तानी लंबे समय से गैंगस्टरों के निशाने पर थे। फिरौती न देने को लेकर इस अस्पताल पर पहले भी दो बार फायरिंग हो चुकी है। दोनों घटनाओं में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों और हमलों के बावजूद यह तीसरा हमला सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें जांच में लगा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीमें भी मौके से साक्ष्य जुटाने में लगी है।

# हिमाचल प्रदेश में चलेगा खेत बचाओ अभियान

## असली-नकली कीटनाशकों की पहचान बताएंगे विशेषज्ञ



**सोलन।** केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए खेत बचाओ अभियान के तहत देश के साथ प्रदेश के किसानों को आधुनिक और सही तरीके से खेती करने के तौर-तरीके सिखाए जाएंगे। इस विशेष अभियान के तहत 1 से लेकर 30 जून तक कृषि और निदेशालय खुंब अनुसंधान के वैज्ञानिक लगातार फील्ड में रहेंगे। वैज्ञानिक खुद खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और उन्हें जागरूक करेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों से बचाना है। अक्सर बाजार में मिलने वाले नकली कीटनाशकों (पेस्टीसाइड) के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। अभियान के दौरान वैज्ञानिक किसानों को असली और नकली पेस्टीसाइड की पहचान करने के व्यावहारिक टिप्स देंगे। उधर, डीएमआर के कार्यकारी अतिरिक्त निदेशक डॉ. बीएल अत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के इस अभियान में विशेषज्ञों की टीम सीधे खेतों का रुख करेगी। अभियान के दौरान मुख्य रूप से इन बातों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें खेतों में कितनी और किस अनुपात में खाद डालनी चाहिए, इसकी सटीक जानकारी दी जाएगी। संतुलित खाद का उपयोग करने और रासायनिक खादों का प्रयोग कम से कम करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, किसानों को पारंपरिक और प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर देने को कहा जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी मर्जी या बाजार के बहकावे में आकर रसायनों का इस्तेमाल न करें, बल्कि हमेशा कृषि विशेषज्ञों की राय पर ही खेती करें। यह अभियान किसानों की आय बढ़ाने और उनकी लागत को कम करने में एक बड़ा मददगार साबित होगा।

## एक नजर

### सर्दियों से पहले दिल्ली होगी डस्ट-फ्री

**एलजी ने की सीएक्यूएम के अध्यक्ष के साथ बैठक**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सर्दियों के दौरान दमघोंटू प्रदूषण से निपटने के लिए इस बार प्रशासन ने समय से पहले ही अपनी रणनीतिक तैयारी शुरू कर दी है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा कि इस बार दिल्ली की क्लीन एयर रणनीति का मुख्य आधार सड़क की धूल को खत्म करना रहेगा। एलजी ने स्पष्ट किया कि धूल के कणों को नियंत्रित करना अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, जिसे टाला नहीं जा सकता। राजधानी की आबोहवा में सुधार के लिए उपराज्यपाल ने सभी संबंधित एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने और सर्दियों की शुरुआत से पहले मापने योग्य परिणाम देने का निर्देश दिया है। नालों की सफाई के बाद निकलने वाली गाद (सिल्ट) को सड़क किनारे सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है, जो बाद में धूल बनकर हवा में घुल जाती है। एलजी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निर्देश दिया कि गाद निकालने वाली एजेंसियां इसका तत्काल निपटान करें। इसके अलावा, सड़कों के किनारे खाली पड़ी जगहों पर पौधरोपण और ग्रीन बफर बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि कच्ची मिट्टी हवा में न उड़े।

### जयपुर में भाजपा नेता की गला रेतकर हत्या

**थाने के बाहर धरने पर बैठे परिजन, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग**

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के मनोहरपुर कस्बे में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामवतार असवाल उर्फ पप्पू (55) की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। सोमवार रात उनका शव बस स्टैंड के पास स्थित कबाड़ गोदाम में खून से लथपथ मिला। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर उनकी हत्या की है।घटना के विरोध में मंगलवार सुबह परिजन और ग्रामीण मनोहरपुर थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने हत्या का शीघ्र खुलासा, आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक मुआवजा देने की मांग की। स्थिति को देखते हुए थाने के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार रामवतार असवाल सोमवार शाम अपने कबाड़ गोदाम पर मौजूद थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शाम करीब साढ़े सात बजे एक व्यक्ति गोदाम पर पहुंचा और धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन गोदाम पहुंचे, जहां वे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। उन्हें तुरंत निम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### भगोड़ा घोषित महिला नाम बदलकर कर रही थी नौकरी

**पुलिस ने स्पा सेंटर से किया गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने गिरफ्तारी से बचने के लिए नाम बदलकर स्पा सेंटर में काम करने वाली एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान 41 साल की वाणी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ 2020 में द्वारका साउथ इलाके में आईटीपी एक्ट और महामारी रोग अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। जमानत मिलने के वह अदालत की सुनवाई में शामिल नहीं हो रही थी, जिसकी वजह से अदालत ने उसे भगोड़ा करार दिया था। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि जेल बेल सेल भगोड़ा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनपर लगातार निगरानी रखती है। पुलिस टीम को जानकारी मिली कि आईटीपी एक्ट और महामारी रोग अधिनियम की आरोपी वाणी को द्वारका अदालत ने 13 मार्च को भगोड़ा घोषित किया है। उसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। टीम ने तकनीकी और स्थानीय स्तर पर आरोपी महिला के बारे में जानकारी हासिल में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वाणी अपने मामले की सुनवाई से बच रही है और फिलहाल द्वारका सेक्टर पांच स्थित स्पर्श स्पा में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम कर रही है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता करने के लिए जांच पड़ताल की। पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उसे स्पा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह पुलिस से बचने के लिए उसने अपना नाम बदल लिया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला फिलहाल डाबड़ी एक्सटेंशन इलाके में रहती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसपर पहले से कोई मामला दर्ज नहीं है।

# श्री शक्ति धाम आश्रम में शास्त्रोक्त विधि से जीवंत होता बड़ा मंगल



**उन्नाव।** वर्तमान दौर में जहां धार्मिक आयोजन अक्सर आधुनिक चकाचौंध, सामाजिक प्रतिष्ठा और कहीं-कहीं राजनीतिक लाभ साधने का जरिया बनते जा रहे हैं, वहीं जनपद के सिकंदरपुर कर्ण स्थित श्री शक्ति धाम आश्रम, अमिलाह ने सनातन धर्म की मूल आत्मा को अक्षुण्ण रखा है। आश्रम में प्रथम बड़े मंगल से शुरू हुआ विशाल भंडारा निरंतर जारी है, जो समूचे अवध क्षेत्र के लिए आस्था, सेवा और मर्यादा का एक अनुपम उदाहरण बन चुका है। वैसे तो अवध क्षेत्र में बड़े मंगल पर भंडारे आयोजित करने की एक बेहद समृद्ध और ऐतिहासिक परंपरा रही है, किंतु आज के इस नए दौर में यह परंपरा कई जगह महज एक फैशन या दिखावे में तब्दील होती दिख रही है। इसके ठीक विपरीत, श्री शक्ति धाम आश्रम का यह भंडारा किसी लोक-प्रदर्शन या सियासत के लिए नहीं, बल्कि शास्त्रोक्त विधि और भंडारे के वास्तविक आध्यात्मिक प्रयोजन को सिद्ध करने के लिए पूरी तन्मयता से किया जा रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता के तीसरे अध्याय में भगवान कृष्ण कहते हैं कि अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः अर्थात अन्न से ही संपूर्ण प्राणियों का जीवन और पोषण होता है। जब यही अन्न निःस्वार्थ भाव, सेवा और ईश्वरीय चेतना के साथ तैयार किया जाता है, तो वह केवल भोजन नहीं रह जाता बल्कि साक्षात प्रसाद का रूप ले लेता है।

परम पूजनीय श्री श्री नारायण गिरी जी महाराज के पावन संरक्षण में इस शक्तिपीठ पर पुरातन संस्कृति की महत्ता और उसकी गरिमा को पूरी तरह पुनर्जीवित किया गया है। यहाँ तैयार होने वाला प्रसाद सात्विकता, पवित्रता और मंत्रोच्चार की सकारात्मक ऊर्जा से सिद्ध होता है। सनातन ग्रंथों में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जैसा खाये अन्न, वैसा होवे मन अर्थात भोजन की शुद्धता सीधे हमारे विचारों को प्रभावित करती है। आश्रम का यह दृढ़ विश्वास है कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को परोसा जाने वाला अन्न केवल क्षुधा शांत करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अमृत है जो भक्त के अंतःकरण को शुद्ध कर देता है। जब सात्विक और निश्छल भाव से बना यह दिव्य प्रसाद ग्रहण किया जाता है, तो वह मनुष्य के कुविचारों का नाश कर इस लोक को सुधार देता है और पारलौकिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। आधुनिक आडंबरों, तड़क-भड़क और राजनीतिक साधनों से कोसों दूर, पूरी तरह वैदिक रीतियों का पालन करते हुए चल रहा श्री शक्ति धाम आश्रम का यह दिव्य अनुष्ठान हमें याद दिलाता है कि धर्म प्रदर्शन की नहीं, बल्कि आत्मिक समर्पण की विषय-वस्तु है। महाराज श्री के मार्गदर्शन में अवध की मूल भंडारा संस्कृति को सहेजता यह पावन प्रयास आज के उपभोक्तावादी समाज को सही दिशा दिखाने वाला एक सच्चा आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ साबित हो रहा है।

# एमपी में पारिवारिक विवाद का खौफनाक अंत

**पत्नी ने डंडे से पीट-पीटकर की पति की हत्या, खुद पहुंची थाने**

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में पारिवारिक विवाद ने एक दर्दनाक और सनसनीखेज मोड़ ले लिया। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित देरी रोड की शिवनगर कॉलोनी में सोमवार को एक महिला ने कथित तौर पर अपने पति की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी महिला खुद सिविल लाइन थाने पहुंची और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 30 वर्षीय दीनदयाल कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीनदयाल और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। घटना के समय दीनदयाल अपनी पत्नी के मायके शिवनगर कॉलोनी आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मृतक का पैतृक घर अनगौर क्षेत्र में है, जबकि उसकी पत्नी का मायका शिवनगर कॉलोनी में स्थित है।

# हरे निशान पर शेयर बाजार बंद, सेंसेक्स 383 अंक चढ़ा




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 383 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ, वहीं निफ्टी 23,450 के पार पहुंच गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 382.50 (0.51त्न) अंकों की बढ़त के साथ 74,649.84 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 100.96 (0.43त्न) अंक मजबूत होकर 23,483.55 पर पहुंचने में सफल रहा। इस दौरान एचसीएल टेक में 4त्न और अदाणी एंटरटेनमेंट में दो प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर 95.28 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स और निफ्टी की शानदार रिकवरी**-मंगलवार के कारोबारी सत्र में बाजार ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए मजबूत वापसी की। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 382.50 अंक यानी 0.52 प्रतिशत चढ़कर 74,649.84 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 73,815.12 के निचले स्तर तक फिसल गया था, लेकिन वहां से इसने 1,047.07 अंकों की जबरदस्त छलांग लगाई। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 100.95 अंक या 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,483.55 पर बंद होने में सफल रहा। इससे पहले सोमवार को सेंसेक्स 508.40 अंक और निफ्टी 165.15 अंक गिरकर बंद हुए थे।

**ट्रैक्टर्स की रिकॉर्ड बिक्री**- जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि यह वृद्धि भारतीय किसानों के बढ़ते आत्मविश्वास और आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने की प्रवृत्ति का परिणाम है। सोनालीका ने मई में 17,204 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज करते हुए 21प्रतिशत वृद्धि हासिल की। 17,029 ट्रैक्टरों का मासिक उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया।

**आईटी कंपनियों ने बाजार में फूंकी जान**- बाजार की इस रिकवरी के पीछे सबसे बड़ा हाथ आईटी सेक्टर का रहा। बीएसई का आईटी इंडेक्स 4.40 प्रतिशत की भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में सबसे ज्यादा 6.53 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इसके अलावा इन्फोसिस में 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 4.08 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 1.76 प्रतिशत की तेजी आई। आईटी कंपनियों के अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, इटरनल, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे, जबकि एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट देखी गई। **वृद्धि दर्ज की**- निसान मोटर इंडिया ने मई 2026 में घरेलू बिक्री में 118प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कुल 7,971 यूनिट्स की बिक्री की। मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'लागातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी निसान के प्रोडक्ट्स में ग्राहकों के भरोसे की उत्साहजनक तस्वीर दिखाने वाली है।

**वैश्विक संकेत और जानकारों की राय**- विश्लेषकों का मानना है कि आईटी शेयरों में यह तेजी अमेरिकी टेक कंपनियों के मजबूत नतीजों और सकारात्मक अनुमानों का परिणाम है। लिवलॉन्ग वेल्थ के रिसर्च एनालिस्ट और संस्थापक हरिप्रसाद के. के अनुसार, अमेरिकी कंपनियों के प्रदर्शन ने यह भरोसा जगाया है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद एआई, क्लाउड और एंटरप्राइज तकनीक पर वैश्विक खर्च मजबूत बना हुआ है। वहीं, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि मध्य पूर्व में शांति समझौते में हो रही देरी के बावजूद वैश्विक भावना स्थिर बनी हुई है, जो बाजार में जोखिम लेने की क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने यह भी बताया कि बड़े शेयरों (लार्ज-कैप) में लगातार हो रही खरीदारी आकर्षक वैल्युएशन का नतीजा है, क्योंकि निफ्टी-50 का वैल्युएशन अन्य व्यापक बाजारों की तुलना में अपने दीर्घकालिक औसत के अधिक करीब है।

# सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार वापसी सोना 1.61 लाख रुपये के पार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ी तेजी दर्ज की गई है। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी के चलते बहुमूल्य धातुओं की मांग अचानक बढ़ गई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,050 रुपये की जोरदार छलांग लगाकर 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें सभी कर शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले कारोबारी सत्र (सोमवार) में सोना 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी बड़ी मजबूती देखी जा रही है। चांदी का भाव 1,300 रुपये चढ़कर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है, जो पिछले सत्र में 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर था।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार का हाल और कच्चे तेल की नरमी**-वैश्विक स्तर पर भी सर्राफा बाजार में तेजी का स्पष्ट रुझान है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना



एक प्रतिशत बढ़कर 4,528.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है, जबकि चांदी दो प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.29 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। कोटक नियो की कमोडिटी रिसर्च एवीपी कायनात चैनवाला के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी ने महंगाई बढ़ने की चिंताओं को कम किया है। इसके अलावा, हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच आंशिक युद्धविराम की खबरों ने भी मध्य पूर्व के क्षेत्रीय तनाव को सीमित किया है, जिससे बाजार की धारणा मजबूत हुई है। **गोल्ड लोन की पहल**-एनबीएफसी-एमएफआई, डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने अपनी गोल्ड लोन सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद विशेष रूप से वेतनभोगी पेशेवरों, स्वरोजगार वाले व्यक्तियों, व्यापारियों और एमएसएमई की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। ग्राहक पात्रता के आधार पर 5,000 रुपये तक के शुरुआती ऋण का लाभ उठा सकते हैं। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के सीओओ अविनाश कुमार ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य ग्राहकों को पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से उनकी सोने की संपत्तियों के बदले नकद उपलब्ध कराना है।

## पांच वर्षों में खत्म होगा डब्ल्यूपीआई, 15 जून से आ रहा नया पीपीआई सिस्टम

**नई दिल्ली।** भारत में महंगाई दर मापने का दशकों पुराना तरीका अब बदलने जा रहा है। केंद्र सरकार अर्थव्यवस्था में महंगाई के वास्तविक रुझानों को समझने के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को धीरे-धीरे खत्म करके उसकी जगह प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) लागू करने जा रही है। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय 15 जून को साल 2022-23 के नए बेस ईयर के साथ इस नए सिस्टम की शुरुआत करेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रमुख आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो के अनुसार, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) 15 जून को नए बेस ईयर 2022-23 के साथ डब्ल्यूपीआई की संशोधित सीरीज जारी करेगा, जो पुरानी 2011-12 सीरीज की जगह लेगी। इसके साथ ही पीपीआई की एक नई सीरीज भी जारी की जाएगी। आम लोगों और व्यापारिक जगत को इस बदलाव के अनुकूल ढलने के लिए सरकार ने पांच साल का समय तय किया है। अगले पांच वर्षों तक डब्ल्यूपीआई और पीपीआई दोनों सूचकांक एक साथ जारी किए जाएंगे, जिसके बाद पूरी तरह से पीपीआई को अपना लिया जाएगा।

**क्या है पीपीआई सिस्टम और इसमें क्या-क्या शामिल होगा?**

प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) को तीन मुख्य सूचकांकों में बांटा गया है- आउटपुट पीपीआई, ट्रायल इनपुट पीपीआई और सर्विसेज पीपीआई। शुरुआती चरण में सर्विसेज पीपीआई के तहत बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन फंड प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्री और टेलीकॉम जैसी सात प्रमुख सेवाओं को शामिल किया जाएगा। आउटपुट और इनपुट पीपीआई के लागू होने से यह समझने में आसानी होगी कि कच्चे माल की कीमतों में होने वाले बदलाव का असर तैयार माल की कीमतों पर कैसे पड़ता है। यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों और अमेरिका व चीन जैसे विकसित देशों के मानकों के बिल्कुल अनुरूप है।

## कन्वर्जन रेट और लीड क्वालिफिकेशन में बढ़ोतरी

**मुंबई।** टाटा रियल्टी एंड इंफ्राटेक्चर ने एआई आधारित ग्राहक सेवा को मजबूत करने के लिए सेल्सफोर्स एजेंटफोर्स प्लेटफॉर्म लागू किया है। इस तकनीक से ग्राहकों को जवाब देने का समय कई दिनों से घटकर लगभग 8 घंटे रह गया है और ईमेल ओपन रेट 50-60 प्रतिशत तक पहुंच गया है। एजेंटफोर्स को डेटा 360 के साथ एकीकृत किया है, जिससे ग्राहक यात्रा के हर चरण में रियल-टाइम डेटा उपलब्ध हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप कन्वर्जन रेट में करीब 10 प्रतिशत और लीड क्वालिफिकेशन में 30 प्रतिशत तक सुधार दर्ज किया गया है। इसे ग्राहक अनुभव और कार्यक्षमता में महत्वपूर्ण बदलाव बताया है।

## डब्ल्यूपीआई के पुराने बास्केट में भी हुआ बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** आर्थिक सलाहकार कार्यालय के उप महानिदेशक दिलीप कुमार सिन्हा ने बताया कि नई डब्ल्यूपीआई सीरीज को भी पहले से ज्यादा व्यापक बनाया गया है। इसमें शामिल वस्तुओं की संख्या 697 से बढ़ाकर 957 कर दी गई है। ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव करते हुए बिजली समूह में सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा जैसे नए स्रोतों को जोड़ा गया है। इसके अलावा कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी से हटाकर ईंधन और बिजली समूह में रखा गया है।

**बिजनेस और ठेकों पर क्या पड़ेगा असर?**

यह बदलाव सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर बड़े व्यापारिक अनुबंधों पर भी पड़ेगा। वर्तमान में कई ठेकों में कीमत वृद्धि के क्लॉज डब्ल्यूपीआई से जुड़े होते हैं। प्रवीण महतो ने स्पष्ट किया है कि व्यय विभाग जल्द ही एक सर्कुलर जारी करेगा, जिसमें सभी हितधारकों को सलाह दी जाएगी कि वे अपने भविष्य के दीर्घकालिक कॉन्ट्रैक्ट्स में डब्ल्यूपीआई के बजाय नए पीपीआई सिस्टम का ही इस्तेमाल करें।

**न्यूट्रिशन सेगमेंट में विस्तार**- एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजनीत कोहली ने कहा ड्रिंक कैटेगरी तेजी से बढ़ रही है। रेडी-टु-ड्रिंक न्यूट्रिशन सेगमेंट में विस्तार करते हुए एक नया मिल्कशेक लॉन्च किया गया है। जेन जी और बदलती लाइफस्टाइल को ध्यान में रखते हुए सुविधाजनक पेय विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। एचयूएल द्वारा की गई है। भारत में थोक महंगाई को मापने के लिए 1942 से डब्ल्यूपीआई का इस्तेमाल हो रहा है, जिसमें अब तक सात बार संशोधन हो चुके हैं। हाल ही में अप्रैल महीने में थोक महंगाई दर 8.3 प्रतिशत के 42 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। ऐसे में, पीपीआई की ओर यह कदम भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक पैमानों के समकक्ष लाने और नीति निर्माताओं को महंगाई के खिलाफ अधिक पारदर्शी और सटीक रणनीति बनाने में बड़ी मदद करेगा।

## एआई सिस्टम से वर्कफ्लो को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** क्रेड ने अपना नया एआई सिस्टम कोडलेंस विकसित किया है, जो कोडबेस और तकनीकी ढांचे को एकीकृत ज्ञान प्रणाली में बदलने का काम करता है। यह सिस्टम कोड की हर लाइन को प्लेटफॉर्म के संदर्भ से जोड़कर डेवलपमेंट और निर्णय प्रक्रिया को तेज बनाता है। अनुसार, यह सिस्टम कई माइक्रोसर्विस, रिपॉजिटरी और बिजनेस वर्टिकल्स के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करता है और इंजीनियरिंग कार्यों को अधिक सरल व तेज बनाता है। इसके जरिए कोड रिव्यू, टेस्टिंग और बग फिक्सिंग जैसे कामों में समय की बचत होने का दावा किया गया है। क्रेड का कहना है कि यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म की आंतरिक तकनीकी दक्षता और उत्पाद विकास प्रक्रिया को मजबूत करने में मदद करेगा।

## डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ब्लैक बॉक्स लिमिटेड और एआई-नेटिव एंटरप्राइस टेक्नोलॉजी फर्म आयोनोस ने उपक्रमों के एआई परिवर्तन को गति देने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य व्यवसायों को उनके इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से लेकर मापने योग्य कारोबारी परिणाम प्राप्त करने तक की यात्रा में मदद करना है। ब्लैक बॉक्स की डेटा सेंटर्स, नेटवर्क कनेक्टिविटी और मैनेज्ड सर्विसेस में विशेषज्ञता का लाभ अब आयोनोस के एप्लायड एआई प्लेटफॉर्मों और डोमेन-विशिष्ट समाधानों के साथ मिलेगा, जिससे संगठन सुरक्षा और लचीलेपन के साथ एआई का निर्माण और प्रबंधन कर सकेंगे। यह साझेदारी विशेष रूप से भारत के ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर पारितंत्र पर केंद्रित है, जहाँ ये कंपनियां जीसीसी को एआई-तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने और वैश्विक परिचालन के साथ उन्हें एकीकृत करने में सहयोग करेंगी। दोनों कंपनियां मिलकर उद्योग-केंद्रित समाधान विकसित करेंगी और भारत के साथ-साथ उत्तरी अमेरिका, ईएमईए और एपीएस क्षेत्रों में अपने बाजार का विस्तार करेंगी। आयोनोस के सह-संस्थापक सीपी गुरनानी और ब्लैक बॉक्स के सीईओ संजीव वर्मा ने इस साझेदारी को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर एआई एप्लीकेशन की परत तक एक संपूर्ण समाधान के रूप में रेखांकित किया है, जो उद्यमों को एआई महत्वाकांक्षाओं को वास्तविक परिणामों में बदलने में सक्षम बनाएगा।

**कॉर्टेवा एग्रीसाइंस**- कॉर्टेवा एग्रीसाइंस ने हैदराबाद में आयोजित सीईओ चक मैग्रो की उपस्थिति में मैविलॉन तकनीक प्रस्तुत की, जो धान की फसल को ब्राउन प्लांट हॉपर और स्टेम बोरर जैसे कीटों से सुरक्षित रखने के लिए प्रोएक्टिव ग्रेन्युलर इंसेक्टिसाइड समाधान प्रदान करती है।

# भारत की अर्थव्यवस्था को मिला बूस्टर डोज यूटीलिटी व सेवा क्षेत्र से मिलेगी रफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 7.3 फीसदी रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के 7.1 फीसदी से अधिक है। उपयोगिता और सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि इस विस्तार को गति देगी। हालांकि, कृषि, खनन, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में धीमी वृद्धि दर्ज हो सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक शोध रिपोर्ट ये दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (स्ब्सस्क्क्ष्) इस सप्ताह वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के अनंतिम आंकड़े जारी करेगा। साथ ही, वित्त वर्ष 2026 के लिए संशोधित वृद्धि के आंकड़े भी जारी होंगे। अनुमानित गणना के अनुसार, चौथी तिमाही वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 7.3 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। यह वृद्धि उपयोगिता और सेवा खंडों में तेजी से संभव होगी। अर्थव्यवस्था के 7.2 से 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। इसमें मार्च 2026 के वित्तीय खाते और कंपनियों के परिणाम शामिल होंगे। वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि का मुख्य चालक उपयोगिता और निर्माण क्षेत्र हैं।

**उपयोगिता और निर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन**

उपयोगिता और निर्माण क्षेत्र के उप-उद्योग सूचकांक में ऊपर की ओर संशोधन हो सकता है। अनुमानित वृद्धि के अनुसार, बिजली उद्योग में 2.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज होने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के 2.1 फीसदी से अधिक है। मार्च 2026 में देश में तीव्र लू की स्थिति शुरू होने के कारण यह आंकड़ा ऊपर संशोधित हो सकता है। बुनियादी ढांचा कंपनियों ने शुद्ध बिक्री में 11.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। उनके लाभ में 20 फीसदी की वृद्धि हुई। इसलिए, निर्माण क्षेत्र की वृद्धि को वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के अनुमानित 7.6 फीसदी से ऊपर संशोधित किया जा सकता है।

**सेवा क्षेत्र में मजबूती और अन्य क्षेत्रों में मंदी**

वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि भी मजबूत रहने का अनुमान है। सेवा क्षेत्र के लिए कुल वृद्धि 9.1 फीसदी अनुमानित है। यह वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के 6.8 फीसदी से अधिक है। बैंक ऋण वृद्धि ने भी इस क्षेत्र को समर्थन दिया है। जनवरी से मार्च 2026 में बैंक ऋण वृद्धि औसतन 14.3 फीसदी रही। जमा वृद्धि भी इसी अवधि में औसतन 11.7 फीसदी रही। हालांकि, रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट के कारण अन्य खंडों में गिरावट की उम्मीद है। यह संकट मार्च 2026 में शुरू हुआ था।

**लागत दबाव और भविष्य की चुनौतियां**

पश्चिम एशिया संकट के कारण कृषि, खनन, विनिर्माण और व्यापार, होटल, परिवहन क्षेत्रों में गिरावट देखी जा सकती है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 142.5 रुपये प्रति सिलिंडर बढ़ी और थोक डीजल की कीमत 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ गई। कृषि वृद्धि 3.8 फीसदी से घटकर 2.1 फीसदी, खनन 12.9 फीसदी से घटकर 1.7 फीसदी और विनिर्माण 11.8 फीसदी से घटकर 9.3 फीसदी होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2027 के लिए वृद्धि 6.5 से 6.8 फीसदी रहने का अनुमान है। उच्च ईंधन कीमतें, मानसून और लू की स्थिति के जोखिम भी वृद्धि को प्रभावित करेंगे।

# भारत के प्रतिभूति बाजार में सरल उत्पादों की अहम भूमिका : मनिंदरा चीमा

**मुंबई।** मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूति विभाग की कार्यकारी निदेशक मनिंदरा चीमा ने कहा भारतीय प्रतिभूतिकरण बाजार का स्थाई रूप से विस्तार करने के लिए आसानी से समझने वाले उत्पादों पेश करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की आर्थिक विकास के इस चरण में किसी परिसंपत्ति के राजस्व प्रवाह और अंतिम निवेशक के बीच सीधा संबंध आवश्यक है। उन्होंने हाल ही में पेश किए गए नगरपालिका बॉन्ड, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआइटी) और इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (इनवीआईटी) की सफलता के बारे कहा कि हमें यह दिखाती हैं, कि किस तरह से नगरपालिक बॉन्ड




नगरपालिका में राजस्व का मुद्रीकरण कर रहे हैं। वहीं रिट्स और इंवीट्स भी विभिन्न रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा संपत्तियों से प्राप्त हुए राजस्व का मुद्रीकरण कर रहे हैं। यह उत्पाद अध्यत्धिक प्रभावी है क्योंकि राजस्व और निवेशक के रिटर्न के इनका जुड़ाव बिल्कुल सीधा है। उन्होंने बताया कि, यह उत्पाद समझने में सरल है और निवेशकों को होने वाली आया का सीधा संबंध रखते हैं। ये उत्पाद जटिल प्रतिभूतियों की तुलना में निवेशकों को अधिक आकर्षिक कर सकते हैं साथ ही जटिल प्रतिभूतियों की सक्रिय आवश्यकता से पहले बाजार की जरूरतों को बेहर ढंग से पूर कर सकते हैं। चीमा ने बताया कि बॉन्ड बाजार में रिटेल निवेशकों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए सेबी अध्यक्ष ने पहले ही इसके रौडमैप को आगे बढ़ाते हुए समयसीमा दे चुके हैं। बॉन्ड के लिए पायलेट प्रोजेक्ट होगा और इसके लिए छह से नौ महीने की समयसीमा पहले से तय है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट बॉन्ड के लिए वितरक ढांचा बनाने पर भी विचार हो रहा है। यह औपचारिक वितरण नेटवर्क सुरक्षित निश्चित आय वाली संपत्तियों का आम जनता के लिए सेवाओं को आसान बनाने में मदद करेगा।

# एशिया में सबसे कम छुट्टियां लेते हैं भारतीय कर्मचारी

**नई दिल्ली।** भारत में नौकरीपेशा लोगों को छुट्टियां तो अच्छी-खासी मिलती हैं, लेकिन जब बात उन्हें इस्तेमाल करने की आती है, तो वे एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में अपने समकक्षों से काफी पीछे रह जाते हैं। हाल ही में एचआर और पेरोल कंपनी डील की ओर

**■ जानें क्या है इसकी बड़ी वजह?**

से जारी की गई एक रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट से साफ होता है कि छुट्टियां उपलब्ध होने के बावजूद, भारतीय कर्मचारी काम से ब्रेक लेने में काफी सावधानी बरतते हैं और एक साथ लंबी छुट्टियों पर जाने के बजाय छोटे ब्रेक लेना ज्यादा पसंद करते हैं।

**केवल 17.2% लोग ही लेते हैं पूरी छुट्टी**

यह रिपोर्ट 2025 में डील के एपीएसी प्लेटफॉर्म पर मौजूद 4,500 से अधिक पूर्णकालिक कर्मचारियों के डेटा पर आधारित है। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भारतीय कर्मचारियों द्वारा ली गई औसत छुट्टियां केवल 12 दिन की थीं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि भारत में केवल 17.2 प्रतिशत कर्मचारियों ने ही अपनी 100 प्रतिशत छुट्टियों का उपयोग किया। इसके मुकाबले, सिंगापुर में 57.2 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 53.3 प्रतिशत, मलेशिया में 50.8 प्रतिशत, हांगकांग में 42.9 प्रतिशत और जापान में 35.9 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपना पूरा लीव कोटा इस्तेमाल किया। इसके



अलावा, केवल 29.9 प्रतिशत भारतीय कर्मचारी ही अपनी 80 प्रतिशत छुट्टियों का इस्तेमाल कर पाए, जो प्रमुख एशियाई बाजारों में सबसे कम है।

**लंबी छुट्टियों से परहेज, दो दिन के ब्रेक की ज्यादा डिमांड**

रिपोर्ट ... का

एक और अहम पहलू यह है कि भारतीय कर्मचारी एक साथ लंबी छुट्टी लेने के बजाय साल भर में छुट्टियां बांट कर लेना ज्यादा पसंद करते हैं। डेटा के अनुसार, भारत में शॉर्ट-ड्यूरेशन लीव (कम अवधि की छुट्टियों) की हिस्सेदारी सबसे अधिक दर्ज की गई। अगर मल्टी-डे (दो दिन या उससे अधिक) की छुट्टियों के अनुरोधों पर गौर करें, तो 48.4 प्रतिशत रिक्वेस्ट ठीक दो दिन के ब्रेक के लिए थीं।

**छुट्टियां न लेने की असल वजह क्या है**- डील के भारत में हेड ऑफ सेल्स, राकेश गौर के अनुसार, भारत का यह लीव-डेटा बताता है कि कर्मचारी काम से दूर नहीं भागते, बल्कि वे इस बात को लेकर ज्यादा चयनात्मक हैं कि उन्हें छुट्टी का उपयोग कैसे करना है। यह सतर्क रवैया काम के भारी दबाव, हमारी सांस्कृतिक आदतों या फिर त्योहारों और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए छुट्टियां बचाकर रखने की प्रवृत्ति का परिणाम हो सकता है। हालांकि, यह स्थिति कॉर्पोरेट जगत के लिए एक बड़ा सवाल भी खड़ी करती है। राकेश गौर बताते हैं कि नियोक्ताओं को यह सोचने की जरूरत है कि छुट्टियों का पूरी तरह से इस्तेमाल न होना कर्मचारियों की उत्पादकता का संकेत है, या फिर यह काम के दबाव, बर्नआउट और ऐसे वर्कप्लेस कल्चर का नतीजा है जहां कर्मचारी पूरी तरह से काम से खुद को %स्विच ऑफ% करने में असहज महसूस करते हैं।

**फ्लेक्सिबल पॉलिसी से बन सकती है बात**-स स्थिति का एक सीधा समाधान कंपनियों की नीतियों में नजर आता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जिन कंपनियों में छुट्टियां लेने की फ्लेक्सिबल पॉलिसी है, वहां फिक्स्ड पॉलिसी वाले कर्मचारियों की तुलना में लोगों ने काम से ज्यादा ब्रेक लिया। यह इस बात का मजबूत संकेत है कि केवल छुट्टियां आवंटित करना ही काफी नहीं है, बल्कि कंपनियों की नीतिगत संरचना भी कर्मचारियों के व्यवहार को वर्कप्लेस कल्चर जितना ही प्रभावित करती है। नियोक्ताओं को एक ऐसा सकारात्मक माहौल बनाना होगा जहां कर्मचारी अपनी सेहत और प्रोडक्टिविटी बनाए रखने के लिए बिना किसी झिझक के अपनी तय छुट्टियों का लाभ उठा सकें।

## ड्रग तस्कर सलीम डोला पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा, महाराष्ट्र-गुजरात में की ताबड़तोड़ छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को महाराष्ट्र और गुजरात में कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला से जुड़े धन शोधन मामले में की गई है।

डोला को हाल ही में तुर्किये से भारत वापस लाया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद मुंबई में लगभग 20 स्थानों पर छापे मारे गए। गुजरात के सूरत और भरूच जिले के अंकलेश्वर में भी कार्रवाई हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच डोला के अवैध वित्तीय लेनदेन से संबंधित है।

इन छापों में महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य मिलने की उम्मीद है। डोला उर्फ सलीम इस्माइल डोला को वैश्विक वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम का करीबी सहयोगी माना जाता है।

उस पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह चलाने का आरोप है। मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों ने उसके खिलाफ कई आरोप लगाए हैं। यह छापेमारी अवैध धन के स्रोतों का पता लगाने के लिए की गई है।

**धन शोधन जांच का दायरा**

प्रवर्तन निदेशालय की यह जांच डोला के आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्ति पर केंद्रित है। एजेंसी उसके वित्तीय नेटवर्क और संपत्तियों का पता लगा रही है। इसका उद्देश्य अवैध रूप से कमाई गई संपत्ति को जब्त करना है। यह कार्रवाई देश में अवैध धन के प्रवाह को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।

**दाऊद इब्राहिम से संबंध**- सलीम डोला पर दाऊद इब्राहिम के साथ मिलकर काम करने का आरोप है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल रहा है। इस छापेमारी से दाऊद गिरोह के वित्तीय संबंधों का भी खुलासा हो सकता है। यह कार्रवाई भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले बीसीसीआई का बड़ा दांव

# नए स्पिन गेंदबाजी कोच की हुई नियुक्ति



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले बड़ा दांव खेला है। बीसीसीआई ने साईराज बहुतुले को भारत की सीनियर पुरुष टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट छह जून से मुल्लांपुर में खेला जाएगा। भारत इस मैच में शुभमन गिल की अगुआई में खेलने उतरेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साईराज बहुतुले को भारतीय क्रिकेट टीम (सीनियर टीम) का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।' भारतीय टीम के साथ उनका पहला दौरा छह जून से मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट होगा। वह टेस्ट मैच के दौरान मानव सुथार और हर्ष दुबे जैसे नए खिलाड़ियों के साथ काम करेंगे।

बहुतुले भारत के पूर्व खिलाड़ी रहे हैं और घरेलू क्रिकेट के दिग्गजों में उनका नाम आता है। भारत ने दो टेस्ट और आठ वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनका प्रथम श्रेणी करियर करीब दो दशक का रहा है। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 6176 रन बनाने के साथ ही 630 विकेट लिए हैं और वह भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर में शामिल रहे हैं। बहुतुले क्रिकेट करियर के बाद कई टीमों के कोच भी रहे हैं। उन्होंने विदर्भ, केरल, गुजरात और बंगाल के मुख्य कोच की भूमिका निभाई है। इतना ही नहीं बहुतुले आईपीएल की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच भी रह चुके हैं। बहुतुले 2022 में अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के गेंदबाजी कोच रहे हैं और 2024 संस्करण के दौरान भी वह कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। उन्होंने भारत ए और सीनियर पुरुष टीम में कई मौकों पर विशेषज्ञ गेंदबाजी कोच के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। बहुतुले 2021 से 2024 तक बीसीसीआई के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के कोचिंग सेटअफ के अहम सदस्य रहे हैं।

भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बनने पर बहुतुले ने कहा, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। खिलाड़ी के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद गर्व की बात थी और एक बार फिर कोचिंग के माध्यम से भारतीय क्रिकेट में योगदान देने का अवसर मिलना मेरे लिए अत्यंत विशेष है। मैं खिलाड़ियों के साथ काम करने और टीम को सभी प्रारूपों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहयोग देने के लिए उत्सुक हूं।

## दो दिन बाद शुभमन गिल का छलका दर्द

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल का आईपीएल 2026 फाइनल के दो दिन बाद दर्द छलका है। उन्होंने हार से मिली सीख का जिक्र किया है। जीटी को रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पांच विकेट से शिकस्त दी। शुभमन ब्रिगेड ने 155/8 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में आरसीबी ने 18 ओवर ओवर में 161 रन बनाकर विजयी परचम फहराया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने (42 गेंदों में नाबाद 75) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और आरसीबी को लगातार दूसरी ट्रॉफी जिताई। गिल ने 19वें सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन खिताबी मुकाबले में महज 10 रन ही बना सके। गिल ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, %%हम काफी करीब आ गए थे लेकिन जीत की लाइन पार नहीं कर पाए। इसने गहरा दुख दिया और बहुत निराशा हुई। लेकिन यह खेल जिसे हम सभी प्यार करते हैं, हमें जिंदगी के बारे में बहुत कुछ सिखाता है। इसने मुझे एक बात सिखाई है कि जब तक हम वापसी करते रहें और हार न मानें तो हारने में कोई हार नहीं है।%% उन्होंने साथ ही सीजन में उतार-चढ़ाव वाले समय में टीम के साथ खड़े रहने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया। गिल ने कहा, %%मैं आप सभी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जो अच्छे और बुरे समय में हमारे साथ खड़े रहे। आपकी एनर्जी ने हमें आखिर तक पहुंचाया। गिल ने आईपीएल में कप्तानी के साथ-साथ बल्ले से भी प्रभावित किया। कप्तान ने 16 मैचों में 45.75 के औसत से 732 रन बनाए। उन्होंने एक शतक लगाया और छह अर्धशतक जमाया। गिल ने क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ शानदार 104 रन की पारी खेली थी, जिससे उनकी टीम फाइनल में पहुंची। वह सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे। गिल से आगे आरआर के ओपनर वैभव सूर्यवंशी (16 मैचों में 776 रन) हैं, जिन्होंन ऑरेंज कैप अपने नाम की। गिल के सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन (17 मैचों में 722 रन) तीसरे पायदान पर रहे।

## एक नज़र

### खिलाड़ियों के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के गेट नंबर-19 पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हैंडबॉल के सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों के सहयोग से आयोजित भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल मैदान की जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक और धार्मिक सेवा कार्य में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। फिर खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा व्यवस्थाओं का संचालन संभाला। देर शाम तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आज भंडारे के दौरान पीलीभीत के क्रीड़ाधिकारी राजेश गौड़, फतेहपुर के क्रीड़ाधिकारी सुनील भारती, लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डॉ सुमंत पाण्डेय, पूर्व राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी राकेश भट्ट, जिम्नास्टिक कोच रविकांत यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन, हैंडबॉल खिलाड़ी, कोच तथा खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### यूक्रेन की कोस्त्युक पहली बार सेमीफाइनल में स्वितोलिना को हराया; अब रूसी खिलाड़ी से होगा सामना

**नई दिल्ली।** मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर शानदार लय में चल रहीं मार्ता कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस की युवा खिलाड़ी मीरा आंद्रिवा से होगा। कोस्त्युक ने मंगलवार को खेले गए अंतिम आठ मुकाबले में हमवतनल एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

रूस की 19 वर्षीय आंद्रिवा ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में रोमानिया की अनुभवी खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया को 6-0, 6-3 से एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में 17 साल के लंबे अंतराल के बाद पहुंची 36 वर्षीय सिर्स्टिया शुरुआत से ही लय हासिल नहीं कर सकीं। आंद्रिवा की सटीक ग्राउंडस्ट्रोक्स और आक्रामक नेट प्ले के सामने उनकी वापसी की कोशिश ज्यादा देर टिक नहीं पाई।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन की मुखर समर्थक कोस्त्युक का टूर स्तर पर आंद्रिवा के खिलाफ 2-0 का रिकॉर्ड है। कोस्त्युक क्वार्टर फाइनल ने जीत के बाद कहा, यूक्रेन, विशेषकर कीव में एक बार फिर बेहद कठिन रात गुजरी है। कई लोगों की जान गई है। मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक सेट के महत्वपूर्ण अंकों पर 15वीं वरीय कोस्त्युक अधिक प्रभावी रहीं। इस जीत के साथ क्ले कोर्ट पर उनका 2026 का रिकॉर्ड 17-0 हो गया।

कोस्त्युक पेशेवर युग (1968 के बाद) में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली यूक्रेन की पहली महिला बन गई हैं। स्वितोलिना अन्य तीनों ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल खेल चुकी हैं, लेकिन फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में छठी बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकीं। आंद्रिवा दो वर्ष के अंतराल के बाद दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ युद्धकालीन परिस्थितियों में खेलने के सवाल पर उन्होंने कहा, मेरे लिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सामने कौन है। मैं केवल उस गेंद पर ध्यान देती हूं जो मेरी ओर आ रही होती है। मेरा पूरा ध्यान अपने खेल और रणनीति पर रहता है।

### राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारतीय एथलीट के एम दीक्षा डोप जांच में फेल, राष्ट्रीय खेलों में जीत चुकी हैं पदक

**नई दिल्ली।** महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और राष्ट्रीय खेलों की रजत पदक विजेता के एम दीक्षा डोप जांच में विफल हो गई हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। 27 साल की दीक्षा ने इस साल अप्रैल में सिर्फ एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वह एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गई हैं। यह पदार्थ किस तरह का था और उनकी जांच की और जानकारी का पता नहीं चला है। एक सूत्र ने कहा, हां, यह पुष्टि हो गई है कि वह डोप जांच में विफल हो गई हैं। दीक्षा ने हाल ही में रांची में हुए फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था जो ग्लास्गो में 2026 राष्ट्रमंडल खेल (23 जुलाई से दो अगस्त) के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य टूर्नामेंट था। भारतीय खेल महासंघ (एएफआई) ने 13 जून को होने वाली इंडियन एथलेटिक्स सीरीज के लुधियाना चरण के दौरान अपनी स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालिफिकेशन मानक हासिल करने के लिए योग्य एथलीट को एक और मौका दिया।नाडा के पंजीकृत जांच पूल की एथलीट दीक्षा ने पांच अप्रैल को जयपुर में इंडियन ओपन एथलेटिक्स सीरीज दो में 1500 मीटर रेस जीतने के लिए चार मिनट 25.74 सेकेंड का समय निकाला था। उनकी टाइमिंग भी एएफआई द्वारा तय राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफाइंग मानक के तौर पर तय 4¬05.09 सेकेंड से काफी बाहर थी। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4¬04.78 है जो उन्होंने मई 2024 में बनाया था। भारत अभी अयोग्य एथलीटों की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) की सूची में शीर्ष पर है जिसमें मई 2026 के आखिर तक 154 एथलीटों को निलंबित किया गया जो कीनिया के 147 और रूस के 65 की तुलना में काफी ज्यादा है।

## आईपीएल 2026 में इन खिलाड़ियों ने ठोका सबसे लंबा छक्का

**नई दिल्ली।** 15 साल के बाद वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से जमकर महफिल लूटी। उन्होंने 16 मैचों में 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए, जो 19वें सीजन में सर्वाधिक हैं। उन्होंने ऑरेंज पर कब्जा जमाया। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ओपनर सूर्यवंशी ने कुल 72 छक्के लगाए। वह एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिषेक शर्मा भी दमदार छक्के मारने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 15 मैचों में 563 रन बटोरे, जिसमें 204.72 का स्ट्राइक रेट रहा। वह सीजन में सूर्यवंशी के बाद दूसरे सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले प्लेयर हैं। हालांकि, सूर्यवंशी औ अभिषेक का सबसे लंबे छक्के मारने वाली फेहिरिस्त में दबदबा नहीं रहा।

आईपीएल 2026 में तीन खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से सबसे लंबा छक्का ठोकने का कारनामा अंजाम दिया। टिम डेविड, डेविड मिलर और तिलक वर्मा ने 106 मीटर का छक्का उड़ाया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी)के टिम डेविड ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पेसर जेमी ओवरटन के सामने 106 मीटर का छक्का मारा। डेविड मिलर ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ 106 मीटर का सिक्स जड़ा। मिलर दिल्ली कैपिल्स (डीसी) का हिस्सा हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) के तिलक वर्मा ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के स्पिनर युजवेंद्र चहल के विरुद्ध 106 मीटर का सिक्स जमाया। वहीं, आरसीबी के जैकब बेथेल ने डीसी के खिलाफ 104 मीटर और पंजाब किंग्स के कूपर कॉनोली ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के सामने 103 मीटर का छक्का लगाया।

2026 - टीम डेविड 1 जेमी ओवरटन (106मीटर)

डेविड मिलर 1 प्रसिद्ध कृष्णा (106मीटर)

तिलक वर्मा 1 युजवें चहल (106मीटर)।

## रिजेक्शन के बाद आकिब नबी का 'सलेक्शन', टीम इंडिया के लिए ये काम करेगा तेज गेंदबाज



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से मुल्लांपुर में शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए छह गेंदबाजों में शामिल किया गया है। नबी को इस मैच के लिए टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर चयन समिति को आलोचना का सामना करना पड़ा था। नबी के अलावा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है क्योंकि अफगानिस्तान की टीम में कलाई के स्पिनर होने की संभावना है।

नेट अभ्यास के लिए जिन अन्य गेंदबाजों को बुलाया गया है उनमें बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर शिवांग कुमार, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, आईपीएल की खोज तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और ऑफ स्पिनर सारांश जैन शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विज्ञप्ति में कहा, 'गुरजपनीत सिंह, आकिब नबी, प्रिंस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी और शिवांग कुमार टेस्ट मैच की तैयारी में टीम की मदद करने के लिए नेट गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं। इससे पहले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'आकिब नबी को भारतीय नेट अभ्यास सत्र में शामिल होने के लिए कहा गया है। आकिब ही नहीं पांच अन्य गेंदबाजों को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है। भारतीय टीम के दो प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा सात दिन में आईपीएल के तीन मैच खेलने के कारण नेट अभ्यास में पूरी ताकत नहीं झोंक सकते हैं। बल्लेबाजों को पर्याप्त अभ्यास क ी जरूरत है।' सिराज और प्रसिद्ध दोनों ने क्रमशः धर्मशाला, चंडीगढ़ और अहमदाबाद की यात्रा सहित पांच दिन के अंतराल में आईपीएल का पहला और दूसरा क्वालीफायर तथा फाइनल खेला। नबी ने 60 विकेट लेकर जम्मू-कश्मीर को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन भारतीय टीम में उनके बजाय पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को प्राथमिकता दी गई। भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र में आईपीएल फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ियों को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। आईपीएल की उपविजेता गुजरात टाइटंस के सात खिलाड़ी (कप्तान शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन, गुरनूर बरार, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार और वॉशिंगटन सुंदर) टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

## आईआईएम वैभव सूर्यवंशी पर करेगा स्टडी



**नई दिल्ली।** कम उम्र में मिलने वाली प्रसिद्धि और इससे पैदा होने वाले दबाव विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के भविष्य को किस तरह प्रभावित करते हैं, इसका जवाब तलाशने के लिए इंदौर का भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) क्रिकेट की नौजवान सनसनी वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर एक स्टडी करेगा। आईआईएम के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूर्यवंशी हाल में समाप्त हुए आईपीएल 2026 में 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे।

इस 15 वर्षीय बल्लेबाज को टी20 लीग का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाकर ऑरेंज कैप भी जीती। आईआईएम इंदौर के निदेशक हिमांशु राय ने समाचार एजेंसी से कहा कि संस्थान के अध्ययन का उद्देश्य केवल सूर्यवंशी की सफलता का विश्लेषण करना नहीं, बल्कि उन कारकों की पहचान करना है जो कम उम्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली किसी प्रतिभा के विकास में भूमिका निभाते हैं। राय ने कहा, हम समझना चाहते हैं कि विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के असाधारण प्रदर्शन के पीछे कौन से कारक काम करते हैं? ऐसे प्रदर्शन के लिए व्यक्तित्व, व्यवहार और अभ्यास के तरीके के साथ-साथ माता-पिता, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठों का सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है।'' उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनेक बाल प्रतिभाओं ने कम उम्र में बड़े मुकाम हासिल किए, लेकिन बाद में उन्हें धन, प्रसिद्धि, सोशल मीडिया और बढ़ती अपेक्षाओं के दबाव का सामना करना पड़ा। राय ने कहा, अपने अध्ययन में हम यह भी देखना चाहेंगे कि ऐसी अपेक्षाओं या व्यवधानों से कैसे निपटा जाए? उन्होंने कहा कि इस अध्ययन के लिए सूर्यवंशी का चयन इसलिए किया गया क्योंकि क्रिकेट भारत का बेहद लोकप्रिय खेल है और खासकर नौजवान खिलाड़ियों पर सार्वजनिक दबाव भी अन्य खेलों की तुलना में अधिक होता है।

सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के (59) लगाने के पिछले आईपीएल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में 72 छक्के जड़े। 15 वर्षीय खिलाड़ी ने जसप्रीत बुमराह, कागिसो रबाडा और पैट कमिंस जैसे विश्व के कुछ शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ अपने बेखौफ रवैये से सबको प्रभावित किया। आईआईएम निदेशक ने बताया कि बाल प्रतिभाओं को लेकर संस्थान के अध्ययन में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानव संसाधन, संचार और व्यवहार विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। उनके मुताबिक अध्ययन अगले दो सप्ताह में शुरू किया जाएगा और इसे करीब तीन महीने में पूरा किए जाने का लक्ष्य है। राय ने कहा कि यह अध्ययन केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगा और इसके निष्कर्ष गणित, विज्ञान, कला या अन्य क्षेत्रों में कम उम्र में असाधारण पहचान हासिल करने वाली प्रतिभाओं के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं। राय के अनुसार अध्ययन का उद्देश्य ऐसे व्यावहारिक और नीतिगत निष्कर्ष विकसित करना है जो भविष्य में उभरती प्रतिभाओं के समग्र और सतत विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकें।

## शाहीन ने पाक कप्तानों के नायाब क्लब में मारी एंट्री, 25 सालों के बाद हुआ ये कमाल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान और स्टार पेसर शाहीन अफरीदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आठ ओवर के स्पेल में 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने एक मेडन ओवर भी डाला। शाहीन ने ओपनर एलेक्स कैरी (0) और मैथ्यू कुहनेमन (5) को बोल्ड किया जबकि नाथन एलिस (5) को अराफात मिन्हास के हाथों लपकवाया। शाहीन ने कैरी को मैच की पहली गेंद पर आउट किया। उन्होंने कैरी को पवेलियन भेजते ही पाकिस्तानी कप्तानों के एक नायाब क्लब में एंट्री मारी। वह वनडे पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे पाकिस्तानी कप्तान बन गए हैं। शाहीन से पहले यह कारनामा वसीम अकरम और वकार यूनिस ने अंजाम दिया।

25 सालों के बाद हुआ ये कमाल

वसीम अकरम वनडे मैच की पहली बॉल पर विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी कप्तान थे। उन्होंने 24 दिसंबर 1993 को कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे में एंडी फ्लावर को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की थी। वकार यूनिस ने 17 जून 2001 को लीड्स में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे मैच में ऐसा किया था। उन्होंने पहली गेंद पर मार्कस ट्रेस्कोथिक को अपना शिकार बनाया था। अब 25 सालों के बाद पाकिस्तानी कप्तान ने वनडे पारी की पहली बॉल पर विकेट लेने का कमाल किया है। शाहीन नई गेंद से प्रभाव छोड़ने की अपनी काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक बार फिर दिखाया कि वह इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक क्यों हैं। शाहीन को पिछले साल पाकिस्तान का फुल-टाइम वनडे कप्तान नियुक्त किया गया था। दूसरे वनडे की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने टॉस गंवाने के बाद 9 विकेट पर 231 रन जुटाए। कैमरून ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाए लेकिन बेहद धीमी गति से बल्लेबाजी की।

## आईपीएल 2026 में विकेट के लिए संघर्ष करते नजर आए बुमराह



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के लिए आईपीएल 2026 का सीजन किसी बुरे सपने की तरह बिता। 13 मुकाबलों में सिर्फ चार विकेट, 102.50 का गेंदबाजी औसत। यह टीम इंडिया के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल 2026 के आंकड़े हैं। टी20 विश्व कप में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद इस सीजन में बुमराह से हर किसी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी।

हालांकि, बुमराह के लिए यह सीजन किसी बुरे सपने की तरह रहा। जसप्रीत बुमराह पूरे सीजन विकेट लेने के लिए तरसते हुए नजर आए। हर मैच और हर परिस्थिति में विकेट लेने में माहिर बुमराह आईपीएल 2026 में सिर्फ चार विकेट ही निकाल सके। उनका गेंदबाजी औसत 102.50 का रहा, जो आईपीएल के एक सीजन में 30 से ज्यादा ओवर फेंकने वाले गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है। बुमराह की खराब फॉर्म को अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वह नौ मुकाबलों में तो एक विकेट तक नहीं निकाल सके।

आलम यह रहा कि पूरे सीजन में कोई भी मैच ऐसा नहीं रहा, जिसमें बुमराह ने एक से ज्यादा विकेट लिया हो। बुमराह के कद को देखते हुए यह उनके आईपीएल करियर का सबसे खराब सीजन माना गया। हालांकि, साल 2013 और 2015 में बुमराह ने तीन-तीन विकेट ही चटकाए थे, लेकिन 2013 में स्टार तेज गेंदबाज ने सिर्फ दो और 2015 में चार मैच ही खेले थे। बुमराह की नाकामी का असर मुंबई इंडियंस टीम के प्रदर्शन पर साफतौर पर पड़ा। बुमराह के संघर्ष करने के कारण टीम के बाकी गेंदबाज दबाव में दिखाई दिए, जिसका पूरा फायदा विपक्षी टीम के बल्लेबाजों ने उठाया। आईपीएल 2026 में खेले 14 मुकाबलों में से मुंबई इंडियंस सिर्फ चार में ही जीत दर्ज कर सकी, जबकि 10 मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने अंक तालिका में नौवें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया। भारतीय क्रिकेट फैंस अब यही उम्मीद करेंगे कि जसप्रीत बुमराह की यह खराब फॉर्म आईपीएल तक ही सीमित रहे और वह टीम इंडिया की जर्सी में लौटने पर दमदार प्रदर्शन करें।

## करोड़ों का हुआ करार, पर मौजूदा सीजन में बुरी तरह फेल रहे ये पांच खिलाड़ी




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में कई युवा और कुछ अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन लाजवाब रहा। हालांकि, कुछ नाम ऐसे भी रहे, जिन्हें खरीदने या टीम में बनाए रखने के लिए फ्रेंचाइजी ने करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में बेहद निराशाजनक रहा। इस लिस्ट में तीन भारतीय भी शामिल हैं जिसमें से दो टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहे थे।

कैमरन ग्रीनः कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कैमरन ग्रीन को खरीदने के लिए नीलामी में 25.20 करोड़ रुपये खर्च किए थे। हालांकि, ग्रीन ने अपने प्रदर्शन से खासा निराश किया। बल्लेबाजी में वह 14 मुकाबलों में 145 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 322 रन ही बना सके और पूरे सीजन में उनके बल्ले से महज दो अर्धशतक निकले। शुरुआती मुकाबलों में ग्रीन चोट से उबर रहे थे जिस कारण उन्होंने गेंदबाजी नहीं की और बाद में भी वह गेंद से कोई खास असर नहीं डाल सके।

ऋषभ पंतः आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत जिन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, उनका प्रदर्शन भी आईपीएल 2026 में भी निराशाजनक रहा। पंत ने 14 मुकाबलों में 138 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 312 रन बनाए। पंत पूरे सीजन में सिर्फ एक अर्धशतक ही लगा सके। बल्ले से पंत की नाकामी एलएसजी को इस सीजन भी काफी भारी पड़ी। इसका असर पंत पर भी पड़ा और उन्होंने लखनऊ का सफर समाप्त होते ही कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, जिसे लखनऊ टीम प्रबंधन ने स्वीकार भी कर लिया था।

सूर्यकुमार यादवः मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव को रिटेन करने के लिए 16.35 करोड़ रुपये खर्च किए थे। आईपीएल 2026 से ठीक पहले सूर्यकुमार की कप्तानी में ही भारत ने टी20 विश्व कप का खिताब बचाया था। हालांकि, सूर्यकुमार इस सीजन रनों के लिए बुरी तरह से संघर्ष करते हुए नजर आए। सूर्यकुमार 13 पारियों में 147 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 270 रन ही बना सके। उन्होंने इस सीजन दो अर्धशतक लगाए। सूर्यकुमार का बल्ले से फेल होना मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा।

निकोलस पूरनः आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने निकोलस पूरन को 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। हालांकि, पूरन इस सीजन उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। उन्होंने 14 मुकाबलों में 127 के मामूली स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 234 रन बनाए। पूरन बहुत मुश्किल इस सीजन में महज एक ही अर्धशतक लगा सके।

हार्दिक पांड्याः मुंबई इंडियंस के कप्तान की जिम्मेदारी संभाल रहे हार्दिक पांड्या के लिए यह सीजन किसी बुरे सपने की तरह रहा। 10 मुकाबलों में हार्दिक 138 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 206 रन ही बना सके और उनके बल्ले से एक अर्धशतक तक नहीं आया। वहीं, गेंदबाजी में वह सिर्फ चार विकेट ही निकाल सके। हार्दिक इस दौरान चोट के कारण कुछ मैच से बाहर रहे।

# किसानों को मौसम की मार से बचाने के लिए सरकार तैयार

## संभावित 'अल-नीनो' की आशंका के बीच शिवराज ने किया आश्वस्त: 'किसानों को घबराने की जरूरत नहीं'




**नई दिल्ली, ब्यूरो।** आगामी दिनों में संभावित अल-नीनो प्रभाव की वजह से मौसम में अप्रत्याशित बदलाव और बारिश की अनिश्चितताओं से खरीफकी फसल प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच अन्नदाता किसानों को मौसम की मार से बचाने के लिए सरकार ने पूरी तरह कमर कस ली है। इसी सिलसिले में राजधानी स्थित कृषि भवन में हुई व्यापक समीक्षा बैठक के बाद कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि सरकार पूरी सतर्कता के साथ ऐसी तैयारी कर रही है जिससे मौसम की चुनौती का असर खेत और किसान पर न्यूनतम रहे। बैठक में बताया गया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 2026 में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना जताई है और मौसमी वर्षा देशभर में दीर्घकालीन औसत के लगभग 90 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। साथ ही यह संकेत भी दिया गया कि मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में शिवराज ने केंद्र के सभी संबंधित विभागों और राज्य सरकारों को सतर्क मोड में रहने का निर्देश देते हुए कहा है कि पूरी गंभीरता, समन्वय और अग्रिम योजना के साथ काम किया जाए ताकि किसी भी प्रतिकूल मौसमीय स्थिति में किसान को समय पर सलाह, उपयुक्त बीज, वैकल्पिक फसल विकल्प, नमी संरक्षण और जल प्रबंधन की सहायता मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास, बेहतर जल प्रबंधन, उन्नत तकनीक, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु-सहनशील कृषि उपायों के द्वारा संभावित चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित और किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सकता है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिति, संभावित अल नीनो प्रभाव, जल उपलब्धता, बीज व्यवस्था, फसल रणनीति और राज्यों की तैयारियों की समीक्षा के लिए हुई सभी संबंधित विभागों की उच्चस्तरीय बैठक में यह तथ्य भी सामने आया कि इस समय देश के जलाशयों का जलस्तर संतोषजनक है और समग्र भंडारण सामान्य से बेहतर स्थिति में है। इससे आगामी खरीफ मौसम में सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी और नमी की कमी के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

बैठक में शिवराज ने स्पष्ट किया कि मौसम संबंधी पूर्वानुमानों को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है लिहाजा किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन राज्यों और जिलों में कम वर्षा, लंबा ड्राई स्पेल या अल नीनो का अपेक्षाकृत अधिक प्रभाव पड़ने की संभावना है, वहां विशेष निगरानी, सतत समीक्षा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कैंप का आयोजन, युवाओं ने लिया हिस्सा



**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** विकास खण्ड हलिया के सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान 2.0 के तहत आयोजित शिविर कैंप में युवाओं की भीड़ उमड़ी। हलिया ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम की है। शिविर कैंप आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया है।शिविर में अधिकारियों द्वारा युवाओं को 5 लाख रुपये तक के ब्याज रहित ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में उद्योग विभाग के कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर 19 आवेदन का ऑनलाइन किया गया है।शेष युवाओं को नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र से कराने का आश्वासन दिया है। कैंप का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।नोडल अधिकारी विजयेश कुमार ने बताया की शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लिए 19 युवाओं के आवेदन को ऑनलाइन किया गया है इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया,सहायक विकास अधिकारी सुशील सिंह, सीएम फेलो गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला हुई अचेत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के हथिया बांध गांव निवासी मीना देवी 56 वर्ष रात्रि साढ़े नौ बजे मीना नें फर्रुटा पंखा का प्लग बोर्ड में लगा रही थी तभी वह करेंट की चपेट में आ गई और अचेत होकर गिर गई घर वाले घबरा गए और 108 एम्बुलेंस को सुचना दिया मौके पर 108 के इएमटी संतोष भारतीय पायलट दिलीप यादव के साथ मौके पर पहुंचे और हलिया अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पर मीना देवी का इलाज चल रहा है।

# पंचायत सहायकों ने बहिष्कार की चेतावनी दी 15 जून को लखनऊ में धरना प्रदर्शन का ऐलान





**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** हलिया विकास खण्ड के पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया है। पंचायत सहायक अध्यक्ष विनीत कुमार पाण्डेय द्वारा मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, हलिया को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 15 जून 2026 से सभी पंचायत सहायक कार्य बहिष्कार करेंगे। 01 जून से प्रदेश के समस्त पंचायत सहायकों ने मोबाइल एप्लिकेशन से संबंधित कार्यों और ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार किया था।यदि आगामी दो माह में पंचायत सहायकों का मानदेय वृद्धि, सेवा नियमावली का निर्माण, मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तो 15 जून 2026 से सभी पंचायत सहायक गोमती तट, लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे।पत्र में कहा गया है कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। पत्र पर विनीत कुमार पाण्डेय के अलावा अन्य पंचायत सहायक मौजूद हैं। पंचायत सहायक ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी जायज मांगों पर जल्द निर्णय लेकर समस्या का समाधान किया जाए।

# मैजिक वाहन व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में मंगलवार की शाम मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है।

मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी 28 वर्षीय मोनू कोल बाइक से अपने रिश्तेदार कवलझर गांव निवासी 30 वर्षीय सुनील के साथ बाइक से पिपरा बाजार की तरफ से लौट रहा थे की बाइक जैसे ही मुड़पेली गांव में पहुंची की सामने से आ रहे मैजिक वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंचे एसआई कृष्ण कुमार सिंह व पीआरवी 112 पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसा इतना भीषण था की बाइक मैजिक वाहन में जाकर फंस गई इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौत होने की सूचना मिली है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दिया गया है।



## तीन घंटे तक केबिन में फंसा रहा ट्रक चालक, पुलिस ने सुरक्षित निकलवाया बाहर, भेजा अस्पताल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के

### ट्रक का ब्रेक फेल होने से हुआ ड्रमंडगंज घाटी में हादसा

जालिम मोड़ के पास मंगलवार दोपहर कोल्डड्रिंक लादकर नीचे उतरते समय ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक बगल से चल रहे कंटेनर में टकराते हुए आगे दुर्घटनाग्रस्त होकर पहले से ही खड़े दाल लदे ट्रक में पीछे से जा टकराया। तीनों वाहन आपस में टकराकर एक दूसरे से जाकर फंस गए। कोल्डड्रिंक लदे ट्रक का चालक 47 वर्षीय राजकुमार यादव निवासी डुमरडील बरही जिला हजारीबाग झारखंड केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कटर मशीन से ट्रक के केबिन को कटवाकर चालक को सुरक्षित बाहर निकलवाया।घायल चालक को पुलिस ने एनएचएआई के एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जहां देवहट गांव स्थित निजी अस्पताल में घायल चालक का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है। हादसे के बाद एक लेन से वाहनों का आवागमन ठप है। मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले लेन से वाहनों का आवागमन हो रहा है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि ट्रक के केबिन में फंसे चालक को कटरमशीन की मदद से तीन घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकलवाया गया।घायल चालक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। चालक की हालत सामान्य है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को घाटी से हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## औद्योगिक पार्क निर्माण का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने मंगलवार को परदहां स्थित पूर्व स्पिनिंग मिल परिसर में विकसित हो रहे औद्योगिक पार्क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उन्होंने परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।84.27 एकड़ भूमि पर विकसित हो रहे इस पार्क में 139 औद्योगिक प्लॉट सहित सड़क, विद्युत, पार्किंग, एसटीपी, वेंडिंग जोन, प्रशासनिक भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने शेष कार्यों में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि औद्योगिक पार्क से जिले में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने 15 जून के पूर्व ही समस्त कटाव निरोधक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मंगलवार को दोहरीघाट में सरयू नदी के दाएं तट पर किलोमीटर 0.570 से किलोमीटर 0.940 के मध्य स्थित मुक्तिधाम (श्मशान घाट) की सुरक्षा हेतु संचालित कटावनिरोधक कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयावधि में पूर्णता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग ने अवगत कराया कि परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 724.85 लाख रुपये है तथा अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कटावनिरोधक कार्य को पूरी गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संपादित किया जाए ताकि सरयू नदी के कटाव से मुक्तिधाम (श्मशान घाट) की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना के समस्त कार्य 15 जून के पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय नागरिकों की सुविधा एवं महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल की सुरक्षा से जुड़ी हुई है, इसलिए कार्य की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की मजबूती एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री का भव्य स्वागत



**स्वतंत्र भारत मऊ।** नगर क्षेत्र स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर परिसर में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के जनपद आगमन पर श्रद्धा, सम्मान और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने मंदिर परिसर पहुंचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित जनसमुदाय ने माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके प्रति अपना विश्वास और समर्थन व्यक्त किया।जनपद मऊ पहुंचने पर अलंकार अग्निहोत्री सबसे पहले प्राचीन शीतला माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां शीतला के दर्शन-पूजन कर प्रदेश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में उन्होंने श्रद्धा भाव से नतमस्तक होकर माता रानी को पुष्प अर्पित किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।समाज को संगठित एवं जागरूक करने के अभियान पर निकले हैं अग्निहोत्री गौरतलब है कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री पूर्व में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान समय में वे समाज को संगठित, जागरूक एवं अधिकारों के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश का व्यापक भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में उनका मऊ आगमन हुआ, जहां विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोगों ने उनका स्वागत करते हुए उनके अभियान की सराहना की।मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने अलंकार अग्निहोत्री का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों ने उनके द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को समय की आवश्यकता बताते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी सहित ब्राह्मण समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक एकता का वातावरण बना रहा। लोगों ने आशा व्यक्त की कि ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता और संगठन को नई दिशा प्रदान करेंगे।

मंदिर परिसर में आयोजित यह स्वागत समारोह जनपद में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने अलंकार अग्निहोत्री के सामाजिक सरोकारों तथा जनजागरण अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## बाइक सवार दम्पति गिरकर घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव में मंगलवार की शाम बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस कर्मियों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी 36 वर्षीय संतोष पाल बाइक से अपनी पत्नी 30 वर्षीय निरफला के साथ घर से हलिया बाजार बाइक की किस्त जमा करने आ रहे थे की जैसे ही अहुगी खुर्द गांव में पहुँचे की तेज हवा चलने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिरकर बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर एम्बुलेंस चालक प्रवीण पाल ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार द्वारा दोनों घायलों का उपचार कर रहे है पत्नी बिहोशी की हालत में है।

## जामडीह में सड़क पर जलजमाव से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी विकासखंड के जामडीह गांव में सड़क पर लंबे समय से जलजमाव की समस्या से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से सड़क पर गंदा पानी जमा रहता है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं व बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई बार शिकायत के बावजूद समाधान न होने पर ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्या का निराकरण न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## भाटी कला गांव में ट्रांसफार्मर में लगी आग, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के भाटी कला गांव में मंगलवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ट्रांसफार्मर से धुआं निकलता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग अधिक तेज नहीं थी, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से लोगों में चिंता का माहौल रहा। सूचना मिलने के बाद विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना में किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

## कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा कथा

**स्वतंत्रभारत मऊ।** बड़रांव क्षेत्र के कपरियाडीह स्थित क्रीड़ा प्रांगण में मंगलवार से चार दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 551 कन्याओं की भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हाथी, घोड़ा, बग्घी, बैंड-बाजा और हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मां सरयू के पवित्र जल से कलश पूजन एवं स्थापना के बाद यज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आयोजन में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** क्षेत्र के कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में मंगलवार मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया।

बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108 गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है

## बीएसएनएल का सर्वर खराब होने के चलते उपडाकघर सूरजपुर पर कार्य कई दिनों से बाधित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सूरजपुर उप डाकघर में पिछले दो सप्ताह से बीएसएनएल नेटवर्क एवं सर्वर की समस्या के कारण आधार कार्ड, बचत खाता, एनएससी, केवीपी, टीडी, रजिस्ट्री, मनीऑर्डर और अन्य ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हैं। दूरदराज से आने वाले उपभोक्ताओं को लेनदेन व पेंशन संबंधी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क बाधित होने से कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है।

उप डाकपाल रामचंद्र ने बताया कि समस्या से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज

## नेतन्याहू को फोन कर दी चेतावनी | कहा- तुरंत ये सब रोको

**वॉशिंगटन।** ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया।

रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन किया।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा-तुम पागल हो गए हो क्या? आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे



नाराज है। हर कोई इजराइल से भी नाराज है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।

वहीं दूसरी ओर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि हिजबुल्ला उत्तरी इस्राइल पर हमले जारी रखता है तो इस्राइल बेरूत में सैन्य कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने ट्रंप से बातचीत में साफ कर दिया है कि यदि हिजबुल्ला इस्राइली शहरों और नागरिकों पर हमले बंद नहीं करता तो इस्राइल बेरूत में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सेना की कार्रवाई पहले से तय योजना के अनुसार जारी रहेगी। इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया था कि उनकी नेतन्याहू और हिजबुल्ला के प्रतिनिधियों से अलग-अलग बातचीत हुई। उनके अनुसार, इस्राइली सेना बेरूत में प्रवेश नहीं करेगी और वहां की ओर बढ़ रही सैन्य टुकड़ियों को वापस लौटने का आदेश दिया गया है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि हिजबुल्ला ने भी गोलीबारी रोकने पर सहमति जताई है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला नहीं करेंगे।

इसी बीच लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय ने भी पुष्टि की कि हिजबुल्ला ने अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। प्रस्ताव के तहत बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इस्राइली हमले रोके जाएंगे और बदले में हिजबुल्ला इस्राइल के खिलाफ सीमा पार हमले नहीं करेगा। योजना के अनुसार बाद में संघर्ष विराम को पूरे लेबनान तक विस्तारित किया जाएगा।

## हंतावायरस के संपर्क में आए पांच अमेरिकी यात्री पहुंचे घर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय क्वारंटाइन सुविधा में हंतावायरस के संपर्क में आने के बाद से रह रहे 18 अमेरिकी क्रूज जहाज यात्रियों में से पांच अपने घर लौट गए हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ये पांचों व्यक्ति अब घर पर ही अपनी निगरानी पूरी करेंगे। वे अब तक हंतावायरस के लक्षणों से मुक्त रहे हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर की क्वारंटाइन इकाई के बाहर निगरानी के मानदंडों को पूरा करते हैं।

यह सभी यात्री लगभग तीन सप्ताह पहले नेब्रास्का पहुंचे थे। यह घटना दक्षिण अटलांटिक महासागर में यात्रा कर रहे एक क्रूज जहाज पर हंतावायरस के घातक प्रकोप के बाद हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहाज से जुड़े कुल 13 पुष्ट या संभावित हंतावायरस मामले सामने आए हैं, जिनमें तीन मौतें भी शामिल हैं।

## सैनिकों की कमी से जूझ रहे इस्राइल में बवाल

**तेल अवीव।** इस्राइल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में सोमवार को हजारों अति-रूढ़िवादी (अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स) यहूदियों ने देशभर में

- सैन्य भर्ती के खिलाफ कट्टरपंथी यहूदी सड़कों पर उतरे
- हिंसा-आगजनी



प्रदर्शन किया। जिससे हिंसा और बवाल की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर दिया तथा कई स्थानों पर वाहनों में आग लगा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। इस्राइली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को जाम कर दिया और एक स्थान पर बस से उतरे एक सैनिक पर भी हमला किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के कारण यरुशलम और तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र समेत देश के मध्य हिस्से में यातायात व्यवस्था लगभग ठप हो गई। कई राजमार्ग बंद कर दिए गए और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित रहीं। इस्राइल में अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय को लंबे समय से धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के आधार पर सैन्य सेवा से छूट मिलती रही है। अब इस छूट पर खतरा मंडरा रहा है। कई आम इस्राइली नागरिक इस व्यवस्था से नाराज हैं, क्योंकि लगातार सैन्य अभियानों के चलते इस्राइली सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है, जिससे सेना पर दबाव बढ़ रहा है। इस बीच भी अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय के अधिकांश युवा भर्ती से बाहर रहते हैं। यही मुद्दा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी संकट बन गया है।

## पेंटागन ने पत्रकारों के लिए बंद किया प्रेस कार्यालय

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने मीडिया की पहुंच पर एक और प्रतिबंध लगाते हुए पेंटागन के प्रेस कार्यालय को क्लासिफाइड स्पेस

- बोला- वहां गोपनीय दस्तावेजों के साथ होता है काम

यानी संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके साथ ही पत्रकारों के लिए इस कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।





पेंटागन के कार्यवाहक प्रेस सचिव जोएल वाल्डेज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी विवादास्पद नहीं है। उन्होंने बताया कि भाषण लिखने वाले (स्पीच राइटर), जो गोपनीय दस्तावेजों के साथ काम करते हैं, अब इसी परिसर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

वाल्डेज ने लिखा, पेंटागन प्रेस कार्यालय को सेंसिटिव कंपार्टमेंटेड इंफॉर्मेशन फैसिलिटी के रूप में पुनर्निर्धारित किया गया है, क्योंकि युद्ध सचिव के कार्यालय के स्पीच राइटर इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ये स्पीच राइटर नियमित रूप से गोपनीय सामग्री संभालते हैं। इसके नतीजतन पत्रकारों को अब इस कार्यालय क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसमें कुछ भी विवादास्पद नहीं है। इस कदम की जानकारी सबसे पहले वॉशिंगटन पोस्ट ने दी। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी मीडिया और ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। यह टकराव सार्वजनिक मंचों के साथ-साथ अदालतों तक भी पहुंच चुका है।

कई वर्षों तक पेंटागन को कवर करने वाले पत्रकारों के पास ऐसे विशेष पहचान पत्र थे, जिनकी मदद से वे इमारत के विभिन्न हिस्सों में जाकर प्रेस अधिकारियों से संपर्क कर सकते थे। लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में अधिकांश समाचार संस्थानों ने सरकारी प्रतिबंधों को स्वीकार करने के बजाय अपने प्रवेश पास वापस कर दिए और पेंटागन छोड़ दिया था।

## एक नज़र

### अमेरिका के आयोवा में अंधाधुंध गोलीबारी, सात मरे

**पुलिस बोली- घरेलू कलह में नरसंहार**

**आयोवा (अमेरिका)।** अमेरिका के आयोवा राज्य के मस्कटाइन में सोमवार को एक घरेलू विवाद के कारण गोलीबारी हुई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस विभाग के अनुसार, बंदूकधारी ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बंदूकधारी की पहचान 52 वर्षीय रयान विलिस मैकफालैंड के रूप में की है। उसने तीन अलग-अलग स्थानों पर छह व्यक्तियों की हत्या की। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। मस्कटाइन पुलिस विभाग को दोपहर करीब 12ः12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारी और आपातकालीन चिकित्सा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। एक घर के अंदर दाखिल होने पर, अधिकारियों ने चार लोगों के शव बरामद किए। सभी को गोली लगी थी। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चला कि गोलीबारी घरेलू विवाद से संबंधित थी। सभी पीड़ित संदिग्ध के परिवार के सदस्य माने जा रहे हैं।

### हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव

**भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किया समर्थन**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख सांसद ने प्रतिनिधि सभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें हिंदू-अमेरिकी समुदाय के देश की अर्थव्यवस्था में योगदान का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है। इस प्रस्ताव का समर्थन सोमवार को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने किया। इसे मिशिगन से भारतीय मूल के डेमोक्रेट सांसद श्री थानेदार ने पेश किया था। 24 जनवरी 2025 को पेश किए गए इस प्रस्ताव को अब तक 32 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। इनमें राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, जिसके 100 से अधिक देशों में 1.2 अरब से ज्यादा अनुयायी हैं। इसमें जिक्र किया गया है कि हिंदू धर्म विभिन्न परंपराओं और आस्था प्रणालियों का समूह है, जो स्वीकार्यता, पारस्परिक सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

### जापान में जांगमी तूफान का कहर

**300 से ज्यादा उड़ानें रद्द, 47 हजार से अधिक घरों की बिजली गुल**

**टोक्यो।** जापान में उष्णकटिबंधीय तूफान जांगमी (टाइफून नंबर-6) के प्रभाव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। मंगलवार दोपहर तक तूफान से जुड़ी घटनाओं में नौ लोग घायल हो गए, जबकि ओकिनावा और कागोशिमा प्रांतों में 47 हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, मंगलवार सुबह 11.45 बजे तक जांगमी कागोशिमा प्रांत के याकूशिमा द्वीप से लगभग 140 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पूर्व दिशा में बढ़ रहा था। तूफान के कारण दोनों प्रांतों में करीब 47,930 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। परिवहन सेवाओं पर भी व्यापक असर पड़ा है। एहतियातन दो एक्सप्रेसवे मार्गों के 15 खंड बंद कर दिए गए हैं, जबकि एक रेल लाइन पर सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इसके अलावा, छह अन्य रेल ऑपरेटरों ने 19 रेल लाइनों पर सेवाएं रोकने की योजना बनाई है। खराब मौसम के चलते मुख्य रूप से क्यूशू क्षेत्र से आने-जाने वाली 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं।

### यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला, तीन लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को एक बार फिर से निशाना बनाया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि कीव पर हुए सामूहिक हमले में कम से कम 3 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन के बीच छिड़े हालिया संघर्ष को चार साल हो चुके हैं। इन चार वर्षों में भीषण तबाही और जान-माल के नुकसान के बावजूद दोनों देशों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है।

### पाकिस्तान में सुरक्षाकर्मी की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने ईद की छुट्टी पर आए एक अर्धसैनिक सैनिक की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पिछले पांच दिनों में इस इलाके में सुरक्षाकर्मियों पर यह तीसरा हमला है, क्योंकि इससे पहले गुरुवार को भी कुलाची शहर में छुट्टी पर आए एक अन्य सैनिक की हत्या की गई थी। फिलहाल स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया है, क्योंकि कुलाची का यह क्षेत्र लंबे समय से आतंकियों के निशाने पर रहा है और सुरक्षा बल यहां शांति बनाए रखने के लिए लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं।

### अफ्रीका ने भारत की चिकित्सा सहायता का किया स्वागत

**जोहानिसबर्ग।** अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने इबोला से निपटने के लिए भारत सरकार की आपातकालीन चिकित्सा सहायता का स्वागत किया है। भारत ने लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो के पूर्वी क्षेत्रों में संक्रमण रोकने के लिए नैदानिक किट, दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति भेजी है। अफ्रीका सीडीसी ने एक्स पर जानकारी दी कि यह सहायता युगांडा स्थित क्षेत्रीय समन्वय केंद्र के जरिये पहुंचाई गई है।

### चीन : त्यिनमेन नरसंहार की 37वीं बरसी पर निगरानी बढ़ी

**बीजिंग।** त्यिनमेन स्क्वायर सैन्य कार्रवाई की 37वीं बरसी से पहले चीनी अधिकारियों ने देश भर में निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने सरकार से असंतुष्ट कार्यकर्ताओं पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं। कई लोगों को घरों में कैद कर दिया है या उन्हें सार्वजनिक चर्चा न करने की चेतावनी मिली है। गौरतलब है कि 4 जून 1989 को बीजिंग में छात्र आंदोलन को कुचलने के लिए हुई कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे। कम्युनिस्ट पार्टी हर साल इस दौरान सुरक्षा उपाय कड़े कर देती है।

### फ्रांस ने रूस का तेल टैंकर रोका : मैक्रों


**पेरिस।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, सोमवार को फ्रांस नौसेना ने अटलांटिक महासागर में रूस से आ रहे एक प्रतिबंधित तेल टैंकर को रोक लिया है। तगोर नामक जहाज को 31 मई की सुबह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चलाए गए एक अभियान के दौरान फ्रांसीसी नौसेना ने रोका। यह अभियान ब्रिटेन व कई साझेदारों की मदद से चलाया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का सख्त पालन किया गया।

## ब्राजील चुनाव में अमेरिकी दखल

**रियो डी जेनेरियो।** अमेरिका ने ब्राजील के दो बड़े आपराधिक गिरोहों को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। जानकारों और राजनेताओं का

- लूला की कमजोर नस पर वार
- ट्रंप की चाल पर विशेषज्ञों ने उठाए सवाल

कहना है कि यह फैसला पूरी तरह राजनीतिक है। इसका सीधा मकसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो को चुनावी फायदा पहुंचाना है। फ्लावियो ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे हैं। ये दोनों गिरोह लैटिन अमेरिका के उन आठ अन्य गिरोहों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिन्हें अमेरिका आतंकवादी मानता है। लेकिन इन दोनों में एक बड़ा फर्क है। ये गिरोह अमेरिका के अंदर काम नहीं करते हैं। इन दोनों गिरोहों के नाम फर्स्ट कैपिटल कमांड



(पीसीसी) और रेड कमांड (सीवी) हैं। इन्हें आतंकी सूची में डालने का फैसला सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो के अमेरिका दौरे के तुरंत बाद आया है। फ्लावियो ने पिछले हफ्ते ही अमेरिका का दौरा किया था। उन्होंने खुद बताया कि उन्होंने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर इन गिरोहों को आतंकी घोषित करने की मांग की थी। ब्राजील में इसी साल अक्तूबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। फ्लावियो इस चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को हराना चाहते हैं। अमेरिका के इस फैसले से फ्लावियो की छवि मजबूत होगी। उन्हें जनता के सामने खुद को अपराध पर सख्त नेता दिखाने का मौका मिलेगा।

## ब्रिटेन : प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी पर संकट

**लंदन।** ब्रिटिश राजनीति में एक बार फिर भूचाल आ गया है। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन से जुड़े 1,500 पन्नों के नए सरकारी

- लेबर पार्टी में सिरफुटौव्वल

दस्तावेजों के सार्वजनिक होने से प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मुश्किलें बेहद बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में मैंडेलसन को वाशिंगटन का दूत नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति को लेकर अब सरकार पर सवाल उठ रहे हैं। मैंडेलसन को सिर्फ नौ महीने में पद से हटा दिया गया था। इस गलत फैसले के कारण अब स्टार्मर को अपनी कुर्सी बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

दस्तावेजों के अनुसार, नियुक्ति से पहले नवंबर 2024 में मैंडेलसन ने तत्कालीन विदेश मंत्री डेविड लेमी को एक नोट लिखा था। इसमें उन्होंने वादा किया था कि सरकार को उन्हें नियुक्त करने पर कभी



पछतावा नहीं होगा। मैंडेलसन ने लिखा था, ट्रंप प्रशासन के साथ ब्रिटेन के हितों को संभालना एक बेहद मुश्किल काम होगा। इसके लिए सुपर-ह्यूमन कौशल, किस्मत और एक बड़ी टीम की जरूरत होगी। इसके अगले ही महीने उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी गई।

मार्च में जारी हुई फाइलों की पहली खेप से खुलासा हुआ था कि मंत्रियों को पहले ही चेतावनी दी गई थी। मैंडेलसन की यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से दोस्ती सरकार के लिए प्रतिष्ठा का जोखिम बन सकती थी।

बाद में यह भी सामने आया कि मैंडेलसन सुरक्षा जांच में फेल हो गए थे, फिर भी उन्हें राजदूत बना दिया गया। इस खुलासे के बाद स्टार्मर और वरिष्ठ सिविल सेवकों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

## अफ्रीका में अमेरिकी वीजा दूतावासों में भारी कटौती

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ट्रंप प्रशासन की प्रवासन को सीमित करने और अस्थायी वीजा के दुरुपयोग को रोकने की नीति के तहत जून महीने में अफ्रीका में वीजा प्रोसेस करने वाले दूतावासों की संख्या को करीब 50 से घटाकर केवल 20 क्षेत्रीय केंद्रों तक सीमित करने जा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा मंजूर इस नए निर्देश के कारण अब उन देशों के नागरिकों को वीजा इंटरव्यू के लिए दूसरे देश की यात्रा करनी होगी जहां केंद्र बंद हो रहे हैं, जिससे उनका खर्च और परेशानी काफी बढ़ जाएगी। हालांकि, प्रभावित देशों में अमेरिकी दूतावास पूरी तरह बंद नहीं होंगे और वे अपने नागरिकों की मदद, पासपोर्ट रिन्यूअल तथा आपातकालीन सेवाओं का काम जारी रखेंगे, जबकि फुल वीजा प्रोसेसिंग के लिए लागोस, नैरोबी और जोहान्सबर्ग जैसे केवल 20 मुख्य शहर ही खुले रहेंगे।

## दो देशों के बीच ड्रग्स तस्करी के लिए खोदी सुरंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संघीय जांच एजेंसियों ने मेक्सिको से दक्षिणी कैलिफोर्निया तक फैली एक अत्याधुनिक भूमिगत सुरंग का भंडाफोड़ किया है। इसके

- लिफ्ट से लेकर रेल तक की सुविधा
- 427 करोड़ की कोकीन जब्त

साथ ही करीब 427 करोड़ रुपये की एक टन से अधिक कोकीन भी जब्त की है। अधिकारियों ने इसे एक शक्तिशाली मैक्सिकन ड्रग कार्टेल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई बताया है। कई महीनों तक चली निगरानी के बाद इस गुप्त तस्करी मार्ग का खुलासा हुआ, जो अमेरिका-मेक्सिको सीमा के पास स्थित एक कथित खुदरा स्टोर के नीचे से होकर गुजरता था। इस मामले में चार लोगों पर मादक पदार्थों की तस्करी समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं।

**रिटेल स्टोर के नीचे बनाई थी सुरंग**

यह भूमिगत सुरंग मेक्सिको के तिजुआना शहर से कैलिफोर्निया के ओटे मेसा पोर्ट ऑफ एंट्री के पास स्थित बाय 4 लेस नामक कथित स्टोर तक जाती थी। संघीय अधिकारियों के अनुसार, सुरंग की लंबाई करीब 1,933 फीट थी और यह जमीन से लगभग 55 फीट नीचे बनाई गई थी। इसमें मजबूत दीवारें, बिजली, वेंटिलेशन सिस्टम और रेल नेटवर्क भी मौजूद था। इस मामले में सैन डिएगो निवासी ग्रेगोरियो एपिफानियो हर्नांडेज लोपेज, मेक्सिको के ब्रैंडन एस्कालांते सैंडोवल, सैन डिएगो के जोस जिमेनेज और मेक्सिको के एंटोनियो कॉर्टेज पर आरोप लगाए गए हैं। हर्नांडेज लोपेज पर सीमा पार सुरंग के इस्तेमाल की साजिश और नियंत्रित पदार्थों के आयात की साजिश का आरोप है। वहीं, चारों आरोपियों पर नियंत्रित पदार्थों के वितरण की साजिश का मामला दर्ज किया गया है।

**भारी-भरकम सूटकेसों की आवाजाही ने बढ़ाया शक**

अमेरिकी अटॉर्नी एडम गॉर्डन ने कहा, इन आरोपियों के लिए सुरंग के आखिर में रोशनी नहीं थी, बल्कि पुलिस की लाइटें और सायरन थे। यह जांच होमलैंड सिक्योरिटी



टास्क फोर्स ने दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच की। एजेंसियों ने पाया कि बाय 4 लेस नामक व्यवसाय में ग्राहकों की आवाजाही बेहद कम थी और उसकी गतिविधियां सामान्य खुदरा कारोबार से मेल नहीं खाती थीं।

जांचकर्ताओं ने हर्नांडेज और अन्य लोगों को कई बार बड़े सूटकेस परिसर से बाहर ले जाते और अन्य संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होते देखा। तलाशी के दौरान अधिकारियों को 851 पैकेट मिले, जिनमें मौजूद पदार्थ की जांच में कोकीन होने की पुष्टि हुई। जब्त खेप में एक ट्रक से 286.2 किलोग्राम, दूसरे ट्रक से 469.4 किलोग्राम और एक वैन से 274 किलोग्राम कोकीन बरामद हुई। कुल मिलाकर लगभग 1,029.6 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई।

**ड्रग्स कार्टेल के लिए बड़ा झटका**

होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस (एचएसआई) सैन डिएगो के कार्यवाहक विशेष एजेंट प्रभारी केविन मर्फी ने कहा, यह कार्रवाई जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के लिए बड़ा झटका है। इस अत्याधुनिक सीमा-पार सुरंग का पता लगना और एक टन से अधिक कोकीन की बरामदगी एचएसआई और उसके साझेदारों की प्रतिबद्धता और समन्वय को दर्शाती है। स्टोर के अंदर जांचकर्ताओं को एक भंडारण कक्ष के फर्श के नीचे सुरंग का निकास मिला। अधिकारियों के अनुसार, सुरंग तक पहुंचने के लिए एक अत्याधुनिक हाइड्रोलिक लिफ्ट का इस्तेमाल किया जाता था। यह सुरंग स्टोर से अंतरराष्ट्रीय सीमा तक 1,000 फीट से अधिक दूरी तक जाती थी और फिर मेक्सिको में आगे बढ़ती थी।

**अब तक 99 भूमिगत सुरंगों को हुआ खुलासा**

अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल के सैन डिएगो सेक्टर प्रमुख जस्टिन डी ला टोरे ने कहा, आपराधिक संगठन लगातार सीमा का फायदा उठाने के नए तरीके खोजते हैं, लेकिन वे इसकी रक्षा करने वाले अधिकारियों के संकल्प को कम आंकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, 1993 से अब तक दक्षिणी कैलिफोर्निया में 99 भूमिगत सुरंगों का पता लगाया जा चुका है, जिनमें से 28 को अत्याधुनिक श्रेणी में रखा गया है। इस क्षेत्र में आखिरी सक्रिय सुरंग 2022 में मिली थी। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सीमा-पार सुरंगें मेक्सिकन ड्रग तस्करी संगठनों के लिए अमेरिका में मादक पदार्थ पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुकी हैं। इन सुरंगों में अक्सर बिजली, वेंटिलेशन और रेल प्रणाली जैसी उन्नत सुविधाएं होती हैं, जिनकी मदद से बड़ी मात्रा में ड्रग्स की तस्करी की जाती है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089